हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11 खेल



**शतरंज : सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज करूआना रहे शीर्ष पर**

Page 10 देश

**हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत भाजपा सरकार पर्दाफाश करेगी कांग्रेस : भूपेन्द्र हुड्डा**



शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • मंगलवार • 16 जुलाई 2024 • वर्ष 26 • अंक 216 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹73, 640 | ₹95,200 |



## आज का इतिहास

- 1981 : भारत ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1439 : इंग्लैंड में बीमारी फैलने के डर से चुंबन पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

## न्यूज बाइट्स

### मैट्रिक रजिस्ट्रेशन : पंजीयन शुल्क जमा करने के बाद आवेदन नहीं तो प्राचार्य जिम्मेवार

**पटना (नि.सं.)** । मैट्रिक वर्ष 2026 (सत्र 2025-26) में रजिस्ट्रेशन शुल्क तो स्कूल प्रशासन जमा कर देते हैं, लेकिन छात्र का आवेदन नहीं भरा जाता है। निर्धारित अवधि खत्म होने के बाद आवेदन की तिथि फिर से जारी करने को कहा जाता है। अब अगर कोई स्कूल पंजीयन शुल्क जमा करने के बाद आवेदन नहीं करेगा तो प्राचार्य जिम्मेवार होंगे। ऐसे छात्रों का आवेदन बाद में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसको लेकर बिहार बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और स्कूल प्रशासन को जानकारी दी है। इसके साथ ही बिहार बोर्ड ने रजिस्ट्रेशन की तिथि 15 से 29 जुलाई तक विस्तारित कर दी है। पहले यह तिथि 30 जून से 14 जुलाई तक निर्धारित थी। बोर्ड की मानें तो विद्यालय प्रधान द्वारा पंजीयन आवेदन के लिए शुल्क 15 से 26 जुलाई तक जमा किये जाएंगे। इसके बाद दो दिन यानी 27 से 29 जुलाई तक सभी छात्रों का आवेदन भरा जाएगा। आवेदन जमा करने के लिए तीन दिन अतिरिक्त दिये जाएंगे। अगर कोई स्कूल 26 जुलाई तक शुल्क जमा नहीं करेगा, तो इसके बाद शुल्क जमा नहीं होगा।

### बीपीएससी टीयर 3.0 परीक्षा : अब पेपर लीक कराना होगा मुश्किल

**पटना (नि.सं.)** । आगामी 19 जुलाई से 22 जुलाई के बीच होने वाले बिहार शिक्षक भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण (टीयर-3) को लेकर बीपीएससी ने बड़ी तैयारी की है। बिहार में लगातार हो रहे पेपर लीक की घटना को रोकने के लिए इस बार नया प्रयास किया जा रहा है। इस बार की परीक्षा में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस बार एक ही जिले में अलग-अलग केंद्र पर प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट रहेंगे। इसके अलावा प्रश्न पत्र सेट करने में भी काफी सावधानी बरती गई है। जहां से प्रश्न पत्रों की छपाई होती थी उसे भी इस बार बीपीएससी ने बदल दिया है। पुराने सभी परीक्षा केंद्रों को बदलने की भी संभावना है। तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में इस बार 5,81, 305 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

### डेंगू से बचाव के लिए आयुक्त ने सतर्कता बरतने के दिए निर्देश

**पटना (नि.सं.)** ।प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने डेंगू से बचाव के लिए जरूरी तैयारी करने का निर्देश प्रमंडल के सभी जिले के डीएम, स्वास्थ्य पदाधिकारियों, नगर निकायों व जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी समेत अन्य विभागों को दिए हैं। बारिश के बाद डेंगू के प्रसार की आशंका को देखते हुए उन्होंने आम लोगों से भी सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों से बचना जरूरी है। फिर भी अगर रैपिड किट से जांच पॉजिटिव मिले तो एक बार अस्पतालों में एलाइजा आधारित एनएस1 एवं आईजीएम कीट से जांच कराना चाहिए। यह जांच पूरी तरह से निःशुल्क होता है।

डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना को मजबूत करने का उद्देश्य

# भारत ने जी20 टास्क फोर्स की रिपोर्ट की जारी

- रिपोर्ट दुनिया भर में डीपीआई दृष्टिकोण और कार्यों की भविष्य की रूपरेखा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी
- ग्लोबल साउथ में डीपीआई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना।
- डीपीआई के माध्यम से सार्वजनिक सेवाओं में सुधार और आर्थिक प्रगति को गति देना।

एजेंसी | नयी दिल्ली



दुनिया भर में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) को मजबूत करने के उद्देश्य से जी 20 के लिए भारत के शेरपा अमिताभ कांत और नंदन नीलेकणी की सह अध्यक्षता वाली जी 20 टास्क फोर्स ने आज अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।

'आर्थिक परिवर्तन, वित्तीय समावेशन और विकास के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर भारत के जी20 टास्क फोर्स' द्वारा आज यहां अंतिम 'डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर भारत के जी20 टास्क फोर्स की रिपोर्ट' जारी की गई। टास्क फोर्स का नेतृत्व सह-अध्यक्षों - भारत के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत और इंफोसिस के सह-संस्थापक और अध्यक्ष तथा यूआईडीएआई (आधार) के संस्थापक अध्यक्ष नंदन नीलेकणी ने किया।

इस टास्क फोर्स के काम के कारण भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान डीपीआई की परिभाषा और रूपरेखा को स्वीकार किया गया था और इसे ब्राजील एवं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता के दौरान कार्यान्वयन के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। एक बहुत ही सफल जी-20 प्रेसीडेंसी और अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद, टास्क फोर्स की रिपोर्ट का उद्देश्य दुनिया भर में डीपीआई की नींव को मजबूत करना है। पूरी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

रिपोर्ट जारी करने के अवसर पर श्री कांत ने कहा, "भारत ने डीपीआई में एक अविश्वसनीय पोल वॉल्ट किया। हमने 9 वर्षों में वह हासिल किया जो डीपीआई के बिना 50 वर्षों में होता। आज भारत में, यूपीआई का उपयोग सड़क विक्रेताओं से लेकर बड़े शॉपिंग मॉल तक सभी स्तरों पर किया जाता है, जिसमें वैश्विक स्तर पर डिजिटल लेनदेन का प्रतिशत सबसे अधिक है, जो लगभग 46 प्रतिशत है। ये सभी भारत के लिए कोविड -19 महामारी से निपटने के लिए आधारशिला साबित हुए, चाहे वह 16 करोड़ लाभार्थियों के बैंक खातों में 4.5 अरब डॉलर का हस्तांतरण हो या मोबाइल पर डिजिटल वैक्सीन प्रमाणपत्रों के साथ दो वर्षों में दो करोड़ से अधिक टीकाकरणों का वितरण करना हो। हम डिजिटलीकरण के मामले में बहुत आगे हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि यह रिपोर्ट दुनिया के लिए मार्गदर्शक साबित होगी।

इस अवसर पर टास्क फोर्स के सह-अध्यक्ष श्री नीलेकणी ने कहा कि दुनिया भर की सरकारें और व्यवसाय तेजी से महसूस कर रहे हैं कि अगर वे वास्तव में सतत विकास लक्ष्यों और समावेशी विकास जैसे सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करना चाहते हैं, तो ऐसा करने के लिए उनके पास डीपीआई होना चाहिए। डीपीआई में नागरिकों के जीवन को नाटकीय रूप से बेहतर बनाने और शासन को बदलने की शक्ति है। यह भारत में हुआ है और इसकी शुरुआत आधार आईडी प्रणाली से हुई, जिसका उद्देश्य प्रत्येक भारतीय को एक डिजिटल पहचान प्रदान करना है। अब, लगभग 1.3 अरब भारतीयों के पास यह डिजिटल आईडी है और आधार के माध्यम से प्रतिदिन औसतन एक करोड़ ईकेवाईसी की सुविधा दी जा रही है। इस बीच, भुगतान में, यूपीआई मासिक 13 अरब लेनदेन की सुविधा देता है, जो लगभग 35 करोड़ व्यक्तियों और 5 करोड़ व्यापारियों की सेवा करता है और डीपीआई सक्षम प्रत्यक्ष हस्तांतरण ने केंद्र सरकार की योजनाओं में सरकार को 41 बिलियन डॉलर की बचत की है। इसलिए, यह अब एक विकल्प या विलासिता नहीं है, डीपीआई हमें जहाँ चाहिए वहाँ पहुँचने के लिए आवश्यक है। यह रिपोर्ट दुनिया भर में डीपीआई दृष्टिकोण और कार्यों के भविष्य की दिशा को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भारत की जी20 अध्यक्षता ने प्रमुख आर्थिक और विकासात्मक एजेंडे पर वैश्विक नीति चर्चा को निर्धारित करने और उसे आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। लोगों के विकास और सशक्तीकरण के लिए महत्वपूर्ण सक्षमताओं में से एक तकनीकी नवाचार और प्रौद्योगिकी-आधारित आर्थिक परिवर्तन है।

शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश, मुहर्रम की छुट्टी की बदली तारीख

# स्कूलों में 17 जुलाई को मुहर्रम की रहेगी छुट्टी

निज संवाददाता | पटना

बिहार के सामान्य स्कूलों में मुहर्रम की छुट्टी अब 17 जुलाई को होगी। पूर्व में घोषित अवकाश तालिका में 18 जुलाई की तिथि निर्धारित थी। क्योंकि मुहर्रम 17 जुलाई को है। इसलिए इसमें संशोधन किया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने सोमवार को आदेश जारी किया है। विभाग ने कहा है कि यह संशोधित तिथि सामान्य स्कूलों के लिए निर्धारित की गयी है। वहीं मुहर्रम के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए राजधानी पटना में 353 स्थानों पर दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की गई है। इनके साथ सशस्त्रऔर लाठी बल को भी रखा गया है। रविवार को डीएम डॉ. चन्द्रशेखर सिंह और एसएसपी राजीव मिश्रा की ओर से इनकी प्रतिनियुक्ति की गई है। दोनों अधिकारियों की ओर से संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। डीएम-एसएसपी ने मुहर्रम पर शांति-व्यवस्था के लिए अधिकारियों संग आयोजित बैठक में कहा कि भीड़ प्रबंधन, सुचारू यातायात और सुदृढ़ विधि-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पदाधिकारीगण सजग, तत्पर तथा प्रतिबद्ध रहें। क्षेत्रीय पदाधिकारी असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें। उन्होंने सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को क्रियाशील रखने तथा अफवाहों का खंडन करने को कहा। मुहर्रम के लिए जिला नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में 22 दंडाधिकारियों को रिजर्व रखा गया है। पटना सिटी नियंत्रण कक्ष में 10, दानापुर अनुमंडल में 13, मसौढ़ी अनुमंडल में 12 और पालीगंज में 09 रिजर्व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा चार क्विक रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया।

बैठक के दौरान डीएम-एसएसपी ने बाइकर्स गैंग पर विशेष निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। इसके लिए अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को सजग रहने एवं गश्ती करने का निर्देश दिया। इस वर्ष मुहर्रम का त्योहार 17 जुलाई को मनाया जा रहा है। उन्होंने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों की अतिरिक्त प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है।

## सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मिलेगी शैक्षिक सामग्री

**पटना (नि.सं.)**। सरकारी विद्यालयों में पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं को अब शैक्षिक सामग्री मिलेगी। जिनका विवरण आधार नंबर के साथ ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर अपलोड है, उन्हें ही सामग्री मिलेगी। शिक्षण सामग्री किट वितरण समारोह का आयोजन स्थानीय जन-प्रतिनिधियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में होगा। इसके तहत पहली कक्षा के प्रत्येक छात्र-छात्रा को एक स्कूल बैग, स्लेट के साथ एक ह्वाइट बोर्ड, 50 पीस चाक, ह्वाइट बोर्ड मार्कर के साथ तीन डस्टर, 12 रंगों का एक कलर सेट, एक ड्राइंग-बुक के साथ एक वाटर बोतल दी जाएगी। दूसरी कक्षा के प्रत्येक छात्र-छात्रा को दस नोटबुक, 10 पीस पेंसिल के साथ एक कटर, एक इरेजर, एक स्केल, एक पेंसिल बाक्स, एक ड्राइंग-बुक, कलर पेंसिल सेट के साथ एक वाटर बोतल मिलेगी। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, तीसरी कक्षा के प्रत्येक छात्र-छात्रा को सिंगल लाइन वाली तीन नोटबुक, फोर लाइन वाली तीन नोटबुक, गणित का तीन नोटबुक, 10 पीस पेंसिल के साथ एक कटर, एक रबर, एक स्केल, एक पेंसिल बॉक्स, एक ड्राइंगबुक, 12 रंगों के कलर पेंसिल का एक सेट एवं एक वाटर बोतल मिलेंगे। चौथी कक्षा के प्रत्येक छात्र-छात्रा को सिंगल लाइन वाली तीन नोटबुक, फोर लाइन वाली तीन नोटबुक, गणित का तीन सादी नोटबुक, तीन पीस पेन, 10 पीस पेन रिफिल, 12 रंगों का एक वाटर कलर सेट, एक पेंसिल बाक्स एवं एक वाटर बोतल मिलेंगे।

# कौशल विकास से नंबर एक राज्य बनेगा बिहार : मंत्री

निज संवाददाता



**पटना**। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि समाज की भलाई और उत्तरोत्तर विकास के लिए शिक्षा के साथ कौशल विकास जरूरी है। बिना युवाओं को कौशल से लैस किये राज्य का सतत विकास संभव नहीं है। इसलिए हमारी कामना है कि कौशल विकास के जिस मुहिम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुरू किया है, उस पर चलते हुए बिहार कौशल में भी नंबर वन बने। सोमवार को विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में आयोजित समारोह में मंत्री ने कहा कि कौशल विकास मिशन प्रदेश में मुख्यमंत्री के सात निश्चय योजना को जिस तरह से फलीभूत करने में समर्पित है और जिस तरह बिहार के युवाओं के कौशल विकास को इंडस्ट्री पार्टनर सामने आ रहे हैं, वह सराहनीय है। पिछले कुछ वर्षों में ऑनलाइन ध्रुवीकरण, आर्थिक असमानता सहित कई वैश्विक चुनौतियां सामने आई हैं। यह दिवस उन चुनौतियों से निपटने के लिए कुशल युवाओं की आवश्यकता के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा। श्रम विभाग के प्रधान सचिव डॉ. बी. राजेन्दर ने कहा कि बिहार कौशल विकास मिशन प्रदेश के युवाओं को हुनर, आत्मविश्वास और रोजगार से जोड़ने में परिपूर्णता का कार्य कर रहा है।

# बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् और डब्ल्यूआरआई के सहयोग से 9 प्रमंडलों में कार्यशाला का होगा आयोजन

निज संवाददाता | पटना



पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार 10 जुलाई को राज्य में पर्यावरण की स्थिति एवं इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों की समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निदेश के आलोक में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् डब्लूआरआई के सहयोग से राज्य में प्रमंडलीय स्तर पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यशाला राज्य के सभी 9 प्रमंडलों में क्रमवार आयोजित होगा। कार्यशाला के माध्यम से संबंधित हितधारकों यथा सरकारी अधिकारियों, अनुसंधान संस्थाओं, विषय-वस्तु के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों, अर्ध-सरकारी संगठनों एवं नागरिक समूहों के क्षमता विस्तार का प्रयास किया जायेगा ताकि बिहार राज्य के लिए जलवायु अनुकूल एवं न्यून कार्बन विकास पद्धति को राज्य में प्रभावी रूप से कार्यान्वित किया जा सके। इस कड़ी की पहली कार्यशाला कल 16 जुलाई से दरभंगा समहरणालय के सभागार में आयोजित किया जायेगा। इसके पश्चात द 18 जुलाई को प्रमंडलीय मुख्यालय पूणियां तथा 19 जुलाई को प्रमंडलीय मुख्यालय सहरसा में आयोजित होगा। ज्ञात हो कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी मंत्रालय द्वारा तैयार की गई "द् क्लाइमेट वलनरेबिलिटी एसेंसमेंट रिपोर्ट फोर अडाप्टेशन प्लैनिंग इन इंडिया" से ज्ञात होता है कि भारत में जलवायु परिवत्तन के दुष्प्रभाव से सबसे ज्यादा संवेदशील 50 जिलों में से 14 जिले बिहार में स्थित हैं। यह राज्य अनेक प्रकार के प्राकृतिक आपदाओं की आशंका से घिरा है। ऐसे में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि यह राज्य अपने आर्थिक विकास की कार्ययोजना में जलवायु परिवत्तन के प्रति अनुकूलन के पहलू को भी शामिल करे। साथ ही बिहार की वर्तमान स्थिति और उसके आर्थिक विकास की दिशा राज्य के सामने रोजगार और समृद्वि का एक न्यून कार्बनमुक्त मॉडल बनाने का अवसर भी प्रदान करती है। एक ऐसा अवसर जिसमें नई प्रोद्यौगिकी और नये आर्थिक प्रतिमान का ज्यादा इस्तेमाल हो। साथ ही बिहार के पर्यावरण और राज्य में रहने वाले लोगो के कल्याण के लिए सह लाभ भी प्राप्त हो।

उपरोक्त संदर्भ में वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन वाला देश बनने के भारत के लक्ष्य में योगदान के प्रति बिहार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। पिछले ढाई वर्षों के दौरान बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् ने संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और डब्लू.आर.आई. तथा अन्य संगठनों की तकनीकी सहायता से 20 से अधिक विभागों से जानकारी एकत्रित की है, साथ ही इस दौरान सभी 38 जिलों का दौरा किया एवं सम्पूर्ण प्रदेश में 350 से अधिक बैठकें आयोजित की तथा हितधारकों के साथ 30 परामर्श कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## राज्यसभा में बीजेपी की सीटें घटकर हुई 86 एनडीए बहुमत से दूर

**नई दिल्ली (ए.)**। राज्यसभा में भले ही बीजेपी की सीटें कम हो गई हैं, लेकिन मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए होने वाले उपचुनाव के बाद भाजपा और उसके सहयोगी दल ना सिर्फ हालिया नुकसान की भरपाई कर सकेंगे बल्कि अपनी स्थिति को और भी मजबूत कर लेंगे। एनडीए को बिहार, महाराष्ट्र और असम में दो-दो सीटें वहीं हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और त्रिपुरा में उसे एक-एक सीट जीतने का भरोसा है। सरकार की ओर से चार नए सदस्यों को मनोनीत भी किया जाना अभी बाकी है। आम तौर पर मनोनीत सदस्य सत्ता पक्ष के साथ होते हैं। हालांकि किसी भी पार्टी से खुद को संबद्ध करने या ना करने को लेकर वे स्वतंत्र होते हैं। वे पारंपरिक रूप से उस सरकार के एजेंडे का समर्थन करते हैं जो उन्हें मनोनीत करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने नीट पर हाई कोर्ट में लंबित याचिकाएं अपने पास की स्थानांतरित, 18 जुलाई को सुनवाई

एजेंसी | नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मेडिकल और कुछ अन्य विषयों में स्नातक स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18 जुलाई को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी।

पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका (उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में) को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया। पीठ ने कहा, 'हम गुरुवार को इस पर विचार करेंगे। एनटीए के अधिवक्ता ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को स्थानांतरण याचिका में नोटिस जारी करना चाहिए, क्योंकि राजस्थान उच्च न्यायालय इस मामले में आगे की सुनवाई करने जा रहा है। इस पर पीठ ने विभिन्न संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया और इसे अपने समक्ष लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ दिया। शीर्ष अदालत वर्तमान में देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष तथा अन्य कुछ संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा 5 मई को आयोजित की गई नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में कहा था कि आईआईटी मद्रास के संबंधित विशेषज्ञों द्वारा नीट के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

## चांदी ने ग्राहकों को दी राहत

**पटना(नि.सं.)**। स्थानीय पटना सर्राफा बाजार में सोमवार को व्यापारिक कामकाज में चांदी ने राहत दी। चांदी 500 रुपये प्रति किलो की गिरावट दर्ज कर 91 हजारी हो गयी। चांदी ने 91,000 रुपये प्रति किलो की दर पर कारोबार किया। इसके विपरीत सोना में कायम खामोशी यथावत बनी रही। सोना का भाव पूर्ववत ठहरने के उपरांत सोना बिठूर 73,000 रुपये व 22 कैरेट 72,850 रुपये प्रति दस ग्राम की दर पर यथावत कायम रही। शादी-ब्याह के सीमित मौसम में सोने-चांदी में कायम विपरीत हालत को व्यापारिक वर्ग वैश्विक बाजार के हलचल का प्रभाव मान रहे हैं। बाजार विशेषज्ञ सोने चांदी में कायम उतार-चढ़ाव के बीच आने वाले समय में धातुओं में और राहत मिलने की उम्मीद लगाए हुए है।

बिहार में लगेंगे 5 लाख 50 हजार पौधे, हर वार्ड में पांच पौधे लगाने का लक्ष्य

# देखभाल करने वाले को मिलेंगे 32 हजार 400 रुपए : पंचायती राज मंत्री

निज संवाददाता | पटना



बिहार के हर वार्ड में नीम, बरगद, पीपल, महुआ जैसे पौधे लगाए जाएंगे। बिहार में 15 सितंबर तक 5 लाख 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार में वन क्षेत्र बढ़ाने के साथ-साथ पुराने पंचायत की तस्वीर पेश करने की यह कोशिश है। पंचायती राज मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने बताया कि गांव को सुशासित बनाने जा रहे हैं। 9 थीम पर काम चल रहा है। पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त बनाने जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि सोनपुर में संसाधन केंद्र खोला गया। हर वार्ड में पांच पौधे लगेंगे। गांव को असहाय लोगों को 5 पौधे दिए जाएंगे। उन्हें 6 साल तक प्रति महीना 450 रुपए दिए जाएंगे। यानी 6 साल में देखभाल करने वाले को 32 हजार 400 रुपए मिलेंगे। वही पांचों पौधे को संरक्षण देंगे। उन्होंने आगे बताया कि बड़े और फलदार वृक्ष के पौधे लगाए जाएंगे। मंत्री ने जानकारी दी कि बिहार में कुल 16 पंचायत संसाधन केंद्र बनाए जा रहे हैं। इसमें से 12 बनकर तैयार हैं। चार बनने वाले हैं। इन सेंटर्स पर बिहार के पंचायत जनप्रतिनिधियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। अभी मास्टर ट्रेनर को ट्रेनिंग दी जा रही है। 2 लाख 45 हजार जन प्रतिनिधियों की ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है। केदार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार ने आईपीसी धारा के स्थान पर नया धारा लागू किया है। केंद्र द्वारा जारी नए धाराओं की भी ट्रेनिंग दी जाएगी।

मंत्री ने बताया कि पंचायत संसाधन केंद्र पर 40 लोगों की ठहरने की व्यवस्था है। वैसे जनप्रतिनिधि जो ट्रेनिंग लेंगे, उन्हें ठहराया जाता है। पंचायत संसाधन केंद्र के सभागार में एक बार में 80 लोग बैठ सकेंगे। यह ट्रेनिंग स्थाई रूप से दी जाती है। रविवार और सरकारी छुट्टी वाले दिन को छोड़, हर दिन ट्रेनिंग दी जाती है।

**खान एवं भू-तत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार ने सभी जिलों को दी 15 दिनों की डेडलाइन**

# थियोडोलाइट और ड्रोन से बिहार में होगी बालू स्टॉक की जांच

- 15 जून से 15 अक्टूबर तक मानसून के दौरान नदियों से बालू खनन पर रोक।
- प्रत्येक 15 दिनों में जांच कर रिपोर्ट जमा करने के निर्देश।

निज संवाददाता | पटना



खान एवं भू-तत्व विभाग जिलों में उपलब्ध बालू खनिज के स्टाक की जांच थियोडोलाइट से करेगा। बालू की वास्तविक उपलब्धता और इसकी चोरी करने के लिए विभाग ने यह कदम उठाया है। खान एवं भू-तत्व विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार ने सभी जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।

राज्य की नदियों से बालू का खनन फिलहाल बंद है। मानसून को देखते हुए पूर्व से बने नियमों के तहत नदियों से बालू खनन पर 15 जून से 15 अक्टूबर के लिए नदियों से बालू खनन पर रोक है।

बालू खनन पर रोक की अवधि में जिलों में उपलब्ध बालू के स्टॉक से निर्माण एजेंसियों से लेकर आम लोगों के लिए बालू की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है, लेकिन जिलों में उपलब्ध सरकारी बालू की चोरी न हो और इसकी सही मात्रा की जानकारी राज्य मुख्यालय के पास रहे इसके लिए विभाग कई कदम उठा रहा है।

खान एवं भू-तत्व विभाग के अनुसार, शासन का निर्णय हुआ है कि जिलों में उपलब्ध स्टाक का आकलन थियोडोलाइट से किया जाएगा।

### क्या है थियोडोलाइट?

थियोडोलाइट इस प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है जो छोटे टेलीस्कोप की तरह दिखता है। इसका मूल कार्य किसी चीज की स्केलिंग करना होता है।

विभाग ने अपने निर्देश में कहा है कि थियोडोलाइट के साथ ही बालू की उपलब्धता का आकलन ड्रोन से भी करें। इस कार्य को प्रत्येक 15 दिनों में करने के निर्देश दिए गए हैं और रिपोर्ट तलब की गई है।

नियमों की अनदेखी कर नौकरी देने का आरोप

# लैंड फॉर जॉब केस, कोर्ट ने दो सप्ताह का दिया समय, 31 जुलाई को होगी सुनवाई

निज संवाददाता | पटना



लैंड फॉर जॉब मामले में 15 जुलाई को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और अन्य सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मंजूरी के सवाल पर दो हफ्ते के भीतर फैसला करने के लिए सक्षम अधिकारी को कहा है। सीबीआई की ओर से दायर निर्णायक आरोप पत्र कंसिडरेशन के स्टेज में है। लैंड फॉर जॉब मामला उस समय का है, जब लालू प्रसाद रेल मंत्री थे। आरोप यह लगा कि नियमों की अनदेखी कर रेलवे में नौकरियां दी गईं। इसके बदले में जमीन लिखवाई गई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कुछ अन्य दस्तावेजों को जमा करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने 15 जुलाई का दिन तय किया था। माना जा रहा है कि इस मामले में लालू परिवार की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। बिहार में सरकार बदलते ही लैंड फॉर जॉब्स मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। ईडी और सीबीआई दोनों जांच एजेंसियों का शिकंजा लालू परिवार पर कसता जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

## स्वस्थ रहना है तो अधिक से अधिक लगाएं पौधे- मुखिया एहतेशाम



**नरहट (नवादा)** । सोमवार को नरहट प्रखण्ड अंतर्गत नरहट पंचायत के मुखिया एहतेशाम कैसर उर्फ गुड्डु ने पौधारोपण किया। इस दौरान मदनपुर टोला में पौधा लगाकर लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। मुखिया ने बताया कि हम अपने पंचायत के विभिन्न गांवों में करीब 8 यूनिट पौधा लगा लगवा चुके हैं।उन्होंने बताया कि मनरेगा योजना से इच्छुक लोगों के खेत में पौधा लगाने का काम किया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि लगभग 5 यूनिट पौधा और लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक यूनिट में दो सौ पौधा होते हैं। मुखिया ने कहा कि पेड़ पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। फल फूल की प्राप्ति भी इस पेड़ पौधे से ही होती है। पेड़ पौधों से हमे ऑक्सीजन की प्राप्ति होती है। जो हमे जीवित रखने के लिए बहुत आवश्यक है। कई पड़े पौधों की छाल हमें औषधि बनाने के भी काम आते हैं। इधर उत्क्रमित हाई स्कूल दायबिगहा में भी धरा मांगे हरियाली कार्यक्रम के तहत शिक्षिका सरलता कुमारी आदि ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर लोगों को अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। ओजोन परत प्रभावित होने से लोगों को दुष्प्रभाव झेलने पड़ रहे हैं। अभी से हमें जागरूक होकर अधिक से अधिक पौधे लगाकर आने वाले पीढ़ी को विरासत में हम स्वस्थ पर्यावरण सौप सकते हैं।

## मोहर्रम को लेकर पुलिस किया फ्लैग मार्च




**पकरीबरावां** । मुहर्रम पर्व को लेकर थाना क्षेत्र में शांति का संदेश लेकर पकरी बरमा के थाना अध्यक्ष अजय कुमार वीडियो धनंजय कुमार एवं सीओ के नेतृत्व में पुलिस फ्लैग मार्च किया गया। थानाअध्यक्ष अजय कुमार ने बताया की मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर पकरीबरावां के मोहनविगहा से राइस मोर होते हुए पकरी गांव तक दर्जनों पुलिस के साथ मार्च किया गया जिसमें एसएसबी एवं नवादा पुलिस बल सम्मिलित थे। इन्होंने कहा कि मोहर्रम पर्व में खासकर जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन का पैनी नजर रहेगा शांति भंग करने वाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा बाजार से लेकर विभिन्न चौक चौराहा पर पुलिस की तैनाती रहेगी। साथ ही जुलूस के दौरान ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी किसी तरह का अशांति पैदा करने वाले को चिन्हित कर त्वरित करवाई करते हुए जेल का हवा खाना पड़ेगा।

## 35 मरीजों का इलाज कर उपलब्ध कराई दवाइयां

**गया।** मगध होमियोपैथिक मेडिकल एसोसिएशन गया की ओर से बुनियादगंज थाना क्षेत्र के कुकरा स्थित मगध होम्योपैथिक अस्पताल में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इस शिविर में 35 मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवा भी दी गई। संघ के सचिव डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि प्रत्येक रविवार को इस केन्द्र पर मरीजों का निःशुल्क चिकित्सा व दवा वितरण किया जाता है। आज के सत्र में संघ के अध्यक्ष डॉ. एस प्रसाद एवं संगठन मंत्री डॉ. बीबी मेहता की देखरेख में मरीज देखा गया।

## 4 वारंटियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**डुमरिया।** प्रखंड अंतर्गत बोधिबीघा थाने कि पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग गांव से चार वारंटी को गिरफ्तार कर जल भेज दिया। इस संबंध में स्थानीय थाना अध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि बलिया गांव से सुमित साव, धनंजय साव, गुरु साव और मौहुडी गांव से अर्जुन साव को गिरफ्तार कर किया गया है। धन बताया क्या सही पर कोर्ट से वारंट निर्मित किया गया था। इसके बाद आगे आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बाइक सवार ने रेलवे ओवरब्रिज स्थित स्ट्रीट लैंप में मारी ठोकर

**मानपुर।** शहर के नई सड़क तिमुहानी मोड़ हनुमान मंदिर के पास करीब दो सौ वर्ष पुराना वट वृक्ष रविवार की शाम जड़ से उखड़ कर गिर गया। विशाल वृक्ष के गिरने से आसपास के तीन-चार मकानों को क्षति पहुंची है, साथ ही वट वृक्ष के पास का मंदिर भी क्षतिग्रस्त हो गया है। वृक्ष के गिरने से बिजली का खंभा तार सहित अब सड़क पर लटक रहा है। गनीमत है कि उस समय बिजली की सप्लाई ठप थी, नहीं तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह वट का वृक्ष सैकड़ों वर्ष पुराना है। करीब डेढ़ से दो सौ वर्ष तो निश्चित हो गए है। वट वृक्ष के छांव में कई दुकानें भी संचालित थी, पर सिर्फ मकान व बिजली के पोल को ही क्षति पहुंची है। किसी भी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। गयापाल समाज के छोटू बारिक ने बताया कि वृक्ष के गिरने के बाद से पूरे इलाके में बिजली की सप्लाई ठप पड़ गई है। बिजली विभाग को सूचना दी गई है। कहा कि वृक्ष के गिरने से मंदिर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है, साथ ही आसपास के मकान भी क्षतिग्रस्त हुए है। जानकारी हो कि हाल के दिनों में मेला क्षेत्र में पेड़ गिरने की यह दूसरी घटना है। पहली घटना विष्णुपद द्वार के पास हुई थी, जहां पर भी एक बड़ा पेड़ गिर गया था, जिसके कारण मंदिर आने-जाने में लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी, वहीं दो से तीन दिनों तक बिजली की सप्लाई भी प्रभावित रही।

## बाइक सवार ने रेलवे ओवरब्रिज स्थित स्ट्रीट लैंप में मारी ठोकर

**मानपुर।** मुफस्सिल थाना अंतर्गत एनएच 82और एसएच 4 को जोड़ने वाले रेलवे ओवरब्रिज पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन आननफानन में गंभीर रूप से जख्मी युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए। जख्मी युवक की पहचान अबगिल्ला पहाड़तल्ली निवासी नन्हका मांझी के बेटा राहुल कुमार के रूप में हुई।घटना रविवार सुबह 9बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार दो युवक तेजी से बुनियादगंज थाना के तरफ से आ रहे थे। तभी आरओबी पर सामने से आ रही स्कॉर्पियो की रफ्तार से चकमा खा कर अनियंत्रित हो गए और स्ट्रीट लैंप पोस्ट संख्या 8 से जा टकराए।उनकी माने तो टक्कर इतना जोरदार था की पोल सहित बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# स्कूल से 20 में से 10 लैपटॉप की चोरी

निज संवाददाता। गया



♦ 2 कुछ दिन पहले ले गए थे चोर और अब फिर से 8 गायब, जांच रिपोर्ट देने के आदेश

गया के बाराचट्टी के झाझ पंचायत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में बीते दिनों 8 कंप्यूटर की चोरी हुई थी। मामला अब तूल पकड़ने लगा है। मामला गरमाने का कारण स्कूल के कम्प्यूटर लैब से दो बार लैपटॉप की चोरी है। पहली बार एक वर्ष पूर्व दो लैपटॉप चोरी हुए थे। दूसरी बार बीते बुधवार को चोरी हुई जिसमें एक साथ 8 लैपटॉप चोर चुरा ले गए जबकि उस कम्प्यूटर लैब में 20 लैपटॉप थे। उसमें से 8 को चोर चुरा ले गए और 12 छोड़ गए। मामले में अब शिक्षा अधिकारी सख्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस मामले की जांच कर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है।

**गार्ड और प्रिंसिपल एक दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहेः** स्कूल के रात्रि प्रहरी की तैनाती के बाद भी ऐसी घटना हो रही है। रात्रि प्रहरी के अनुसार चोरी उसकी उपस्थिति में नहीं होती है। चोरी तब होती है जब वह अपनी ड्यूटी ऑफ कर चला जाता है। यानी चोरी रात में नहीं बल्कि दिन में होती है। इतना ही नहीं उसका यह भी कहना है कि कम्प्यूटर की चोरी कैसे हुई या फिर चोरी हुई ही नहीं या मामला कुछ और ही है। इस बात की जानकारी तो स्कूल प्रिंसिपल व शिक्षक ही बेहतर दे सकते हैं। वहीं स्कूल प्रिंसिपल का कहना है कि स्कूल की सुरक्षा की जिम्मेदारी गार्ड के ऊपर होती है। वही बता सकते हैं कि चोरी कब और कैसे हुई। पूरे मामले में स्कूल का गार्ड और प्रिंसिपल दोनों एक दूसरे के ऊपर आरोप लगा रहे हैं।

**जांच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कर रहेः** जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि पूरे मामले की जांच प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कर रहे हैं। जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। विद्यालय में कई तरह की अनियमितता की भी शिकायत मिली है। जिसकी जांच की जा रही है।

**ड्यूटी खत्म कर गया था तो ताला सही सलामत थाः** मालूम हो कि बीते गुरुवार को विद्यालय प्रभारी स्कूल पहुंचे तो देखा कि कंप्यूटर रूम का ताला टूटा हुआ है और आठ कंप्यूटर गायब है। इसके पूर्व भी दो कंप्यूटर की चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में स्कूल के रात्रि प्रहरी रामविलास यादव ने बताया कि उनके ड्यूटी के दौरान यह घटना नहीं घटी है। ड्यूटी खत्म करके जब अपने घर लौट रहे थे उस समय तक यह घटना नहीं हुई थी। लैब रूम का ताला सही सलामत था।

**नवंबर में 20 कंप्यूटर मिले थेः** इस संबंध में विद्यालय प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि नवंबर 2023 में विद्यालय को 20 कंप्यूटर मिले थे। इनमें से दो कंप्यूटर की कुछ महीने पहले चोरी हुई थी। जबकि आठ कंप्यूटर गुरुवार की रात चोरी कर कर ली गई। वहीं, बाकी बचे 10 कंप्यूटर को विद्यालय के कार्यालय में रख दिया गया है।

**स्कूल में 640 बच्चे हैं पर उनके बैठने के लिए ढंग से बेंच नहींः** मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। सूत्रों का कहना है कि स्कूल के बाहर में लोहे के गेट का दरवाजा बंद था और अंदर लैब रूम का ताला तोड़कर कंप्यूटर की चोरी की गई है। यह कैसे सम्भव है। हालांकि बाराचट्टी पुलिस रात्रि प्रहरी से पूछताछ की है। सूत्रों का कहना है कि इस स्कूल में 640 बच्चे हैं पर उनके बैठने के लिए ढंग से बेंच नहीं हैं।

## गया में सड़क हादसे में युवक की मौत, बाइक सवार शख्स ने मारी थी टक्कर

निज संवाददाता। गया



गया जिले के गेहलौर थाना क्षेत्र के गेहलौर मांझी टोला के पास बाइक की चपेट में आने से प्रकाश मांझी की उपचार के दौरान रविवार शाम मौत हो गई। प्रकाश मांझी देर रात यूरिन पास करने के लिए कमरे से निकल कर सड़क पर आया था तभी बाइक सवार ने धक्का मार दिया। हालांकि इस घटनआ में बाइक सवार भी जख्मी है। उसका इलाज मगध मेडिकल कालेज अस्पताल में चल रहा है। घटना स्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि प्रकाश मांझी जैसे ही घर से बाहर निकल कर सड़क पर आया कि गया की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही मोटरसाइकिल ने धक्का मार दिया। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। मोटरसाइकिल चालक भी जख्मी हो गया। इसकी सूचना डायल 112 की पुलिस को दी गई डायल 112 की पुलिस दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरी ले गए। वहां से उसे मगध मेडिक्ल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**बाइक सवार युवक जख्मीः** प्रकाश के परिजनों ने बताया कि उपचार के दौरान रविवार को करीब 3 बजे मौत हो गई। मृतक प्रकाश मांझी मेडिकल थाना क्षेत्र के दीन दयाल नगर का रहने वाला था। वह अपनी ससुराल गेहलौर मांझी टोला में दो दिन से गया हुआ था। गहलोर थाना के सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि मोटरसाइकिल की टक्कर से मेडिकल थाना क्षेत्र के दीनदयाल नगर के रहने वाला प्रकाश की मौत हो गई है। वही मोटरसाइकिल चालक राकेश कुमार भी बुरी तरह जख्मी है। उसे गया रेफर कर दिया गया है। मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना लाया गया है। मृतक के पिता चनारिक मांझी के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# जमीन कारोबारी की गला दबाकर हत्या

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में जमीन कारोबारी की गला दबाकर हत्या कर दी गई। शव रविवार देर शाम सरमेरा थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग के धनावां डीह गांव के सड़क किनारे से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान अस्थावां थाना क्षेत्र के नोआवां गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद उर्फ अयोध्या प्रसाद के 45 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार उर्फ वीरेंद्र प्रसाद के रूप में की गई है। वर्तमान में वीरेंद्र प्रसाद बिहार थाना क्षेत्र के वैगनाबाद मोहल्ला में परिवार के साथ रह रहे थे। मृतक के ममेरे भाई परेश पटेल ने बताया कि प्रभात कुमार जमीन का कारोबार करते थे। उनके एक साथी के यहां 7 लाख 58 हजार बाकी था। हाल के दिनों में पंचायती हुई थी। इसी महीने रुपए देने की बात कही गई थी। रविवार की शाम दो व्यक्ति ने जमीन दिखाने की बात कह कर घर से बुलाया, उन्हें राजगीर ले जाया गया। परिजन आशंका व्यक्त कर रहे हैं उन्हीं दो व्यक्तियों ने गला दबाकर प्रभात की हत्या कर दी है और शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया है। सरमेरा थाना अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ है। पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। जहां मृतक के पास से मिले पहचान पत्र के आधार पर पहचान की गई।

# मां ने पढ़ाई के लिए डांटा..बेटी ने किया सुसाइड, नालंदा में इलाज के दौरान मौत

निज संवाददाता। नालंदा



● मामा बोले- अगले साल मैट्रिक का एग्जाम देने वाली थी

नालंदा में एक नाबालिग ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली। मामला परवलपुर थाना क्षेत्र के अलावां गांव का है। मृतका की पहचान अलावां गांव निवासी रंजीत रविदास की बेटी नेहा कुमारी (15) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतका के मामा ने बताया कि शनिवार की शाम नेहा को उसकी मां ने पढ़ने के लिए कहा। इस दौरान मां ने डांटा भी। इसके बाद उसने गुस्से में आकर घर में रखा जहर की गोली खा ली, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में घर वालों ने इलाज के लिए बिहार शरीफ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गई।

**अगले साल देने वाली थी मैट्रिक का एग्जामः** मामा ने बताया कि नेहा अगले साल मैट्रिक का एग्जाम देने वाली थी, इसलिए मां पढ़ने का दबाव बनाती थी। नेहा दो भाई और एक बहन थी।

**क्या बोली पुलिसः** घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। जिसके बाद अस्पताल पहुंची लहेरी थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामला परबलपुर थाना क्षेत्र की है। इसलिए घटना की जानकारी संबंधित थाने को दे दी गई है।

# बेटी के जन्मदिन के लिए मांगे कर्ज के पैसे...मारी गोली:रिश्तेदार को एक साल पहले दिए थे 20 हजार रुपए

निज संवाददाता। नालंदा




♦ घर से पानी लेने निकली महिला की हत्या

नालंदा में कर्ज के रुपए मांगने पर महिला की सीने में गोली मारकर रिश्तेदार ने हत्या कर दी। मृतका मंसूर नगर निवासी संतोष चौधरी की (35) वर्षीया पत्नी सुलेखा देवी है। जो 17 जुलाई को अपनी बेटी का जन्मदिन मनाना चाहती थी। इसके लिए पैसे की जरूरत थी। महिला ने एक साल पहले अपने रिश्तेदार को उधार में 20 हजार दिए थे। आज सुबह मांगने गई थी। पर उसे पैसे नहीं मिले। महिला का घर पहाड़ पर है। इस कारण पानी आसानी से नहीं मिलता। पानी लाने के लिए जब वो पहाड़ से नीचे उतरी तो फुफेरे देवर धारो चौधरी ने सामने से गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी फरार है। परिजनों ने आक्रोश में आकर आधे घंटे तक सड़क जाम किया। घटना सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत मंसूरनगर मोहल्ले का है।

**अस्पताल पहुंचते ही तोड़ा दमः** गोली लगने के बाद महिला को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया था। जहां पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद आक्रोशित परिजन लाश को बीच सड़क ले गए और सड़क जाम कर दिया। सड़क से गुजरने वाले हर वाहनों को उन्होंने रोकवा दिया। इस वजह से वाहनों की कतार लग गई। मृतका के दो बेटे और 2 बेटियां हैं।

**पुलिस के आने के बाद मामला शांत हुआः** हत्या और सड़क जाम की सूचना पर सोहसराय, लहेरी और बिहार पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशितों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल ले गए। सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि पैसे के लेनदेन में हत्या की बात सामने आ रही है। पुलिस मामले में अनुसंधान कर रही है। शव के पोस्टमॉर्टम कराने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

## बाल सुधार गृह में लड़के की मौत

निज संवाददाता। गया



गया में बीते 6 माह से बाल सुधार गृह में बंद एक लड़के की मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। वो बीते कुछ दिनों से बीमार था। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांधी नगर निवासी नंदू है। वह आर्म्स एक्ट में बंद चल रहा था। गौरतलब है कि बीते सप्ताह बाल सुधार गृह के कुछ बच्चे डिहाइड्रेशन के शिकार हो गए थे। उन सभी बच्चों को मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन बच्चों में नन्दू भी शामिल था। नंदू को उसके परिजन अस्पताल से जबरन निजी नर्सिंग होम में ले गए थे। जहां पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज कराया गया था। बाल सुधार गृह के अफसर लवलेश सिंह ने बताया कि बीमारी से मरने वाले लड़के का बीते कुछ दिनों से इलाज चल रहा था। उसके परिजनों ने अपनी इच्छा के मुताबिक निजी नर्सिंग होम में इलाज कराया था। उसके बाद वह वापस बाल सुधार गृह आ गया था, लेकिन उसकी एक बार फिर से दो दिन पहले तबीयत खराब हुई। उसे पेट दर्द की शिकायत थी। मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद उसे सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। रविवार की शाम उसकी फिर से तबीयत खराब हुई और उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। उसके लंग्स में पानी भर गया था। देर रात उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के भाई चंदन पासवान ने बताया कि हमलोग अपने भाई का निजी नर्सिंग अस्पताल में इलाज कराना चाहते थे।

## नालंदा में 85 टैक्स डिफॉल्टर वाहन होंगे जब्त, बकाया टैक्स जमा करने के लिए एक सप्ताह की दी गई है मोहलत

निज संवाददाता। नालंदा




नालंदा में बकाया टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहन मालिकों की अब खैर नहीं हैं। डिफॉल्टर घोषित वाहनों को जब्त किया जाएगा। इसके लिए जिला परिवहन कार्यालय ने डिफॉल्टर मालिकों को नोटिस भेजा गया है। एक सप्ताह में हर हाल में टैक्स जमा करने की मोहलन वाहन मालिकों को दी गयी है। तय डेडलाइन तक बकाया टैक्स का भुगतान न करने पर डिफॉल्टर घोषित वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। परिवहन विभाग की इस कार्रवाई के बाद वाहन मालिकों में हड़कंप मच गया है। नालन्दा डीटीओ अनिल कुमार दास ने बताया कि बड़े बकायेदारों में बस मालिक, गुड्स कॅरियर से लेकर ट्रासंपोर्टर तक शामिल हैं। ऐसे 85 वाहनों की सूची तैयार की गयी है, जो टैक्स का भुगतान न करने के कारण डिफॉल्टर की श्रेणी में आ गये हैं। हद तो यह कि कुछ वाहन मालिक ऐसे भी हैं, जिनके यहां कई वाहनों का लाखों रुपया टैक्स बकयाा है। नोटिस देकर मालिकों को अंतिम मोहलत दी गयी है। जुर्माने के साथ टैक्स पैसा जमा करना होगा। प्रिंस राज,राजू कुमार,ओम प्रकाश,शिव कुमार, किशोर, बासुकीनाथ,संजय प्रसाद,अक्षय कुमार,संतोष कुमार,अभिषेक कुमार,शुभम कुमार,अमरेंद्र कुमार यादव, सुलेखा कुमारी, अमरेंद्र कुमार यादव,अमरेंद्र कुमार यादव, सुधीर कुमार, अमरेंद्र कुमार यादव, उपेंद्र सिंह, राजीव कुमार,डायरेक्टर राजगीर जू, पिन्टू कुमार,सन्तु कुमार, मन्तु कुमार, मो० चाँद, सुरेश प्रसाद, शशि भूषण कुमार, सुलेखा देवी, शिशुपाल श्रीवास्तव, एम/एस मुकेश प्लास्टिक, मिथिलेश कुमार, सफर एक्सप्रेस, प्राइवेट सफर एक्सप्रेस, प्राइवेट सफर एक्सप्रेस, प्राइवेट जीवन कुमार, मोहिनी देवी, एजुकेशन मोहिनी देवी, एजुकेशन अभिषेक कुमार सिंह, मोहिनी देवी, एजुकेश नरोहित राज मोहिनी देवी, एजुकेशन मोहिनी देवी, एजुकेशन ई.ओ. नगर परिषद,अभिषेक कुमार सिंह, सविता कुमारी, प्रमिला देवी, आदि शक्ति ट्रांसपोर्ट, आदि शक्ति ट्रांसपोर्ट, कुमार श्रीधर कुमार श्रीधर, मनोज कुमार, कुमार श्रीधर, कुमार श्रीधर, शिवशंकर कुमार, गोपाल कृष्ण रविचन्द, कुमार राजेश सिंह, राजेश सिंह, अजय कुमार,उत्तम वेंचरउत्तम, वेंचरउत्तम, वेंचरउत्तम, वेंचर चुन्नू, कुमार रंजीत, मोहिनी देवी, एजुकेशन कमलेश कुमार, पुनम कुमारी, पूनम कुमारी, राजेश सिंह, प्रताप मेटल्स, अभिषेक कुमार सिंह, नालन्दा माइनॉरिटी, कौशल कुमार यादव, कौशल कुमार यादव, संजय कुमार वर्मा, डायमंड ऑटोमोबाइल, सुनीत, कुणाल,अमरेंद्र कुमार यादव, अमरेंद्र कुमार यादव, अमरेंद्र कुमार यादव, प्रताप इंडस्ट्रीज, चन्दन कुमार, कुन्ती देवी, अमरकान्त कुमार एवं किसान सेवा केन्द्र।

## बोधगया ट्रैवल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने संदीप कुमार, बोले- सभी को एकजुट करने का प्रयास करेंग

निज संवाददाता। गया



❒ सचिव पद पर राजीव रंजन कुमार की जीत

बोधगया ट्रैवल एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर संदीप कुमार की जीत हुई है। बोधगया स्थित एक निजी होटल में वोटिंग प्रक्रिया संपन्न हुई। राजीव रंजन कुमार सचिव और दीपक कुमार सिन्हा को कोषाध्यक्ष चुना गया है। जीत की घोषणा होते ही समर्थकों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को फूल-मालाओं से लाद दिया। संदीप कुमार को 47 में से 34 मत मिले, जबकि राजीव रंजन कुमार को 24 वोट मिले।

**समस्याओं का प्रमुखता से समाधान किया जाएगाः** नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि कई वर्षों के बाद वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न हुई है। ट्रैवल एसोसिएशन से जुड़े लोगों की समस्याओं का प्रमुखता से समाधान किया जाएगा। इसके लिए तमाम लोगों को एकजुट करने का प्रयास करेंगे। साथ ही जिला प्रशासन, बिहार सरकार और भारत सरकार से जुड़कर संगठन का विस्तार करेंगे।

**सदस्यों की समस्या को लेकर बैठक करेंगेः** उन्होंने आगे कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बोधगया की पहचान है। देश-विदेश से पर्यटक और श्रद्धालु यहां आते हैं। ऐसे में उन्हें ट्रैवल की सुविधा बेहतर मिले, इसके लिए हमलोग लगातार प्रयास करेंगे। ताकि बोधगया की छवि दूसरे देशों में भी अच्छी बनी। सदस्यों की कई समस्याएं हैं, जिसे दूर करना है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर डीएम ने किया शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता



**नवादा।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए अकबरपुर थाना एवं मेसकौर थाना नवादा में लाईसेंसीधारियों और प्रबुद्धजनों के साथ जिलाधिकारी नवादा आशुतोष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने उपस्थित सभी सम्मानित शांति समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों को मुहर्रम पर्व की अग्रिम बधाई दिये। उन्होंने लाईसेंस धारियों और सभी शांति समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जुलूस को सौहार्द वातावरण में सम्पन्न कराने में सभी सदस्यों एवं प्रबुद्धजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुहर्रम पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं स्थिति पर लगातार नियंत्रण रखने हेतु लिए जिला नियंत्रण कक्ष, अनुमंडल नियंत्रण कक्ष और थाना में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जायेगा। जिला प्रशासन जनता की अपेक्षा के अनुरूप कार्य करता है। शांति और संयम से मुहर्रम जुलूस को सम्पन्न कराने के लिए अपील की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर पैनी नजर बनाये रखना है। गलत अफवाहों को फैलने से रोकना है। भाईचारे और सौहार्द का वातावरण कायम रहना चाहिए। सरकार के मानक के अनुरूप कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है। सभी स्थलों पर सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। शरारती तत्वों पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। सभी विभाग अपने-अपने स्तर से कार्यों को ससमय पूर्ण करायेंगे। अकबरपुर थाना एवं मेसकौर थाना में प्रबुद्धजनों के द्वारा दिये गए समस्याओं का समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जुलूस/मेला में बच्चों और बृद्धजनों के पैकेट/जेब में मोबाईल नम्बर के साथ पूरा पता लिखकर रख देंगे। मेला में गुम होने के उपरांत यह मोबाईल नम्बर और पता उनके माता-पिता तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाता है। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक नवादा ने कहा कि मुहर्रम जुलूस में अस्त्र-शस्त्र पर प्रतिबंध रहेगा, डीजे का प्रयोग नहीं होगा। जुलूस में शामिल होने वाले असमाजिक तत्वों को चिन्हित किया गया है। 107 की कार्रवाई बड़े पैमाने पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर नियंत्रण करने के लिए सोशल मीडिया पर पैनी नजर रहेगी। 15 से 16 वर्ष के उम्र वाले बच्चों को अच्छी तरह से समझायेंगे, वो किसी भी तरह का हंगामा नहीं करेंगे, जिससे कि पकराकर जेल जाना पड़े। प्रबुद्धजन अफवाहों को व्हाट्सएप पर शेयर नहीं करेंगे। अधिकारियों के द्वारा अफवाहों का खंडण के उपरांत ही इसका प्रसार करेंगे। लाउडीस्पीकर के उपयोग के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर लेंगे। जुलूस में शामिल बच्चों के व्यवहार पर अविभावक नियंत्रण रखेंगे। अनुमंडल पदाधिकी रजौली आदित्य कुमार पियूष ने सभी उपस्थित शांति समिति के सदस्यों, जन प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों से विभिन्न स्थलों का फिडबैक प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जुलूस में मोटरसाईकिल का भी उपयोग नहीं किया जायेगा। आपत्तिजनक नारा लगाने और आतिशबाजी पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि लाईसेंस के दिये गए रूट के अनुसार ही चलेंगे, रूट चेंज कदापि नहीं करेंगे। एसडीपीओ रजौली ने कहा कि पूर्व की भांति डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। उत्तेजक नारा नहीं लगाना है। बच्चों पर माता-पिता/अविभावक निगरानी अवश्य रखेंगे। मंदिरों के पास रूककर नारा लगाने की अनुमति नहीं होगी। लाईसेंस में निर्धारित मार्गों से ही जुलूस का आवागमन होगा। बिना लाईसेंस के कोई भी मुहर्रम जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी। राजनीतिक पार्टियों के बैनर लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। उत्तेजित नारा नहीं लगायेंगे, अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा। शांति समिति की बैठक में लाईसेंसधारी और जन प्रतिनिधियों के द्वारा कहा गया कि कहीं पर भी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटेगी। जुलूस के मार्ग में सड़कों की साफ-सफाई और समतलीकरण करने का आग्रह किया गया है। इसके अलावे पोल और बिजली के तारों को सुव्यवस्थित करने के लिए जिला प्रशासन से अपील किया गया। सभी जुलूस और मेला में आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गयी। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता नवादा, वरीय उपसमाहर्त्ता नवादा, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, संबंधित थानों के थानाध्यक्ष के साथ-साथ सम्मानित शांति समिति के सदस्य एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### लाइसेंस धारकों के सदस्यों की भूमिका:
- सौहार्दपूर्ण जुलूस के आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया गया।

### नियंत्रण कक्ष की स्थापना
- जिला, अनुमंडल और थाना स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाएंगे।

### सोशल मीडिया पर नजर
- अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए।

### अस्त्र-शस्त्र और डीजे पर प्रतिबंध
- मुहर्रम जुलूस में अस्त्र-शस्त्र और डीजे का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।

### असामाजिक तत्वों की पहचान
- असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया गया और उन पर 107 की कार्रवाई की जा रही है।

### जुलूस के मार्ग:
- लाइसेंस में निर्धारित मार्गों से ही जुलूस का आवागमन होगा, बिना लाइसेंस के जुलूस निकालने की अनुमति नहीं होगी।

### आधारभूत सुविधाएं
- जुलूस और मेला के मार्गों पर साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।

### शांति समिति की बैठक
- संबंधित अधिकारियों और शांति समिति के सदस्यों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव दिए।

### उत्तेजक नारेबाजी और आतिशबाजी पर प्रतिबंध
- आपत्तिजनक नारे लगाने और आतिशबाजी पर प्रतिबंध रहेगा।

### अविभावकों की जिम्मेदारी
- बच्चों के व्यवहार पर अविभावक निगरानी रखेंगे और लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी से अनुमति प्राप्त की जाएगी।

## पूमरे की महिला कल्याण संगठन की नवागंतुक अध्यक्षा सुनीता सिंह का संगठन की ओर से किया गया स्वागत

निज संवाददाता



**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की नवागंतुक अध्यक्षा सुनीता सिंह के प्रथम बार पटना आगमन पर महिला कल्याण संगठन की ओर से उनका स्वागत किया गया। सुनीता सिंह आगरा विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक एवं एमए की डिग्री पूरी की हैं तथा एमए में गोल्डमेडलिस्ट हैं। आप चक्रधरपुर मंडल में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर में महिला कल्याण संगठन की महासचिव रह चुकी हैं। आपके कार्यकाल में महिला कल्याण संगठन द्वारा विभिन्न सामाजिक उत्थान गतिविधियों जैसे स्कूलों की बेहतरी और महिला प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना एवं सुधार इत्यादि जैसे कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक कार्यन्यवन किया गया। आप नृत्य, संगीत, कला, पुस्तकों जैसे रचनात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों को प्रोत्साहित करती हैं। बागवानी और फूलों की बेहद शौकीन हैं। साथ ही यात्रा करना तथा नई संस्कृतियों के बारे में उनके स्मारकों, वस्त्रों और भोजन के माध्यम से सीखने में विशेष रूचि रखती हैं। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेशा रचनात्मक सहयोग देता है। यह संगठन न सिर्फ रेल कर्मचारियों के परिवार के लिए बल्कि समाज के अन्य वर्गों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करती है। संगठन द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मौलिक विन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। सुनीता सिंह की नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन भविष्य में सामाजिक सरोकर एवं जनहित कार्यों में और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहेगी।

## धमौल बाजार मुहर्रम जुलूस में लहराया फिलस्तीन झंडा

**नवादा (नि.सं.)।** जिले के नवादा- जमुई सीमा पर अवस्थित धमौल बाजार में रविवार संध्या निकाले गए मुहर्रम जुलूस में शरारती तत्वों द्वारा फिलस्तीन झंडा लहराये जाने से प्रशासन सकते में है। वैसे पकरीबरांवा एसडीपीओ महेश चौधरी ने त्वरित कार्रवाई कर एक घर में छापामारी कर झंडा समेत तीन शरारती तत्वों को हिरासत में लिया है। इस बावत अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की गयी है। नवादा पुलिस ने अपने पोस्ट में घटना की पुष्टि की है। बताया जाता है कि धमौल बाजार में रविवार की संध्या तकरीबन पांच बजे निकाले गए मुहर्रम जुलूस में फिलस्तीन झंडा लहराने लगा। दूसरे देश झंडा लहराते देख बाजार वासियों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना के आलोक में जबतक धमौल पुलिस पहुंच पाती झंडा के साथ शरारती तत्व फरार हो गये। मौके पर पहुंचे पकरीबरांवा एसडीपीओ महेश चौधरी ने काफी मशक्कत के बाद अपने अन्य सहयोगियों के साथ एक घर में छापामारी कर न केवल प्रयोग में लाये गये झंडे बल्कि लहराने वाले तीन शरारती तत्वों को हिरासत में ले लिया। इस बावत अग्रेतर कार्रवाई आरंभ की गयी है। इसके साथ ही धमौल बाजार व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ा दिया गया है।

## बीजेपी के मण्डल अध्यक्ष के साथ चिकित्सक ने किया दुर्व्यवहार

- पदस्थापित चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र कुमार से एक अभिभावक की हैसियत से सीने में दर्द रहने के कारण के बारे में जानना चाहा।

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** कौआकोल पूर्वी मण्डल के बीजेपी अध्यक्ष अजित कुमार वर्मा ने कौआकोल पीएचसी में पदस्थापित चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र कुमार पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए सिविल सर्जन सहित वरीय अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि कौआकोल पीएचसी में भी इन दिनों बिचौलियागिरी बढ़ता जा रहा है। बीजेपी अध्यक्ष का आरोप है कि जब वे अपनी पुत्री मानसी राज का सीने में दर्द की शिकायत के बाद ईलाज करवाने सोमवार को कौआकोल पीएचसी पहुंचे तो वहां पदस्थापित चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र कुमार से एक अभिभावक की हैसियत से सीने में दर्द रहने के कारण के बारे में जानना चाहा। चार- पांच बार पूछने के बाद भी उनके द्वारा कुछ नहीं बताया गया एवं सिर्फ दवाई लिख दिया गया। पांचवें बार पूछने पर उनके द्वारा अपशब्दों की बौछार कर दिया गया एवं उल्टा डिस्टर्ब करने की बात कर वहां से तुरंत चले जाने की बात कही। बीजेपी अध्यक्ष का आरोप है कि चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र द्वारा धमकी दिया गया कि वे सांसद अभय कुशवाहा के भाई हैं, कोई उनका कुछ बिगाड़ नहीं सकता।

## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का अभिनंदन समारोह 20 को

**नवादा (नि.सं.)।** केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानीआवाममोर्चासेक्यूलरकेसंरक्षक जीतन राम मांझी का स्वागत व अभिनंदन समारोह 20 जुलाई को राजधानी पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता व नेता अपने स्तर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। जिलाध्यक्ष अशोक मांझी व उपाध्यक्ष विकास सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं व नेताओं की बैठक हुई, जिसमें प्रस्तावित कार्यक्रम की सफलता व उसमें नवादा की भागीदारी पर चर्चा हुई। बैठक बाद उपाध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि पहली बार केंद्रीय मंत्री बने पार्टी के सर्वमान्य नेता जीतन राम मांझी का पार्टी की ओर से स्वागत व अभिनंदन का कार्यक्रम 20 जुलाई को निर्धारित है।

## हर्ष फायरिंग के दौरान युवक को लगी गोली, जख्मी हालत में पावापुरी रेफर

निज संवाददाता

**नवादा।** जिले में शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करना आम बात हो गया है। जयमाला का समय हो या समधी मिलन का वक्त लगभग कई शादियों में लोग हर्ष फायरिंग करते हैं, जिसका कहीं न कहीं उन्हीं लोगों को नुकसानदेह साबित हो जाता रहा है। कई ऐसे मामले आए, जिसमें शादी का उत्सवी माहौल गमगीन हो गया है। जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र का है,जहां रामपुर गांव में एक युवक को हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जख्मी युवक को पावापुरी रेफर किया गया। जख्मी युवक की पहचान बेना थाना क्षेत्र के अरौत गांव निवासी सुबेलाल चौहान का पुत्र सुधीर चौहान के रूप में किया गया है। बताया जाता है कि सुधीर चौहान अपनी बहन के यहां आया हुआ था। बहन के पड़ोस के घर में शादी समारोह हो रहा था, तभी जयमाला के समय किसी ने हर्ष फायरिंग किया।हर्ष फायरिंग के दौरान निकली गोली सुधीर चौहान के पैर में जाकर लगी। गोली लगने के बाद युवक जख्मी हो गया। गोली लगने के बाद गांव में अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया है।

**हर्ष फायरिंग का पुलिस को नहीं लगती भनक :-** बता दें कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले शादी समारोह में अक्सर हर्ष फायरिंग देखने को मिलता है। हर्ष फायरिंग पर पुलिस का ध्यान नहीं रहता, क्योंकि शादी समारोह में पटाखे भी तेज आवाज के छोड़े जाते हैं। पुलिस को भनक तब लगती है, जब इस दरम्यान मौत या कोई जख्मी हो जाते हैं।

## घर में निकले सांप की सूचना पर वनकर्मी ने किया रेस्क्यू, बोरे में किया बन्द

निज संवाददाता



**रजौली (नवादा)।** नगर पंचायत क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड स्थित लक्ष्मण प्रसाद वर्मा के घर में सोमवार की सुबह 10 बजे चार फीट लंबा सांप दिखाई दिया। इतने बड़े सांप को देखकर डर से सभी सदस्यों के रोंये खड़े हो गए और इसी बीच सांप इधर-उधर भागने लगा। जिसके बाद परिजन मनीष सोनी एवं श्रवण कुमार ने सांप को ढूंढने के लिए कमरे में रखे सोफा एवं टेबल आदि को हटाया। घर में हल्ला आदि सुनकर आसपास के लोग एवं राहगीर भी जुटने लगे। कुछ लोगों ने सांप को मारने की भी सलाह दी। किन्तु घरवाले सांप को मारना उचित नहीं समझे और वे किसी तरह सांप पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास करने लगे। इसी बीच घरवालों ने सांप को एक प्लास्टिक की बाल्टी के अंदर बन्द कर दिया एवं बाल्टी के ऊपर ईंट को रख दिया। साथ ही इसकी सूचना रेंजर मनोज कुमार को मोबाइल फोन के माध्यम से दिया गया और रेस्क्यू की गुहार लगाई गई। सूचना पाकर रेंजर मनोज कुमार ने वनपाल रविरंजन कुमार व धनन्जय कुमार के साथ वनरक्षी धीरज कुमार, कुंदन कुमार, राकेश कुमार, सुग्रीव कुमार, खूबलाल यादव एवं संजीत कुमार को घटनास्थल पर भेजा गया। वनकर्मियों ने बाल्टी के अंदर बन्द पड़े सांप के बारे में जांच पड़ताल करने के बाद बाल्टी के अंदर रहे सांप को प्लास्टिक की थैली में डालने का प्रयास करने लगे। महज पांच मिनट के प्रयास के बाद सांप को प्लास्टिक के बोरे में बन्द करके वन कार्यालय लेकर चले गए। वनपाल रविरंजन कुमार ने बताया कि बारिश के मौसम में घरों एवं खेत आदि में सांप निकलना आम बात है। साथ ही कहा कि भारत में पाए जाने वाले सांपों में 20 प्रतिशत ही जहरीले होते हैं, बाकी 80 प्रतिशत जहरीले नहीं होते हैं। उन्होंने बताया कि सांपों को बचाना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि ये प्रकृति के भोजन चक्र का सबसे अहम हिस्सा हैं। पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में ये महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत कृषि प्रधान देश है, यहां पाए जाने वाले चूहे फसल का पांचवां हिस्सा चट कर देते हैं। हमारे खेतों में पाए जाने वाले नाग और धामन सांप इन चूहों का शिकार करते हैं जिससे हमारे फसल सुरक्षित रहते हैं। इसलिए सांपों का संरक्षण जरूरी है। वनपाल धनन्जय कुमार ने बताया कि सांप यदि आवासीय परिसर में कहीं दिखाई दे, तो सभी तरफ मिट्टी तेल या फिनाइल छिड़क दें, उसकी स्मेल सूंघकर सांप खुद-ब-खुद बाहर निकल जाएगा। इससे काम न बने तब एक लंबा डंडा लेकर सांप के सामने रखें,सांप उसमें चढ़ जाएगा इसके बाद उसे उठाकर बाहर निकालें और घर से दूर ले जाकर छोड़ दें। साथ ही बताया कि सांप एक ऐसा जीव है जो दीवार अथवा बाउंड्री के किनारे रेंगता है, जिस जगह पर सांप हो उससे थोड़ी दूर पर पाइप से बोरा बांधकर रख दें, सांप जब बोरे में घुस जाए तो बोरा बांधकर दूर जंगल में ले जाकर छोड़ दें।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा संख्या– 04/भ0प्र0 औरंगाबाद/2024–25

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि :–दिनांक 11.07.2024
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक 26.07.2024 को अपराहन 1:00 बजे तक.
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 27.07.2024 को अपराहन 3:00 बजे तक.
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 27.07.2024 को अपराहन 3:30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
(ख) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–1 औरंगाबाद।
(ग) सहायक अभियंता का कार्यालय भवन अवर प्र0सं0–2 औरंगाबाद।
(घ) अधीक्षण अभियतां का कार्यालय भवन अंचल गया।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान क्रमांक 6 के अनुसार
8. कार्य विवरणी:–

| क0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | औरंगाबाद एवं दाउदनगर अवस्थित विभिन्न कार्यालयों के दैनीक जलापूर्ती एवं स्वच्छता अधिष्ठापन का कार्य | 4.500 | 9000.00 | 750.00 | 15 मार्च 2025 तक |
| 2 | विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों के आवासीय भवनों में कराये जाने वाले दैनीक एवं पी0एच0ई0 कार्य | 4.850 | 10000.00 | 750.00 | 15 मार्च 2025 तक |
| 3 | व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद एवं दाउदनगर में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों में प्रतिदिन कराए जाने वाले पी0एच0ई0 कार्य | 3.500 | 7000.00 | 750.00 | 15 मार्च 2025 तक |
| 4 | दानी बिगहा स्थित ई टाईपनया में 01 अदद बोरिंग का कार्य | 2.850 | 6000.00 | 750.00 | 7 दिन |
| 5 | दानी बिगहा स्थित डी0 टाईप पुराना में 1 अदद बोरिंग का कार्य | 2.850 | 6000.00 | 750.00 | 7 दिन |
| 6 | दानीबिगहा स्थित ई0 टाईप पुराना में 1 अदद बोरिंग का कार्य | 2.850 | 6000.00 | 750.00 | 7 दिन |
| 7 | ब्लॉक कॉलोनी औरंगाबाद में बी0 टाईप आवास में बोरिंग का कार्य | 2.850 | 6000.00 | 750.00 | 7 दिन |
| | कुल | 24.250 | | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 003910 (BCD ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2024–25
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in_पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक 11.07.2024
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि : दिनांक 22.07.2024, 10:00 बजे पूर्वाह्न से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि : दिनांक 25.07.2024, 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकि बीड) खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.07.2024 अपराह्न 4:00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. अग्रधन राशि मूल रूप में जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान, : दिनांक 26.07.2024 अपराह्न 3:00 बजे अपराह्न,
: (1) कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद का कार्यालय।
(2) अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सासाराम का कार्यालय।
(3) मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना प्रक्षेत्र, पटना का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र मूल्य (रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | बेल्ट्रॉन का प्रोसेगिंग फीस + अन्य कर(रू0 में) (अप्रत्यर्पणीय रूप में मात्र ऑनलाईन भुगतान द्वारा) | कार्य समाप्ति की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | औरंगाबाद जिलान्तर्गत वर्तमान वित्तीय व र्ष 2024–25 में गर्मी एवं लू की स्थिति तथा जिलों में जलस्तर के गिरावट के कारण पेयजल हेतु प्राकृतिक आपदा (सुखाड़) के तहत् नये चापाकलों का निर्माण कार्य। | | | | | |
| 1 | (i) 125 mm dia x 45 मीटर गहरा चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**45** अदद। (ii) 125 mm dia x 46 मीटर गहरा GPT चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**12** अदद। (iii) 125 / 115 mm x 61 मीटर गहरा ड्रिल्ड चापाकल 1.85 मीटर व्यास का P.C.C चबुतरा तथा 3 मीटर लम्बाई का P.C.C नाली एवं सोख्ता का निर्माण कार्य–**43 अदद।** | **102.82** | **2.057** | **10000.00** | **3540.00** | **4 माह** |

8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समयः तकनीकि बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in_पर सूचित की जायेगी)
9. निविदा वैधता की तिथि : निविदा खोलने से 120 दिनों तक।
10. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा www.state.bihar.gov.in/prdbihar वेववाईट पर देखा जा सकता है।
11. ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को www.eproc2.bihar.gov.in_ पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in_से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई–टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

PR- 003904( PHED ) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## संक्षिप्त समाचार

### देश से भाजपा का होगा सफाया- टीएन चौबे

**बक्सर**। बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरीय नेता टीएन चौबे ने सात राज्यों के विधानसभा उपचुनाव के परिणाम आने पर 13 में मात्र दो सीटों पर भाजपा किसी तरह जीत पाई बाकी 10 सीट कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन जीती और एक निर्दलीय। इसके लिए सोनिया गांधी,राहुल गांधी,मल्लिकार्जुन खडगे सहित कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं को कोटी कोटी बधाई है। कार्यकर्ताओं में जीत की खुशी है, आस जीत ने साबित कर दिया की देश की जनता भाजपा को देखना नहीं चाहती है ।इनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है। कांग्रेस पार्टी देश की जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है ।जिसका जनता ने जनादेश देकर स्वागत किया। उन्होंने ने कहा कि देश में महंगाई व बेरोजगारी चरम पर है।एक साल में महंगाई में चौगुना वृद्धि हुई है। गरीब-गुरबे की थाली से दाल व सब्जी लगभग गायब हो चुकी है। आमदनी लगभग नगण्य की स्थिति में है। भाजपा की सरकार में जनता बेहाल है और खून के आंसू बहा रहे हैं। बहुत जल्द ही जनता भजपा का पूरे देश से सफाया कर देगी।

### अवैध बालू खनन रोकने को गश्ती शुरू



**कोईलवर**। बरसात शुरू है। नदियों में जल स्तर बढ़ रहा है। ऐसे में सोन नदी में हर साल की तरह बालू तस्करों द्वारा पानी के अंदर अवैध बालू खुदाई और जल मार्ग से अवैध परिवहन की संभावना बढ़ गई है। इसके मद्देनजर पुलिस ने सोन नदी में मोटरबोट से गश्ती शुरू कर दी है। अवैध खनन को रोकने के लिए कोईलवर सोन नदी के आस-पास पुलिसवाले नाव और स्टीमर के जरिये नदी में गश्त कर रहे हैं। इस दौरान रविवार को मोटरबोट से चांदी, कोईलवर, कचरा फैक्ट्री, कमालूचक, सेमरा आदि इलाके में छापामारी की गई। सुरौंधा टापू पर भी छापामारी की गई। हालांकि छापामारी के क्रम में कोई आपत्तिजनक या अवैध सामान बरामद नहीं हो पाया है। छापेमारी में खनन पदाधिकारी, आरा सदर-2 एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह सीआई, कोईलवर कज थानाध्यक्ष नरोतम चंद सहित पुलिस-बल शामिल रहे। जल मार्ग से बालू तस्करी का पुराना इतिहास स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के समय में कोईलवर क्षेत्र में सोन नदी से नावों द्वारा अवैध बालू खनन का खनन तेज हो जाता है। यहां तक अवैध बालू खनन में लगे बालू चोर बिना डर-भय के कोईलवर के पुराने पुल व नव निर्मित पुल के पास से भी नावों के द्वारा बालू का खनन करते हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध खनन को रोकने के लिए यह अभियान कारगर साबित होगा। आरा सदर-2 के एसडीपीओ ने कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध बालू खनन नहीं करने दिया जाएगा। सोन नदी में शाम और रात में गश्ती के लिए स्पेशल टीम का गठन किया गया है। मैं व्यक्तिगत रूप से गश्त की निगरानी करता हूं। गश्ती के लिए नावों और मोटरबोट को लगाया गया है।

### बाइक सवार ने बुजुर्ग महिला को मारी ठोकर, मौत



**आरा**। आरा-सिन्हा मुख्य मार्ग पर कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव स्थित स्कूल के समीप रविवार की रात बाइक सवार ने सड़क किनारे जा रही है बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतका कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव निवासी श्रीभगवान यादव की 70 वर्षीया पत्नी रेशमा देवी है। मृतका के पति श्रीभगवान यादव ने बताया कि गांव के ही पचरत्न की बेटी की बारात आई थी और बारात दरवाजे पर लग रही थी। उसी को देखने के लिए वह सड़क किनारे से जा रही थी। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका को चार पुत्र लाल बाबू ,श्याम बाबू ,उपेंद्र,जितेंद्र और एक बेटी चनमुना देवी है।

### नैनीजोर थाने में थानाध्यक्ष ने कराई चौकीदारी परेड



**ब्रह्मपुर**। नैनीजोर थाना परिसर में थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज आलम ने रविवार को चौकीदारी परेड कराई। इस दौरान सभी चौकीदारों को नए कानून से अवगत कराया गया। गंगा नदी में बढ़ते जलस्तर में स्नान करने वालों को गहरे पानी में स्नान नहीं करने की सलाह दें। साथ ही गंगा नदी के रास्ते शराब तस्करी करने वाले तस्करों पर पैनी नजर रखने जैसे कई आवश्यक निर्देश दिए।

### सहारा के अभिकर्ताओं ने बक्सर संसद को दिया ज्ञापन



**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर के सहारा अभिकर्ताओं ने बक्सर सांसद सुधाकर सिंह को भुगतान कराने के लिए एक ज्ञापन दिया। अभिकर्ताओं का कहना है कि चुनाव के पूर्व सरकार ने सहारा के सभी अभिकर्ताओं का जमा पैसा देने का वादा किया गया था, इसके लिए एक पोर्टल भी जारी किया गया था। लेकिन चुनाव बाद यह जुमला साबित हुआ। सरकार की गलत नीतियों के कारण आज करोड़ों गरीब के पैसे डूबने के कगार पर है। वहीं लाखों अभिकर्ता जिनकी रोजी रोटी और परिवार का भरण पोषण होता था, आज वो भुखमरी के कगार पर है। जिसको लेकर ब्रह्मपुर के अभिकर्ता संजय कुमार ओझा, अंजनी पांडेय, सुरेंद्र यादव, निर्मल सिंह, रविंद्र प्रसाद, बबन सिंह, मो. ग्यासुद्दीन, देवचरण ओझा, सिद्धनाथ राम सहित दर्जनों अभिकर्ताओं ने ज्ञापन दिया।

# VKSU में परीक्षा रद्द होने पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

निज संवाददाता। आरा



♦ उत्तर पुस्तिकाओं के बिना ही कॉलेज ने जारी कर दिया था एग्जाम डेट

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत महाराजा कॉलेज में सोमवार को स्नातक सेमेस्टर टू के छात्रों ने परीक्षा रद्द होने पर जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने महाराजा कॉलेज के अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दरअसल, सोमवार को महाराजा कॉलेज में नए शिक्षा नीति के अनुसार स्नातक (2023-2027) के छात्रों का परीक्षा होने वाला था। जिसमें विज्ञान और कला के छात्र परीक्षा देने आए थे। उनका एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (एईएस) का पेपर होना था। लेकिन अचानक परीक्षा को रद्द कर दिया गया। इससे छात्र आक्रोशित हो गए और महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, परीक्षा देने आए छात्र विकास कुमार ने बताया कि कॉलेज के प्राचार्य द्वारा कोई सूचना नहीं दिया गया। हमारा एग्जाम रद्द होने वाला है। कुछ लड़का बक्सर, बिहिया, जगदीशपुर और पीरो से आए हैं। हमलोग गरीब हैं। आने और जाने के लिए किराया देना पड़ता है। हम लोग इतना पैसा कहां से लाएंगे। 8 जुलाई से ही परीक्षा चल रही है। 4 परीक्षा हो चुकी है। सोमवार को पांचवें पेपर की परीक्षा होने वाली थी। बिना सूचना दिए ही रद्द कर दिया गया। नीतीश कुमार ने बताया कि 12 बजे कॉलेज में परीक्षा देने का समय था। जब कॉलेज आए तो पता चला एग्जाम रद्द हो चुका है। इसके बाद प्रिंसिपल से पूछने आए तो वो आए ही नहीं थे। छात्र ने बताया कि कॉलेज में प्राचार्य कभी टाइम पर नहीं आते हैं। एक और छात्र ने बताया कि परीक्षा लेने के लिए कॉलेज के पास कॉपी नहीं था। लेकिन कॉलेज में कहा गया कि टेक्निकल गड़बड़ी की वजह से परीक्षा नहीं लिया जाएगा। आप लोग चले जाइए। छात्र ने कहा कि तो यहां कोई छात्र अपना टीम व्यर्थ करने नहीं आया है। वहीं, इस मामले पर महाराजा कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक नरेंद्र कुमार पालित ने बताया कि परीक्षा को लेकर तिथि के अनुसार सब प्रोग्राम दे दिया गया था। सोमवार को पहली पाली के लिए जो सभी संसाधन उपलब्ध थे, तो परीक्षा ली गई थी। लेकिन जैसे ही सेकेंड सिटिंग के प्रोग्राम का अरेजमेंट किया गया कि कंट्रोल रूम में कॉपियों (उत्तर पुस्तिकाओं) की कमी हो गई। उन्होंने बताया कि तुरंत नोटिस निकलवाकर उसके बाद नोटिस बोर्ड के माध्यम से परीक्षार्थियों को सूचित कर दिया गया। लेकिन इसकी सूचना बच्चों के बीच देर से गई। इसलिए बच्चे थोड़ा भावुक हो गए। परीक्षा रद्द होने के बाद अब यह परीक्षा BPSC परीक्षा के समाप्त होने के बाद 23 जुलाई से ली जाएगी। बता दें यह पहली बार नहीं है जब वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले कॉलेजों ने इस तरह का कारनामा किया हो। कॉलेज के लचर व्यवस्था से छात्र अपनी नाकामी को लेकर हमेशा परेशानी झेलते आ रहे हैं। चाहे परीक्षा का मामला हो या रिजल्ट में त्रुटि का मामला हो। विश्वविद्यालय अपनी करतूतों से बाज आने को तैयार नहीं है।

# नाव और ट्रक से 22 सौ लीटर शराब जब्त

निज संवाददाता। आरा



शाहपुर और कोईलवर थानों की पुलिस ने नाव और ट्रक पर लदी लाखों रुपए की 2233 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। सुइया नदी के रास्ते तस्करी की सूचना पर पहुंची शाहपुर थाने की पुलिस ने नाव से साढ़े चार सौ लीटर शराब जब्त की गई है। हालांकि पुलिस को देख तस्कर नदी में छलांग लगाकर भाग निकला। पुलिस तस्कर की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी में जुटी है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने रविवार जानकारी दी है। एसपी के अनुसार शनिवार को सूचना मिली कि सुहिया नदी किनारे नाव के जरिए शराब की तस्करी की जा रही है। शराब की बरामदगी और तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम सुहिया नदी किनारे पहुंची, तो पुलिस को देख नाव पर सवार एक व्यक्ति छलांग लगाकर नदी में कूद कर भाग निकला। इसके बाद नाव जब्त कर तलाशी ली गई, तो विभिन्न ब्रांड की 449 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। एसपी के अनुसार तस्कर की पहचान कर ली गई है। गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के जमालपुर के समीप रोड किनारे खड़े एक ट्रक से 1784 लीटर शराब बरामद की गई है। एसपी प्रमोद कुमार यादव के अनुसार सूचना मिली कि जमालपुर के समीप रोड किनारे एक ट्रक खड़ा है, जो एक तरफ झुक गया है। उसमें शराब की बड़ी खेप लदी है। उस आधार पर शराब बरामदगी को सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने जमालपुर पहुंच ट्रक की तलाशी ली, तो विभिन्न ब्रांड की 1784 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। ट्रक के आधार पर तस्करों की पहचान की जा रही है। ग्रामीण ने बताया की तेज रफ्तार से जा रहे ट्रक पर लदी मशीन का कवर झुक गया था, तभी राहगीर ने आवाज दी की तुम्हारी मशीन गिर जाएगी। इसके बाद ट्रक चालक कवर को ठीक करने के दौरान घबराकर इधर–उधर देख रहा था।

# एनएच-922 पर ट्रक की चपेट में आया युवक...मौत

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर में एनएच-922 पर गरहथा बस स्टैंड के पास रविवार की रात ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच का एक लेने जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने लोगों को समझाकर शांत कराया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार घटना बक्सर के ब्रम्हपुर थाना क्षेत्र की है। दरअसल कृत सागर गांव निवासी सत्यनारायण पांडेय के बेटे सितु पांडेय उर्फ सनी पांडे (24) घर लौटने के लिए एनएच स्थित गरहंथा बस स्टैंड के पास खड़ा था। तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने धक्का मार दिया। स्थानीय लोगों ने ट्रक का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन ड्राइवर ट्रक छोड़ कर भाग निकला। इसके बाद लोगों ने आधे घंटे तक सड़क को जाम रखा। ट्रक चालक की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग के साथ लोगों ने हंगामा किया।

# आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर सड़क हादसा, युवक की मौत

● भगिना को आरा स्टेशन आया था छोड़ने, रात भर पानी में पड़ा रहा शव

निज संवाददाता। आरा



आरा-अरवल मुख्य मार्ग पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के खरौनी गांव में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव बड़ी मस्जिद निवासी सुग्रीव यादव का बेटा शंकर यादव(32) है। वह पेशे से मजदूर था। इधर, मृतक के चचेरे भाई प्यारे लाल यादव ने बताया कि रविवार की रात वह अपने भांजे को बाइक से आरा रेलवे स्टेशन छोड़ने गए थे।

**ग्रामीणों ने परिजनों को सोमवार की सुबह दी सूचनाः** स्टेशन पर उसे छोड़ने के बाद रविवार की देर रात वह बाइक से नारायणपुर थाना क्षेत्र के मड़नपुर गांव अपने ससुराल जा रहे थे। इसी दौरान रविवार की देर रात किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह सड़क किनारे स्थित पानी भरे गड्ढे में जाकर गिर पड़ा। सोमवार की सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना वहां पहुंची और बाइक के नंबर से उसकी पहचान कर इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना पाकर मृतक के परिजन वहां पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने 2 भाई और 1 बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी देवांती देवी और 1 बेटी श्वेता और 1 बेटा सशी भूषण है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की पत्नी देवांती देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# पैदल जा रहे बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने रौंदा, मौत, चाय पीकर लौट रहे थे घर

निज संवाददाता। आरा



❒ सदर अस्पताल ले जाने के दौरान गई जान

आरा–बक्सर फोनलेन बिहिया थाना क्षेत्र भैया चौरस्ता के पास फोरलेन पुल के नीचे रविवार की रात अज्ञात वाहन ने एक बुजुर्ग को रौंद दिया। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के तेघरा गांव वार्ड नंबर तीन निवासी दशरथ तुरहा के 60 वर्षीय पुत्र सागर तुरहा है। वह पेशे से किसान थे। मृतक के बेटे शिवजी प्रसाद ने बताया कि रविवार शाम बिहिया चौरस्ता के समीप चाय पीने के लिए गए हुए थे। जब चाय पीकर वापस लौट रहे थे। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वे बुरी जख्मी हो गए।

**ग्रामीणों ने घटना की जानकारी दीः** ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजन पहुंचे तो उन्हें बिहिया पीएचसी इलाज के लिए ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन सदर अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही मौत हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय थाना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरा सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाया। मृतक के दो बेटे शिवजी प्रसाद, वीर बहादुर प्रसाद और दो बेटी फूल सुंदर देवी और दुर्गावती देवी है।

# नैनीजोर में गंगा किनारे कटाव क्षेत्र का निरीक्षण

निज संवाददाता। बक्सर

गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कोईलवर तटबंध पर विभिन्न जगहों पर हो रहे कटाव की सूचना पर बक्सर के डीएम देखने पहुंचे। साथ ही ब्रह्मपुर नैनीजोर मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति और पेट्रोल पंप के पास सड़क के बीचों बीच बने गड्ढे को देखते हुए डीएम ने एसडीएम राकेश कुमार को मरम्मत कराने का निर्देश दिया। एसडीएम को गंगा नदी के बिहार घाट और बालू घाट सहित अन्य घाटों तथा विभिन्न जगहों पर हो रहे कटाव का निरीक्षण कर सूचित करने का भी निर्देश दिया है। मौके पर आपदा प्रबंधन के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि बताया कि फ्लड फाइटिंग द्वारा अचानक कटाव के प्रभाव को केवल रोकने के लिए है। एसडीएम राकेश कुमार, सीओ खुशबू खातून बाढ़ से संबंधित पदाधिकारियों के साथ बिहार घाट और बालूघाट सहित प्रबोधपुर डेरा एवं बालू घाट से सटे हो रहे कटाव का निरीक्षण कर संबंधित अभियंताओं को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# आरा में चाकू से जख्मी महिला की तीसरे दिन मौत, बहन की सौतन की मां ने मारा था

निज संवाददाता। आरा



आरा में चाकू से जख्मी एक महिला की तीसरे दिन मौत हो गई। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उसने अपने घर में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतका टाउन थाना क्षेत्र के एम.पी. बाग पानी टंकी स्थित नगर निगम निवासी आनंद राम उर्फ छोटू राम की पत्नी ज्योति देवी(23) है। बता दें कि मृतका ज्योति देवी के बहनोई भोला राम की पहली शादी पत्नी पूजा देवी से हुई है। उसकी दूसरी शादी मृतका की छोटी बहन टोनी कुमारी से हुई है। लेकिन पहली पत्नी पूजा देवी उसकी दूसरी पत्नी टोनी कुमारी को रखने का विरोध कर रही थी।

**पहली पत्नी दूसरी पत्नी के घर पहुंचीः** इसी को लेकर पूजा देवी शुक्रवार की शाम अपनी मां मीना देवी और भाई के साथ अपने पति की दूसरी पत्नी टोनी कुमारी के घर पहुंच गई। उससे झगड़ा करने लगी। जब टोनी कुमारी की बड़ी बहन ज्योति देवी बीच-बचाव करने गई तो उसकी पूजा देवी की मां ने उसे दाहिने साइड पंजरी में चाकू मार दिया था। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वहीं, उसका जीजा भोला राम जब उसे बचाने गया तो उन लोगों द्वारा उसे भी डंडे से मारकर जख्मी कर दिया गया था। इसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। जहां से प्राथमिक इलाज करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया था। लेकिन परिजन उसे पटना न ले जाकर घर पर ही रखकर उसका इलाज कर रहे थे। इस बीच सोमवार की सुबह उसने घर पर ही दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं, दूसरी तरफ मृतका ज्योति देवी के भाई और परिवार वालों द्वारा पूजा देवी और उसकी मां पर चाकू से मारकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि मृतक अपने 6 भाई और 3 बहन में दूसरे स्थान पर थी। उसे 2 बेटे कृष्णा, सूर्य और 1 बेटी अनुष्का है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है।

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–109– 115–24–25 (खुली), दिनांक 12.07.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं.: 1, केस सं.** : ओ–एसी–टी–109–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में एईएन/II/अंडाल के अधीन अंडाल–तापसी–बारा बानी–सीतारामपुर शाखा में ब्रिज सं.15 और ब्रिज सं.34 की आरसीसी जैकेटिंग, ब्रिज सं.19 और ब्रिज सं.35 की आरसीसी जैकेटिंग और एबटमेंट पियर्स एवं बोल्डर पिचिंग की सुरक्षा, भीमगारा–सीतारामपुर शाखा में ब्रिज सं.57 डाउन और ब्रिज सं.114 डाउन की आरसीसी जैकेटिंग, एबटमेंट और पियर्स एवं बोल्डर पिचिंग की सुरक्षा के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 17,41,23,249.22, **बयाना राशि :** रु. 10,20,600/–, **कार्य की समापन अवधिः** 18 माह। **क्रम सं.: 2, केस सं.** : ओ–एसी–टी–110–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल (फेज 1) के तहत विभिन्न स्थानों पर एसओडी के अनुरूप कोपिंग डिस्टेंस के सुधार और पीएफ के विस्तार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 68,68,587.25, **बयाना राशि :** रु. 1,37,400/–, **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह। **क्रम सं.: 3, केस सं.** : ओ–एसी–टी–111–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/4/आसनसोल के अधीन एईएन/II/अंडाल की शाखा में एलएचएस 11 और 2 के एप्रोच में शेड कवर के प्रावधान के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 91,68,882.40, **बयाना राशि :** रु. 1,83,400/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **क्रम सं.: 4, केस सं.** : ओ–एसी–टी–112–24–25, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधीन खाना–आसनसोल शाखा में ब्रिज सं. 290 (स्पैन 2.74 मी.), 405 (स्पैन 6.10), 482, 495, 501, 515 और 506 के सुदृढ़ीकरण हेतु आरसीसी जैकेटिंग के लिए खुली निविदा। (दो पैकेट प्रणाली)। **निविदा मूल्य :** रु. 13,66,60,429.23, **बयाना राशि :** रु. 8,33,300/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह। **क्रम सं.: 5, केस सं.** : ओ–एसी–टी–113–24–25, **कार्य का नामः** 30.06.2025 को समाप्त होने अवधि के लिए आसनसोल मंडल के जोन नंबर 2 में एईएन/दुर्गापुर के तहत जोनल ब्रिज कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 51,00,000/–, **बयाना राशि :** रु. 1,02,000/–, **कार्य की समापन अवधिः** 12 माह (30.06.2025 को समाप्त होने अवधि)। **क्रम सं.: 6, केस सं.** : ओ–एसी–टी–114–24–25, **कार्य का नामः** डीईएन/I/आसनसोल के अधीन आसनसोल में शौचालय, भोजन कक्ष, रसोई, जिम और अन्य बैरक सुविधाओं के साथ 30 शय्या वाले नए आरपीएफ महिला बैरक के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 1,03,15,038.25, **बयाना राशि :** रु. 2,01,600/–, **कार्य की समापन अवधिः** 09 माह। **क्रम सं.: 7, केस सं.** : ओ–एसी–टी–115–24–25, **कार्य का नामः** मंडल कार्यालय आसनसोल में सर्कुलेशन प्लान में सुधार और विविध कार्यों सहित पार्किंग क्षेत्र के विकास के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 93,77,907.01, **बयाना राशि :** रु. 1,87,600/– **कार्य की समापन अवधिः** 06 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** 08.08.2024 को 12.00 बजे (क्रम सं. 1 से 7 प्रत्येक हेतु)। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-120/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# संक्षिप्त समाचार

## परिवार कल्याण कार्य हो रहा हड़ताल से प्रभावित

**भागलपुर**। जिले में तैनात सीएचओ व एएनएम समेत अन्य हेल्थ वर्करों की हड़ताल से अब परिवार कल्याण का कार्य प्रभावित हो रहा है। वे लोग कामकाज छोड़कर हर प्रखंड व जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे बंध्याकरण व नसबंदी के लिए दंपतियों को समझाकर तैयार नहीं कर रहे हैं। नतीजतन परिवार कल्याण पखवाड़ा के तहत होनेवाले ऑपरेशन प्रभावित हो रहे हैं। सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने झंडी दिखाकर सारथी रथ भी रवाना किया था, ताकि दंपतियों को जागरूक किया जा सके। आशा ऐसे दंपतियों को समझा-बुझा कर अस्पताल भी लेकर आ रही हैं तो उनका समय से ऑपरेशन नहीं होने से वह वापस लौट जाते हैं। वहीं सिविल सर्जन का कहना है कि राज्यभर में यह प्रदर्शन हो रहा है, इसलिए स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

## 30 तक नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग डिप्लोमा में करें नामांकन

**मुंगेर**। मुंगेर उद्यमिता विकास केंद्र, पटना द्वारा संचालित नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग (एनटीटी) डिप्लोमा कोर्स, सत्र 2024 -26 में नामांकन जारी है। 30 जुलाई तक इस कोर्स में नामांकन लिया जा सकता है। बता दें कि मुंगेर जिले में यह डिप्लोमा कोर्स बीआरएम कॉलेज में संचालित हो रहा है। 2 वर्षीय इस डिप्लोमा कोर्स में कुल 50 सीट निर्धारित है। प्रभारी प्राचार्य प्रो अजीत कुमार ठाकुर के अनुसार इंटर पास छात्राओं व महिलाओं के लिए यह कोर्स अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि एनटीटी करके महिलाएं छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। कोर्स की संचालिका संगीता मिश्रा ने बताया कि एनटीटी उत्तीर्ण महिलाएं बालवाड़ी एवं आंगनबाड़ी में शिक्षिका बन सकती हैं। इस कोर्स के कोऑर्डिनेटर डॉ रामरेखा कुमार कहते हैं कि यह ऑल इंडिया अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन विभाग नई दिल्ली के अंतर्गत उद्यमिता विकास केंद्र पटना द्वारा संचालित है। बिहार के 12 जिलों में इसके अध्ययन केंद्र बनाए गए हैं। मुंगेर जिले का एकमात्र एनटीटी केंद्र बीआरएम कॉलेज परिसर में स्थित है। इच्छुक महिला अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कोर्स की संचालिका संगीता मिश्रा से संपर्क कर नामांकन ले सकती हैं।

## पवन मंडल सहित पांच पर मुकदमा

**मुंगेर**। मंजीत मंडल और चंदन मंडल हत्या मामले में मंजीत की मां गंगा देवी के बयान पर कुख्यात 25 हजार का ईनामी पवन मंडल को मुख्य आरोपित बनाया गया है। वहीं, प्रिंस कुमार , श्याम देव पोद्दार सहित पांच लोगों को नामजद किया गया है। मुफस्सिल थानाध्यक्ष ने बताया कि चंदन हत्याकांड के मामले में आवेदन प्राप्त होते ही केस दर्ज की जाएगी।

## रंगकर्मियों के लिए बनाया गया प्रेक्षागृह मई में होना था चालू, लेकिन अब तक नहीं हो पाया हैंडओवर

**भागलपुर**। शहर के रंगकर्मियों को नाटक का मंचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम करने में सहूलियत हो, इसके लिए संग्रहालय परिसर में प्रेक्षागृह बनकर तैयार हो गया है। लेकिन इस प्रेक्षागृह को अब तक कला संस्कृति एवं युवा विभाग को हैंडओवर नहीं किया गया है। इससे कलाकरों इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। भवन निर्माण निगम विभाग के डीजीएम की मानें तो प्रेक्षागृह में सारा काम पूरा हो गया है। हैंडओवर के लिए कला संस्कृति विभाग को अप्रैल में ही पत्र लिखा गया है, लेकिन अब कोई जवाब नहीं मिला है। संग्रहालय में पूर्व निर्मित प्रेक्षागृह को आधुनिक व आर्टगैलरी के रूप में विकसित करने का काम 1.76 करोड़ की लागत से 14 जुलाई 2020 में शुरू हुआ था। 13 जुलाई 2021 में आर्टगैलरी का काम पूरा करना था। लेकिन किसी वजह से समय पर काम पूरा नहीं हो पाया। विभाग के अभियंता की लापरवाही से प्रेक्षागृह में स्टेज लाइट बूथ मशीन का सिस्टम स्टेज के सामने लगाने के बजाय ठेकेदार ने स्टेज के पिछले हिस्से में लगा दिया था। जबकि उस समय शहर के रंगकर्मियों ने लाइट बूथ सिस्टम लगाने का विरोध भी किया था। संबंध संस्था के संस्थापक रितेश रंजन ने बताया कि प्रेक्षागृह में सभी काम सही है। बस एक लाइट बूथ सिस्टम गलत जगह पर लगा दिया गया था। जो ठीक कर दिया गया है। पार्किंग व पानी की व्यवस्था का भी काम लगभग पूरा हो गया है। मई में ही प्रेक्षागृह को चालू करना था। लेकिन अब तक ठेकेदार ने विभाग को हैंडओवर नहीं किया है। सीएम ने 2023 में किया था ऑनलाइन उद्घाटन सीएम नीतीश कुमार ने प्रेक्षागृह का ऑनलाइन उद्घाटन 2023 में किया था। इसके बाद रंगकर्मियों ने लाइट सिस्टम बूथ का स्थान बदलने के लिए कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद कमिश्नर ने भवन निर्माण निगम के डीजीएम से संपर्क कर उसे दुरूस्त कराने को कहा था। डीजीएम ने कला संस्कृति विभाग को सूचना दी। पटना से आई कला संस्कृति टीम ने जांच के फिर से लाइट बूथ सिस्टम को सही जगह पर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया था। भवन निर्माण निगम ने 33 लाख की लागत से प्रेक्षागृह का रेनोवेट कराया। भवन निर्माण विभाग के डीजीएम ब्रजेश आदित्य ने बताया कि प्रेक्षागृह में रेनोवेट का काम पूरा हो गया है। कला संस्कृति एवं युवा विभाग को हैंडओवर के लिए अप्रैल में पत्र लिखा गया था। लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं मिला है।

## किडनी के मरीजों का आज से शुरू होगा इलाज, जांच रिपोर्ट को लेकर फंसेगा पेच

**भागलपुर**। मायागंज अस्पताल के ओपीडी में किडनी के मरीजों का सोमवार से इलाज शुरू होगा। ओपीडी स्थित मेडिसिन विभाग के बगल में मधुमेह क्लीनिक पहले चलाया जाता था। अब उसी कमरे में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर किडनी के मरीजों का भी इलाज करेंगे। डॉक्टर मरीजों का चेकअप तो कर लेंगे, लेकिन जांच रिपोर्ट समय से मरीजों को नहीं मिलने पर उन्हें परेशानी होगी। क्योंकि डॉक्टर के चेकअप के बाद टेस्ट रिपोर्ट मिलने में यहां देर होती है। ऐसे में मरीजों को दोबारा सिर्फ जांच रिपोर्ट दिखाने व उसके आधार पर दवा लिखवाने अस्पताल आना होगा। वहीं हार्ट के मरीजों का इलाज भी ओपीडी में होना है, इन मरीजों को पेसमेकर लगाने के लिए फैब्रिकेटेड हॉस्पिटल में लैब भी बनाया गया था। लेकिन अब तक उसमें एक भी मरीज को पेसमेकर लगाने की व्यवस्था नहीं हो सकी है। जबकि हार्ट के डॉक्टर भी यहां तैनात हैं और वह भी सप्ताह में दो दिन मरीजों का इलाज करेंगे। मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. अविलेष कुमार ने बताया कि हमने किडनी व हार्ट के डॉक्टरों का ड्यूटी रोस्टर बना दिया है। अभी सप्ताह में दो-दो दिन दोनों विभागों में मरीजों का इलाज होगा। पैथोलॉजी व अन्य जांच रिपोर्ट भी मरीजों को समय से मिले, इसके लिए संबंधित एजेंसी को निर्देश दिया जाएगा।

## 8.55 करोड़ खर्च कर बनाया 171 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, 21 परही प्रसव सुविधा

**मुंगेर**। जिले के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य से संबंधित सभी कार्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए 3000-5000 की आबादी पर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनाए गए हैं। जिले भर में अब तक कुल 8 करोड़ 55 लाख रुपए खर्च कर 171 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनाए जा चुके हैं। जिसमें से कुल 43 सेंटर को अपना भवन है। 20 ऐसे सेंटर हैं, जो किसी न किसी अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे हैं। जबकि 108 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर किराए के मकान में संचालित हो रहे हैं। लेकिन इनमें से मात्र 12 प्रतिशत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर ही मरीजों को निर्धारित सुविधाएं मिल पा रही है। जबकि बांकी के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर महज दिखावे के बनकर रह गए हैं। जिसके कारण जिस उद्देश्य से जिले में इतने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनाए गए हैं, उसकी पूर्ति नहीं हो पा रही है। मरीज आज भी समान्य बीमारी, छोटे-मोटे जांच व प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल तथा सदर अस्पताल ही पहुंच रहे हैं। जहां कहीं भी हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर बनाया जाता है, उसमें एक सेंटर को बनाने में (भवन निर्माण के अलावा) 5 लाख रुपए का खर्च आता है। इस तरह से जिले भर के कुल 171 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के बनाने में अब तक 8.55 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके अलावे जो भवन किराए पर संचालित हो रहे हैं, उसमें हर माह अलग से खर्च हो रहा है। इतने खर्च के बावजूद यदि यहां उपलब्ध होने वाली सुविधा मरीजों को न मिले तो फिर इतना खर्च किए जाने का क्या फायदा।

# दो बाइक की टक्कर में महिला समेत चार युवक हुए घायल

### रॉन्ग साइड में आने से हुआ हादसा, स्थानीय लोगों ने सभी को पहुंचाया अस्पताल

निज संवाददाता। भागलपुर



भागलपुर में सड़क हादसा हुआ है। हादसे में महिला समेत चार युवक जख्मी हो गए। घटना संन्होला थाना क्षेत्र के OMG होटल के समीप की है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर इलाज के बाद डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। घायलों की की पहचान बिशनदेव कुमार, सुलैना देवी, विक्रम कुमार और प्रीतम कुमार के रूप में की गई है। दो बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हुई है। एक बाइक पर सुलैना देवी और बिशनदेव कुमार थे, जो सनहौला से अपने अलपुरा गांव जा रहे थे। वही, दूसरी बाइक संन्होला की तरफ जा रही थी, जिसपर प्रीतम और बिक्रम बैठे हुए थे। तभी हादसा हुआ है। हादसे में दो लोगों को गंभीर चोट आई है। दो लोगों को आंशिक रूप से चोट लगी है। घायल को बेहतर उपचार के लिए डॉक्टरों ने जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।

**दो को मायागंज अस्पताल रेफर किया गया:** हादसे का शिकार हुई महिला सुलेना देवी ने बताया कि संन्होला से अपने गांव की तरफ जा रहे थे। तभी थाना चौक के समीप दूसरी बाइक रॉन्ग साइड में आ गई और सामने से धक्का मार दिया। हादसे में दोनों बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। चारों घायलों को रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां से दो को मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# ओवरलोड बाइक व पिकअप की टक्कर में एक की मौत

निज संवाददाता। मुंगेर



साफियाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंगेर-लखीसराय एनएच-80 के पड़हम के समीप रविवार को एक बाइक पर सवार होकर घर जा रहे तीन युवक का सामने से आ रही मालवाहक वाहन का आमने-सामने से टक्कर हो गई। जिससे बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को इलाज के सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान 22 वर्षीय प्रेमचंद कुमार की मौत हो गई। मृतक युवक सिंघिया गांव निवासी शिवनंदन सिंह का बड़ा पुत्र था। वहीं दो अन्य युवक नीरज कुमार एवं सूरज कुमार गंभीर रूप से घायल है, जिसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं सूरज कि स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया की मृतक प्रेमचंद पड़हम बाजार में फास्ट फूड का दुकान चलाता था। प्रेमचंद अपने गांव शिवकुंड निषाद टोला से दो अन्य ग्रामीण साथी के सामान खरीदने के लिए बाइक से मुंगेर गया था। वहीं से लौटने के क्रम में पड़हम के पास सामने से आ रही पिकअप मालवाहक वाहन से टक्कर हो गयी। वहीं धक्का मारकर भाग रहे आरोपी वाहन को पुलिस ने जब्त कर लिया, जबकि चालक फरार है। मृतक के परिजनों के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना को लेकर साफियाबाद थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर सुभंता कुमारी ने बताया कि आवेदन अबतक अप्राप्त है। यूडी केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विवि से 8 एसोसिएट प्रोफेसर के आवेदन करने की है सूचना

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर बिहार राज्य विवि सेवा आयोग पटना द्वारा राज्य के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों में प्राचार्य के पद पर नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि को 15 जुलाई तक विस्तारित किया गया था। जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई यानी सोमवार को समाप्त हो जाएगी। साथ ही ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी एवं सभी आवश्यक कागजात के स्पीड पोस्ट से आयोग कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। ऐसे में कहा जा रहा है कि स्क्रूटनी के बाद इंटरव्यू की प्रक्रिया पूरी करते-करते महीना भर का समय तो लग ही जाएगा। लिहाजा सितंबर में ही प्राचार्यों की नियुक्ति होने की संभावना है। मुंगेर विश्वविद्यालय में 17 अंगीभूत कॉलेजों में प्राचार्य का पद रिक्त है। इन कॉलेजों में अब तक प्रभारी प्राचार्य ही जिम्मेवारी संभाल रहे हैं। जानकारी के अनुसार मुंगेर विश्वविद्यालय से करीब 8 एसोसिएट प्रोफेसर के प्राचार्य पद के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सूचना है। नियुक्ति के विज्ञापन के समय अधिकतम उम्र 60 वर्ष हो। प्राचार्य की नियुक्ति के लिए राजभवन की लग चुकी है मुहर प्राचार्य की नियुक्ति के लिए तैयार किए गए नए रेगुलेशन पर राजभवन द्वारा मुहर लगाई जा चुकी है। जिससे अब आयोग द्वारा प्राचार्य की नियुक्ति का रास्ता साफ हो चुका है।

पूरे राज्य के 13 पारंपरिक विश्वविद्यालयों के 262 अंगीभूत कॉलेजों में करीब 225 में नियमित प्राचार्य के रिक्त पदों को भरे जाने की उम्मीद जग गई है। अंतिम बार 1996 में हुई थी प्राचार्यों की बहाली, कॉलेज होगा सुदृढ़ बता दें कि सूबे के विश्वविद्यालयों में अंतिम बार 1996 में हुई प्राचार्यों की नियुक्ति के बाद यह पहला बदलाव है। इसे सातवें वेतनमान के प्रभाव में आने के बाद उसके अनुरूप तैयार किया गया है।

### कनेक्टिंग फ्लाइट के लिए भेजी रिपोर्ट, रन-वे पर 4 करोड़ खर्च होंगे

# भागलपुर से कोलकाता, पटना और बागडोगरा के लिए 36 सीटर प्लेन सेवा मिलेगी

निज संवाददाता। भागलपुर




भागलपुर में न्यू ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण से पहले पुराने एयरपोर्ट से कनेक्टिंग फ्लाइट उड़ाने की तैयारी चल रही है। पुराने एयरपोर्ट के स्थिति की रिपोर्ट जिलाधिकारी ने विमानन निदेशालय को भेज दी है। भागलपुर से कोलकाता, पटना और बागडोगरा के लिए 30 से 36 सीटर कनेक्टिंग फ्लाइट उड़ाने के लिए जिला प्रशासन तैयार है। इस एयरपोर्ट के बाउंड्री पर 12 करोड़ खर्च किए गए हैं। अब रन-वे पर 4 करोड़ खर्च किए जाएंगे। विमानन निदेशालय से आदेश मिलने के बाद इस दिशा में पहल होगी।

**1970-75 के बीच कलिंगा एयरलाइंस की प्लेन उड़ान भरती थी:** भागलपुर में वर्षों से न्यू ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की मांग हो रही थी। बिहार कैबिनेट की मंजूरी के बाद गोराडीह में 692 जमीन चिह्नित की गई है। यहां जब तक अंतिम फैसला आएगा और एयरपोर्ट बनकर तैयार होगा तब तक पुराने एयरपोर्ट से कनेक्टिंग फ्लाइट के लिए रिपोर्ट भेजी गई है। भागलपुर से 1970-75 के बीच कलिंगा एयरलाइंस की प्लेन उड़ान भरती थी।

**उद्योग को भी मिलेगा बढ़ावा:** भागलपुर में हवाई सेवा यहां के सिल्क उद्योग को बढ़ावा देने, पर्यटन को बढ़ावा देने, यहां के जीआई टैग प्राप्त कतरनी धान, जर्दालु आम के व्यापार को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही प्राचीन विक्रमशिला विश्विविघालय, ट्रिपल आईटी, बिहार कृषि विश्विद्यालय यहां है। अगर हवाई सेवा की शुरुआत होती है तो शिक्षा के क्षेत्र में भागलपुर फिर अपनी अलग पहचान बनाएगा।

# नारायण कृषि विज्ञान संस्थान का पांचवां स्थापना दिवस संपन्न




**जमुहार(रोहतास)**। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय ,जमुहार के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान का पांचवा स्थापना दिवसीय समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त वाराणसी के गणमान्य किसान चंद्रशेखर सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। ।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कृषि विज्ञान के छात्रों व शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि से पलायन रोकने के लिए कृषि को उद्यमिता के तौर पर देखना होगा एवं नई पीढ़ी को इससे जोड़े रखने की आवश्यकता है। संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह ने कहा कि समाज में सार्थक बदलाव के लिए विद्यार्थियों को निरंतर प्रयासरत रहना होगा एवं नया सीखने और उसके क्रियान्वयन के लिए प्रयासरत रहना होगा। सभी मान्यगणों का स्वागत संबोधन नारायण कृषि विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो० एच०के ० सिंह ने किया एवं संस्थान की उपलब्धियों को बताया। संस्थान के प्रति कुलपति डॉक्टर जगदीश सिंह ने कहा कि भारत की बढ़ती हुई जनसंख्या को भोजन प्रदान करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी कृषि क्षेत्र पर ही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि निरंतर उत्पादन और उत्पादन की गुणवत्ता में अग्रसर हो रहा है। संस्थान के परीक्षा नियंत्रक डॉ० कुमार आलोक प्रताप ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्थान के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ० संदीप कुमार मौर्य थे जबकि कार्यक्रम का संचालन डॉ० तृषा सिन्हा एवं डॉ० अमृता कुमारी ने किया । धन्यवाद ज्ञापन डॉ० ए० के० सिंह ने किया।

# ट्रांसफर, पोस्टिंग और इंटरव्यू में धांधली को लेकर विरोध

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के राधा रानी सिन्हा रोड स्तिथ दक्षिण ग्रामीण बैंक में क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर सोमवार को बैंक कर्मी दो दिवसीय धरने पर बैठ गए और प्रदर्शन किया। जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर ज्वाइंट फोरम के तहत दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के कर्मियों ने एकजुटता दिखाते हुए बैंक प्रबंधन के खिलाफ विरोध जताया। धरना-प्रदर्शन धरने पर बैठे बैंक के ऑफिसर सह फेडरेशन के चेयरमैन अतुल कुमार ने बताया कि धरना-प्रदर्शन तीन शाखा के कर्मियों ने संयुक्त रूप से की है। जिसमें फरवरी माह से ही अपनी 17 सूत्रीय मांग को लेकर जद्दोजहद कर रहे हैं। ट्रांसफर, पोस्टिंग, इंटरव्यू जैसी तमाम मुद्दे पर लगातार बैंक में धांधली हो रही है, लेकिन प्रबंधन को इस पर कोई विचार करने की आवश्यकता नहीं दिखाई देती। मार्च में भी प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसको देखते हुए दक्षिण बिहार बैंक के अलग-अलग शाखों से बैंक कर्मियों ने धरने पर बैठना उचित समझा। शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग को लेकर डटे हुए हैं। आज लगभग 200 से अधिक बैंक कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन किया और प्रबंधन से खुले तौर पर अपनी मांग पूरे करने की अपील की।

## पांच साल से पति पत्नी के विवाद को महिला डेस्क ने सुलझाया

**नरहट (नवादा)**। महिलाओं की समस्या के लिए नरहट थाना परिसर में खुला महिला डेस्क सक्रिय रूप से काम कर रहा है। शिकायत के बाद महिला डेस्क के पुलिस पदाधिकारी मामलों को लगातार सुलझाने का काम कर रहे हैं। सोमवार को भी पांच साल से चला आ रहा पति पत्नी के बीच विवाद को सुलझाने का काम महिला डेस्क द्वारा किया गया है। महिला डेस्क पदाधिकारी एसआई नेली तिरकी ने बताया कि दादपुर टोला धानी बिगहा थाना अकबरपुर के पीड़ित महिला सरिता देवी अपने माता पिता के साथ थाना पहुची।

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना सं० NPB-03 / 2024–25**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर में आवश्यक कार्य हेतू क्षेत्र भ्रमण एवं दैनिक कार्यो के सफल निश्पादन हेतू किराये पर एक चार पहिया (बिना चालक) वाहन (Mahindra Scarpio / Mahindra SUV / Mahindra Bolero / Mahindra TUV 300 with AC) की आवश्यकता है। नगर परिशद्, बिश्रामपुर द्वारा वाहन को भाडे पर लेने में प्रथम स्थान पर Mahindra Scarpio, द्वितिय स्थान पर Mahindra SUV, तृतीय स्थान पर Mahindra Bolero एवं चतुर्थ स्थान पर Mahindra TUV 300 चार पहिया वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए ऑफलाईन कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता वाहन के आवश्यक कागजातों (वाहन निबंधन प्रमाण–पत्र, इंश्योरेंस, रोड टैक्स एवं प्रदुशण प्रमाण–पत्र) सहित दर के साथ बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दिनांक 22.07.2024 को अपराह्ण 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरान्त न्यूनतम दर दाता को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन होने के उपरांत वाहन मालिक के साथ तीन वर्श हेतू एकरारनामा किया जायेगा। वाहन परिचालन के दौरान होने वाली सभी तरह की खराबी, सर्विसिंग की तत्काल जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालिक की होगी। कोटेशन दिनांक 22.07.2024 अपराह्ण 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर में खोली जाएगी। इस संबंध में नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

किसी भी समय इस कार्य को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | दर (प्रतिदिन) | दर (प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |

नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 329721 District(24-25)#D

**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर**
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन / दर आमंत्रण सूचना संख्या– NPB-02/2024-25**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक पंजीकृत निर्माणकर्ता / अधिकृत विक्रेता से निम्नलिखित विद्युत सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द दर (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– 22.07.2024 को समय 2:00 बजे अपराहन् तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार प्रति अद्द दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन दिनांक 22.07.2024 अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के प्रोक्योरमेन्ट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Light Name | Item name | Light Capacity |
|---|---|---|---|
| 01 | High Mast Light | LED PCB Plate | 200 Watt |
| 02 | | Driver | |
| 03 | | LED PCB Plate | 150 Watt |
| 04 | | Driver | |
| 05 | Street Light | LED PCB Plate | 70 Watt |
| 06 | | Driver | |
| 07 | | LED PCB Plate | 120 Watt |
| 08 | | Driver | |
| 09 | Cable Aluminum (4 Core) | | 8MM |
| 10 | Wire Aluminum | | 2.5 MM |
| 11 | Tape | | - |
| 12 | MCB 2 Pole (Plate Box) | | - |
| 13 | MCB (32A) | | - |
| 14 | BED Switch | | - |

नोटः–नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है:–

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् बिश्रामपुर

PR 329722 District(24-25).D

## संक्षिप्त समाचार

### इमामगंज से चार और कोठी से दो फरार वारंटी गिरफ्तार, जेल

**भागलपुर, एजेंसी।** इमामगंज व कोठी थाने की पुलिस ने रविवार को अलग -अलग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में इमामगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुराने मामले में फरार वारंटी विश्रामपुर गांव के अंबुज सिंह, रामसुंदर सिंह, लोकनाचक गांव से अरुण भुइयां और डायन ओझा के मामले में फरार छोटका करासन गांव के वारंटी धनजय यादव को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया। वहीं कोठी थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मांझियांमा गांव के पुराने मामले में पहरा चल रहे रामजी यादव और सोहन यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### समाज को समृद्धि व प्रगति की ओर ले जाती है शिक्षा : पटेल

**भागलपुर, एजेंसी।** शिक्षा से सामाजिकता का बौद्धिक विकास होता है। साथ ही शिक्षा समाज को समृद्धि व प्रगति की ओर ले जाती है। गया जिले में सरदार पटेल छात्रावास निर्माण सह शिक्षा संकल्प अभियान की शुरुआत करते हुए अमनौर के भाजपा विधायक मन्टू सिंह पटेल ने यह बातें कहीं। रविवार को गया किला मुख्यालय में सरदार पटेल छात्रावास निर्माण के लिए गांधी मंडप में अभियान समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल एक नारा ही नहीं है बल्कि यह एक समर्पण और प्रतिबद्धता है। शिक्षा के महत्व को हर संभव से प्रोत्साहित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा प्राप्त करने वाला हर मानव शिक्षित होकर समाज को शक्तिशाली बनाता है। हमारी पहचान, संस्कृति, और सामाजिक मूल्यों को समझने में मदद भी करता है। बताया गया कि पटेल छात्रावास निर्माण ट्रस्ट के माध्यम से जिले के हरेक गांव में जाकर छात्रावास निर्माण के लिए सदस्यता सह शिक्षा संकल्प अभियान चलाएगा और उसके उद्देशयों के बारे में बताएगा। इस संदर्भ में विधायक सह ट्रस्ट के अध्यक्ष मंटू सिंह पटेल ने हिन्दुस्तान को बताया कि यह अभियान पूरे बिहार को शिक्षा के क्षेत्र में जगाने के लिए है। आने वाले समय में लड़ाई शिक्षा की ही होगी। परिवार, समाज, गांव, राज्य और देश को बढ़ाने वाले लोग ही आगे रहेंगे। सरदार पटेल की विचारधारा को संतुष्ट करने वाले लोगों के लिए राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय में सरदार पटेल छात्रावास का निर्माण किया जा रहा है। गांधी मंडप में अभियान समिति की बैठक में सरदार पटेल छात्रावास निर्माण अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बबन कुमार सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद ब्रजभूषण कुमार, बिनोद मंडल, अनिल कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पंसस ने लघु सिंचाई मंत्री से की ढाढर नदी में गाइडवाल निर्माण की मांग

**गया, एजेंसी।** फतेहपुर प्रखंड की काफी पिछड़ा व सुदूर नौडीहा झुरांग पंचायत की मुख्य समस्याओं को लेकर पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार ने अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण व लघु सिंचाई मंत्री संतोष कुमार सुमन से पटना स्थित उनके आवास पर मिले। उन्होंने मंत्री से मिल उन्हें पंचायत की समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही उन्हें मांग पत्र सौंप उनसे समस्या निदान की मांग की। नौडीहा झुरांग पंचायत क्षेत्र संख्या 26 के पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने मुख्य रूप से ग्राम पंचायत नौडीहा झुरांग में हाई स्कूल नौडीहा से ग्राम गोली तक ढाढर नदी के किनारे गाइडवाल का निर्माण कराने की मांग रखी। इसके साथ ही बडगांव मोड़ से कुंभियातरी मोड़ से होकर मांझी टोला होते हुए रविदास टोला तक सड़क का निर्माण और कुंभियातरी स्थित अतिप्राचीन ऐतिहासिक व धार्मिक गोली पहाड़ी को विकसित करने और इसे पर्यटन क्षेत्र से जोड़ने की भी मांग की है। उन्होंने मंत्री श्री सुमन से कहा कि नौडीहा झुरांग पंचायत काफी पिछड़ा क्षेत्र है जो झारखंड के सीमा से सटा हुआ है। अगर इन मुख्य समस्याओं का निदान कर दिया जाए तो इस सुदूर क्षेत्र का विकास संभव होगा। साथ ही क्षेत्र के लोग भी खुशहाल होंगे। पंसस मुकेश कुमार ने मंत्री जी अनुरोध किया है कि क्षेत्र की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उपर्युक्त मुख्य मांगों को जल्द पूरा का आग्रह किया है। मंत्री श्री सुमन ने उपरोक्त समस्याओं का जल्द निराकरण का आश्वासन दिया है।

## नवादा में डीएम ने कहा-सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें मुहर्रम पर्व, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई




**नवादा, एजेंसी।** नवादा में रविवार को समाहरणालय सभागार में डीएम आशुतोष कुमार वर्मा और एसपी अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इसमें मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के साथ विधि-व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। शांति समिति के सदस्यों से फीडबैक भी लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि शांति समिति के सदस्य मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला के शांति दूत है। इस पर्व को सम्पन्न कराने के लिए सभी लोगों को तत्परता से कार्य करना होगा। इसके लिए जिला, अनुमंडल और भीड़ वाले स्थलों पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही सभी शांति समिति के सदस्य युवा वर्ग को शांतिपूर्ण ढंग से पर्व सम्पन्न कराने के लिए सही मार्गदर्शन देंगे। इसके लिए सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा पर्व के अवसर पर नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएगी। लाईसेंस धारी भी अपने स्तर से वीडियो ग्राफी व फोटोग्राफी कराएंगे। ड्रोन के माध्यम से भी मेला और भीड़ पर निगरानी रखी जाएगी। मेला स्थल और कर्बला जाने के रास्ते में लाइटिंग और सीसीटीवी लगाने के साथ स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और चलत शौचालय आदि की व्यवस्था सुलभ कराई जाएगी।

**शांति समिति सदस्यों का मिला है सहयोग : एसपी :** एसपी ने कहा कि अभी तक सभी पर्व त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से से सम्पन्न कराने में शांति समिति के सदस्यों का काफी सहयोग रहा है। इस मोहर्रम पर्व में भी शांति समिति के सदस्यों का सहयोग अपेक्षित है। सोशल मीडिया पर भी जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के अफवाह को सच मानने से पहले अधिकारियों से जांच करा लें। जुलूस में शामिल बच्चे किसी भी घटना पर रिएक्ट नहीं करें। डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। बाइक का प्रयोग जुलूस में नहीं किया जायेगा। राजनीतिक दलों का पोस्टर, बैनर आदि नहीं रहेगा। नशा में कोई नागरिक शामिल नहीं होंगे। अस्त्र-शस्त्र, डीजे और लाठी का उपयोग नहीं होगा।

### भीड़ नियंत्रण के लिए बनाए जाएंगे ड्रॉप गेट

भीड़ को नियंत्रण करने के लिए जगह-जगह पर ड्रॉप गेट लगाया जाएगा। सीसीटीवी, वीडियो ग्राफी और ऊँचे भवनों पर सशस्त्र पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य जुलूस बुंदेलखंड से डीएम आवास तक जाएगी। जहां पर ड्रोन से भी निगरानी रखी जायेगी। जुलूस को दूसरे धर्म के स्थान पर नहीं रोकना है और किसी के भावनाओं को आहत नहीं पहुंचाना है।

**लाइसेंसधारी ही जुलूस में होंगे शामिलर :** जौली एसडीओ आदित्य कुमार पियूष ने कहा कि सभी लाईसेंस धारी को ही जुलूस में सम्मिलित किया जाएगा। निर्धारित रूट से ही जुलूस में शामिल लोगों को जाना है। लाउडस्पीकरकी अनुमति एसडीओ कार्यालय से दी जाएगी। रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। जुलूस मार्ग में स्थित सभी बिजली के तारों को ठीक किया गया है। वालंटियर अपने साथ आधार कार्ड आदि पहचान पत्र अवश्य रखेंगे। अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती से निपटाया जायेगा।

### लाइटिंग व साफ-सफाई की हो व्यवस्था

मो अनवर भट्ट ने कहा कि लाइटिंग और साफ-सफाई की व्यवस्था नगर परिषद की ओर से किया जाना चाहिए। एमएलए प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि मिल्की गांव में चार जगहों से ताजिया निकलती है। विरनामां और भट्ठा गांव में विशेष निगरानी की आवश्यकता है। मो फकरूद्दीन, विनय यादव, नारायण स्वामी मोहन, मो बैजुउद्दीन आदम खान, मो अरशद अफजली आदि ने भी मोहर्रम जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# अनंत-राधिका की शादी में लोग फूहड़ ड्रेस में थे:सभी के अंग दिख रहे थे, हमारा परिवार एडजस्ट नहीं करता: जीतनराम मांझी



**पटना, एजेंसी।** 12 जुलाई को भारत के बड़े उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी हुई। इस शादी में बॉलीवुड, हॉलीवुड से लेकर राजनीति की बड़ी-बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। शादी के दूसरे दिन 13 जुलाई को हुए आशीर्वाद समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहुंचे।

शादी में बिहार के पूर्व सीएम लालू यादव भी परिवार के साथ शामिल हुए। वहीं प्रदेश के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने इस शादी में शामिल नहीं होने की वजह बताई है। उन्होंने कहा कि इस शादी में फूहड़ प्रदर्शन हुआ है। फूहड़ कपड़ों के कारण शादी में शामिल लोगों के अंग दिख रहे थे। हमारा परिवार ऐसी जगह नहीं जा सकता था। हम एडजस्ट नहीं कर सकते थे। रविवार को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जहानाबाद में कार्यक्रम में पहुंचे थे। जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए ये बातें कहीं।

### बेटा-बहू को साथ लेकर नहीं जा सकते थे

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से जहानाबाद में पत्रकारों ने सवाल किया कि आप मुकेश अंबानी के बेटे की शादी में क्यों नहीं गए? क्या आपको निमंत्रण मिला था या फिर निमंत्रण ही नहीं मिला? इसका जवाब देते हुए मांझी ने कहा कि अंबानी के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए हमें निमंत्रण मिला था। हम लोग छोटे तबके से हैं। जिस संस्कृति में वहां पर स्वागत हुआ और बारात निकली, उसको हम लोग कहते हैं कि फुहड़ ड्रेस में सभी लोग थे। सभी अंग दिख रहा था। ऐसी स्थिति में अपनी बेटी और बहू को वहां पर नहीं ले जा सकते थे।

### हमने न्योता भेजवा दिया

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि जिस तरह के सूट और पैंट पहन के लोग वहां जाते हैं। कमर हिलाते हैं, वैसा हम नहीं कर पाएंगे। यही वजह है कि अलग से उन्हें शुभकामनाएं भेज दी है। जाना उचित नहीं समझे। क्योंकि, वहां पर अमीरी का जो प्रदर्शन है, उसमें मेरा परिवार एडजस्ट नहीं कर पाएगा।

### बिहार से लालू यादव और चिराग पासवान का परिवार पहुंचा

देश की चर्चित और महंगी शादियों में शुमार अनंत अंबानी की शादी में राजनीतिक, सामाजिक, फिल्म और क्रिकेट जगत के साथ-साथ देश के कई नामचीन हस्तियां शामिल हुई थीं। बिहार से लालू यादव की पूरी फैमिली शादी में शामिल हुई थी। इसके अलावा चिराग पासवान भी अपनी मां के साथ शादी में पहुंचे।



## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने तीन लोगों के किया गिरफ्तार

**किशनगंज, एजेंसी।** किशनगंज में भारत बांग्लादेश सीमा पर रविवार को तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को बीएसएफ के जवानों ने पकड़ा। बीएसएफ की 72वीं बटालियन के बीओपी बोर्रा के जवानों ने तीनों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार तीनों लोग भारतीय सीमा से बांग्लादेश में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार लोगों से जब पूछताछ की गई तो तीनों बांग्लादेशी नागरिक निकले। बीएसएफ महा निरीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों घुसपैठियों की पहचान अब्दुल रहीम का बेटा रोबीउल (31), अकबर अली का बेटा मो फरीद (25), मो शाह जमाल का बेटा मो सैमुल (18) के रूप में हुई है। तीनों ही बांग्लादेश के ठाकुरगांव के रहनेवाले है।



## कमजोर पड़ा मॉनसून, इस सप्ताह बारिश के आसार नहीं

**पटना, एजेंसी।** पटना सहित बिहार में इस सप्ताह मानसूनी बारिश के आसार नहीं है। जिस कारण अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को बैचैनी करने वाली गर्मी का एहसास होगा। प्रदेश का अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वायुमंडल में स्थानीय परिस्थितियां बनने के कारण कुछ जगहों पर गरज व चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह प्रदेश से मानसून की ट्रफ रेखा नहीं गुजरने और चक्रवाती परिसंचरण नहीं बनने के करण मानसून के झमाझम बारिश होने की संभावना नहीं है। हालांकि जुलाई में अब तक मानसून की अच्छी बारिश हुई है। सूबे में 20 जून को मानसून प्रवेश किया था। जिसका प्रसार पूरे बिहार में 28 जून को हुआ। जून में मानसून की बारिश सामान्य से 52 प्रतिशत कम रही। लेकिन 14 जुलाई तक मानसून की बारिश सामान्य से 9 प्रतिशत ही कम है। प्रदेश में 324 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए, लेकिन 296.3 मिमी ही बारिश हुई है।

**28 जिलों में हुई सामान्य से कम बारिश :** पटना सहित 28 जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश हुई है। जबकि 10 जिलों में अधिक बारिश हुई है। सामान्य से सबसे कम बारिश सहरसा में 43 प्रतिशत हुई। वहीं सामान्य से सबसे अधिक बारिश किशनगंज में 64 प्रतिशत हुई। पटना में सामान्य तौर पर 282 मिमी बारिश होनी चाहिए। लेकिन 195.4 मिलीमीटर ही बारिश हुई। जो सामान्य से 31 प्रतिशत कम है।

### 26 शहरों का अधिकतम पारा चढ़ा

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को पटना सहित प्रदेश के 26 शहरों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। वहीं 9 के तापमान में गिरावट आई। प्रदेश का सबसे गर्म शहर 37.4 डिग्री सेल्सियस के साथ पुपरी रहा।

**पटना में हुई हल्की बारिश, अधिकतम पारा चढ़ा :** पटना में रविवार सुबह से ही बादलों की आवाजाही शुरू हो गई थी। जिस कारण लोगों को कभी गर्मी, तो कभी आंशिक तौर पर राहत महसूस हो रहा था। इस दौरान पटना सहित आसपास के इलाकों में कई बार बारिश भी हुई। राजधानी में दोपहर और शाम को हल्की बारिश हुई। इसके बावजूद अधिकतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। राजधानी का अधिकतम तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# किसानों को अनुदान पर मिलेगा ड्रोन, खेती में होगी आसानी

### सीवान में जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा 60 प्रतिशत तक का मिलेगा अनुदान




**सीवान, एजेंसी।** पीपीपी मोड योजना के तहत किसानों को कीटनाशक दवा और तरल पदार्थ के छिड़काव के लिए कृषि विभाग की ओर से ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। ड्रोन की खरीदारी के लिए किसानों को 60 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाएगा। ड्रोन की मदद से बड़े रकबा वाले किसानों को दवा व तरल पदार्थ के छिड़काव में आसानी होगी। इसके लिए किसान अपने खेत के साथ-साथ दूसरे के खेतों में भी छिड़काव करने के लिए स्वतंत्र होंगे। किसानों को ड्रोन के लिए 7 लाख 3 हजार रुपया दिया जाएगा। इसमें किसानों को 60 प्रतिशत अनुदान मिल जाएगा। इसमें किसान को 4 लाख 38 हजार रुपया का अनुदान मिलेगा। जिला कृषि पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए कृषि विभाग के वेब साइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद किसानों को यह ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदन के बाद किसानों को लॉटरी सिस्टम से ड्रोन उपलब्ध कराया जाएगा। ड्रोन की खरीदारी के बाद पौधा संरक्षण के सहायक निदेशक जांच करेंगे। इसके बाद किसानों को अनुदान की राशि भुगतान कर दी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि ड्रोन की मदद से किसानों को खेती करने में आसानी होगी। इससे किसान आसानी से अपने खेतों में तरल या किसी भी प्रकार के खाद का छिड़काव कर सकेंगे।

### अभाविप ने की प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग की

**दरभंगा, एजेंसी।** अभाविप ने लनामिवि के कुलपति से सीएम कॉलेज की घटना की उच्च स्तरीय जांच कर प्रधानाचार्य के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर अभाविप ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी है। विज्ञप्ति जारी कर जिला संयोजक वागीश झा ने कहा कि सीएम कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के दौरान छात्राओं व एससी-एसटी छात्रों से अवैध राशि ली जा रही थी। इसी मुद्दे को लेकर 13 जुलाई को प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर, सत्यम कुमार, राजकुमार मुखिया, प्रणव कुमार प्रधानाचार्य से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे थे। जिला संयोजक ने प्रधानाचार्य पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाते हुए अभाविप नेता पर प्राथमिकी के लिए आवेदन दिए जाने की निंदा की।

# 5 नई प्रजातियों के मुर्गे जल्द बाजार में, बिहार पशु विज्ञान यूनिवर्सिटी कर रहा रिसर्च



**पटना , एजेंसी।** मांसाहार के शौकीनों को जल्द नई प्रजातियों के मुर्गों का स्वाद चखने को मिलेगा। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय जल्द ही नया आयाम गढ़ने जा रहा है। विश्वविद्यालय मुर्गों की पांच नई प्रजातियां पर शोध कर रहा है, जो जल्द ही बाजार में आएगा। नई प्रजातियां रेड कॉर्निश कड़कनाथ, रेड कॉर्निश आरआईआर, रेड कॉर्निश फ्लाई माउथ रॉक के अलावा कड़कनाथ आरआईआर और आरआईआर रेड कॉर्निश शामिल होंगे। दूसरी प्रजातियों से क्रॉस प्रजनन कर इन्हें तैयार किया जा रह है। शोध विशेषज्ञों का दावा है कि नई प्रजाति की मुर्गियां ज्यादा अंडे देंगी। मुर्गों का वजन अधिक होगा। मौजूदा मुर्गों से इसका स्वाद भी अगल होगा। प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होगी। महान क्रिटेकर महेंद्र सिंह धोनी कड़कनाथ मुर्गे का पालन करते थे।

### वजन चार किलो तक होगा

मुर्गे का रंग लाल होगा। वजन चार किलो तक का होगा। आकार में अबतक की प्रजातियां से बड़ा होगा। इसका स्वाद भी मटन की तरह होगा। वहीं इस प्रजाति की मुर्गियां सलाना 250 तक अंडा देंगी। अभी जो मुर्गियां हैं वह साल में 100 से 200 तक ही अंडे देती हैं।

### अब लाल रंग का भी होगा कड़कनाथ मुर्गा

काले रंग के कड़कनाथ मुर्गों की प्रजातियां अबतक देखी जा रही थी, लेकिन अब लाल रंगों में कड़कनाथ मुर्गा देखने को मिलेंगे। काले कड़कनाथ मुर्गों का वजन दो किलो तक ही है। इन मुर्गों की मांग भी अब कम हो गई है। नई तैयार हो रही प्रजातियां में कंड़कनाथ मुर्गा न सिर्फ वजन होगा बल्कि लाल रंग का भी होगा। इससे मीट का रंग काले की जगह सामान्य मुर्गों की तरह होगा। स्वाद भी काले कड़कनाथ से बेहतर होगा। यह नई प्रजाति का कड़कनाथ मुर्गे के शौकीन लोगों को खूब भा सकता है।

**विश्वविद्यालय के मुर्गी फार्म में पहले से आठ प्रजातियां :** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के मुर्गी फार्म में पहले से आठ प्रजातियां विकसित की गई हैं। अब कुल 13 हो जाएंगी। आठ प्रजातियों में वन राजा, फ्लाई माउथ रॉक, रेड कॉर्निश, कड़कड़नाथ आरआईआर, फ्लाई माउथ रॉक ब्लैक और दो प्रजातियां सीएसएफलएल, सीएसएमएस बरेली से आए हैं।

### आरआईआर सबसे अधिक अंडा देने वाली प्रजाति

मुर्गियों में आरआईआर सबसे अधिक अंडा देने वाली प्रजाति होगी। यह याल में 240 से 250 से अंडा देगी। फिलहाल वनराजा 200 तक अंडे देती हैं। कड़कनाथ की प्रजाति एक वर्ष में सबसे कम 90 से 100 अंडे देती हैं। विवि के मुर्गी फार्म में 3 हजार मुर्गियां, 22 हजार चूजे और 500 मध्यम उम्र की मुर्गियों का पालन हो रहा है।

### मुहर्रम को लेकर यातायात रूट बदले

**भागलपुर, एजेंसी।** सराय चौक से लेकर किलाघाट सराय तक मुहर्रम को लेकर दोपहर बाद से ही जायरीनों और पैकर लोगों की अत्यधिक भीड़ को देखते हुए सराय चौक, किलाघाट चौक, विश्वविद्यालय थाना के पास पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। बड़े और चार चक्का वाहनों को विश्वविद्यालय से सराय आने वाले रूट पर इंट्री नहीं दी जा रही है। शाम के समय साहेबगंज की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को टीएनबी कॉलेज के रास्ते भेजा रहा था तो टीएनबी कॉलेज की ओर आने वाले वाहनों को या तो लौटाया जा रहा था या फिर साहेबगंज के रास्ते जाने को कहा जा रहा था।



# मानसून में घर की दीवारों में आ जाती है नमी, तो आज से ही करें ये काम

**मानसून आते ही मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है, जिसके कारण घर की दीवारों का पेंट फूलने लगता है। इससे न सिर्फ दीवारें खराब होती है बल्कि इससे सटाकर रखी गई सामान भी बेकार हो जाती है।**

मानसून का मौसम जल्द ही दस्तक देने वाला है। ऐसे में मौसम तो काफी सुहाना रहता है लेकिन इस दौरान अक्सर घरों में सीलन आने लगती है। दीवार पर मौजूद नमी धीरे-धीरे इससे सटे हुए सामान जैसे अलमारी, बेड आदि को खराब कर देता है। दरअसल, बारिश के मौसम में नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। ऐसे में घर की दीवारों को खास देखभाल करने की जरूरत होती है। ह्यूमिडिटी बढ़ने के कारण घर की दीवारों पर फफूंद के निशान और अजीब से दुर्गंध आने लगती है। अगर आप इस मानसून घर की दीवारों को खराब होने से बचाना चाहती है तो आज ही कर लें ये काम।

### वाटरप्रूफ पेंट का करें इस्तेमाल

घर को सुंदर दिखाने में पेंट का अहम रोल होता है। ऐसे में पेंट करवाते समय वाटरप्रूफ कलर का इस्तेमाल करें। इस तरह से आप एक साथ दो काम कर सकते हैं पहला घर लंबे समय तक सुंदर और दूसरा बरसात से घर को सुरक्षित।

### प्लम्बर से नल को कराएं चेक

घर में लगे पानी के टैप को समय-समय पर चेक करें। बारिश का पानी के बजाय कई बार पाइप कनेक्शन से रिसने वाले पानी के कारण दीवार में नमी आती है। ऐसे में दीवार में आने वाली नमी के कारण पेंट फूल कर गिरने लगता है, जिससे गंदगी और स्मेल दोनों बढ़ जाती है।

### वेंटिलेशन का रखें ध्यान

बारिश होने के बाद घर की खिड़कियों को जरूर खोल दें। हल्की धूप निकलने पर घर के कपड़े से लेकर मैट परदे आदि को धूप दिखाएं। वेंटिलेशन का खास ख्याल रखें ऐसा करने से आप दीवारों को नमी से कुछ हद तक बचा सकते हैं।

### पानी को निकलने वाली जगह को रखें क्लीन

घर में जहां पर पानी निकलने का सोर्स है उस जगह को हमेशा साफ रखें। कई बार नाली में जमी गंदगी व कचरे के कारण बारिश का पानी आसानी से बाहर नहीं निकल पाता। पानी एकत्र होने के कारण दीवार की मदद से वह ऊपर चढ़ने लगता है।



सर्दी हो या गर्मी हर मौसम में घर की सफाई रखनी जरूरी होती है। खासतौर इसकी जरूरत बारिश में ज्यादा हो जाती है क्योंकि इस दौरान नमी की वजह घर से स्मेल आने लगती है।

# मानसून के मौसम में इन हैक्स की मदद से करें सफाई

## क्लीन और स्मेल फ्री रहेगा घर

मानसून और बारिश में घर को साफ-सुथरा रखना किसी चैलेंज से कम नहीं होता। बारिश के कारण घर में 24 घंटे नमी बनी रहती है जिसकी वजह से लकड़ी के फर्नीचर और कपड़ों में स्मेल और दीमक लगने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं बाहर से आने पर घर में पानी के साथ-साथ कीचड़-मिट्टी हो जाता है। हालांकि सही क्लीनिंग हैक्स की मदद से इससे निजात पा सकती हैं। इन हैक्स को अपनाकर आप कम मेहनत में अपने घर को क्लीन और स्मेल फ्री रख सकती हैं।

### बारिश में घर को साफ करने के लिए अपनाएं ये हैक्स

आमतौर पर बारिश के मौसम में सफाई का काम कई गुना बढ़ जाता है। इस समय कम धूप और ज्यादातर बारिश होती रहती है जिसके कारण से सीलन और चिपचिपाहट बनी रहती है। बेशक ही तेज हवा और बारिश गर्मी से आराम दिलाता है लेकिन काम बढ़ा देता है। इस दौरान न सिर्फ कीचड़ घर के अंदर आता है बल्कि कीड़े-मकोड़े भी बढ़ जाते हैं।

### पानी सोखने वाले डोरमैट का करें इस्तेमाल

डोरमैट का इस्तेमाल हम सभी पैरों और जूतों पर लगी मिट्टी को साफ करने के लिए करते हैं। इस मौसम में घर के दरवाजे पर ऐसा डोरमैट बिछाए जो पानी और गंदगी को आसानी से सोख लें। आज के समय लोग बाजार में मिलने वाले फैशनेबल मैट का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें पानी और गंदगी को साफ करना आसान तो होता है लेकिन इन्हें साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। बारिश में हल्का और नमी सोखने वाला डोरमैट इस्तेमाल करें। आप चाहें तो इसे घर पर पुराने कपड़े की मदद से बना सकती हैं। पायदान को दूसरे व तीसरे दिन में धोकर सुखा दें।

### घर के अंदर आने वाले पानी को रोके

बारिश में घरों में सीलन आने की समस्या काफी आम बात है। लेकिन इससे होने वाली दिक्कत हर किसी को परेशान करती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले सीलन की समस्या का उपाय खोज लें। इसके लिए घर में बनी नालियों को साफ करें। दीवारों पर वाटरप्रूफ पेंट करें। दरार वाली जगहों को चेक कर सही कराएं।

### अलमारी को बारिश से पहले करें साफ

वैसे तो हर मौसम में अपनी अलमारी को साफ करना जरूरी है। लेकिन अगर आपने अलमारी को दीवार से चिपकाकर रखा है तो उसकी नमी कपड़ों तक पहुंच जाती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले अलमारी को दीवार से हटाएं। इसके बाद अलमारी के अंदर बनी रैक पर पेपर बिछाकर कपड़ों को सही से व्यवस्थित करें। नमी आने के कारण अक्सर कपड़े बदबू करने लगते हैं। ऐसे में आप कपूर, दालचीनी और नीम की पत्तियों को बांधकर इसके बीच में रखें। ये सामग्री नमी को सोखने का काम कर उन्हें सुरक्षित रखता है।



# बरसाती कीड़ों से पाना है छुटकारा तो ऐसे करें घर की सफाई

बारिश के मौसम में बरसाती कीड़े के साथ ही घर में चीटी और काकरोच जैसी चीजें भी आने लगती है। ऐसे में अगर घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। बारिश के मौसम में घर की सफाई करने के लिए आपको कुछ आसान हैक्स की मदद लेनी चाहिए।

### दरार और छेद को बंद करें

घर की दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों में मौजूद दरारों और छेदों को सीलेंट या प्लास्टर से बंद करें ताकि कीड़े घर के अंदर न आ सकें। ध्यान रखें कि मानसून के दिनों में घर की सफाई सही तरीके से करना चाहिए।

### कूड़ेदान को साफ रखें

कूड़ेदान को रोजाना साफ करना चाहिए। अगर आप डेली कूड़ेदान को साफ नहीं करती हैं तो उसमें कीड़े लगने लगते है। कचरे को समय-समय पर बाहर निकालें। साथ ही आपको कूड़ेदान को भी धोते रहना चाहिए।

### घर में जाली लगाएं

खिड़कियों और दरवाजों पर मानसून के महीने में जाली लगाएं ताकि कीड़े अंदर न आ सकें। साथ ही आपको रोजाना अपने घर को शाम के समय पोछा लगाना होगा।

### गंदे बर्तन न छोड़ें

खाना खाने के बाद बर्तनों को तुरंत साफ करें। गंदे बर्तन लंबे समय तक छोड़ने के कारण बर्तन में कीड़े लगने लगते हैं। ऐसे में आपको ध्यान रखना है कि रात के समय भूलकर भी बर्तन को बेसिन में ना छोड़ें।



# बरसात में आपका घर न लगे अस्त-व्यस्त, इसलिए उसे इस तरह से करें व्यवस्थित

**मानसून अपने साथ राहत लेकर आता है, यह तो हमको मालूम ही है। मगर आपने ध्यान दिया होगा कि अक्सर बारिश होने की वजह से चीजें अस्त-व्यस्त रहती है। घरों में सीलन आदि होने लगती है और इसी के कारण बदबू भी होने लगती है।**

जरूरी है कि मानसून में आप अपने साथ-साथ घर का भी पूरा ख्याल रखें। अपने घर को मेंटेन रखने के लिए आप क्या-क्या तरीके अपना सकती हैं, इसके बारे में आपने सोचा है? अगर नहीं, तो हम ऐसे ही कुछ खास तरीके आपको बताने वाले हैं, जिसके साथ आप अपने घर को व्यवस्थित कर सकती हैं और मानसून की टेंशन से दूर हो सकती हैं।

### खुशबू का रखें ख्याल

मानसून के कारण घरों में से एक अजीब से महक आना शुरू हो जाता है। वह दीवारों के गीले होने के कारण होती है। ऐसे में कभी आपके घर कोई मेहमान आ जाए तो आपको कितनी फजीहत होगी। ऐसा न हो इसके लिए हमेशा नियमित रूप से घर की साफ-सफाई करें। इसके अलावा अपने लिविंग रूम में एक पोटपोरी रखें, जिसमें एसेंशियल ऑयल डाला जाता है। इससे आपके कमरे खुशबू से महकते रहेंगे और गंदी बदबू से आपको छुटकारा मिलेगा।

### इंडोर प्लांट्स लगाएं

अब इंडोर प्लांट्स तो आपके घर में होंगे ही, लेकिन ऐसे मौसम में उन पौधों को घर पर रखें, जो घर से ह्यूमिडिटी हटा सकें। साथ ही ऐसे पौधे भी लाएं, जो कम सनलाइट में भी बढ़ सकें। अगर किसी विशेष एरिया पर ज्यादा पौधे हैं, तो उन्हें हटाकर बालकनी की तरफ ले जाएं। मानसून में पौधों पर जल्दी कीड़े लगते हैं, इसका भी ध्यान रखें और उनकी देखभाल अच्छे से करें।

### कारपेट्स को करें क्लीन

मानसून में सबसे ज्यादा गंदगी आपके कालीन पर होती है। वे जल्दी नम हो जाते है और उनमें धूल-मिट्टी भी चिपक जाती है। इस कारण कमरे में से गंदी बदबू आने लगती है। इसे हटाने के लिए कार्पेट को रोजाना वैक्यूम क्लीनर से क्लीन करें। हफ्ते में दो बार कार्पेट की डीप क्लीनिंग करें। वहीं, ऐसा बार-बार करना न चाहते हों, तो इस मौसम में कारपेट बिछाने से बचें। यह आप आपका वक्त भी बचाएगा और घर में गंदगी भी नहीं होगी।

### लकड़ी के फर्नीचर का रखें खास ख्याल

हम सब जानते हैं कि मानसून में लकड़ी के फर्नीचर कितनी जल्दी खराब होते हैं। नमी के कारण लकड़ी फूल जाती है और दीमक की समस्या भी उत्पन्न होती है। इससे अपने फर्नीचर को बचाने के लिए नियमित रूप से वैक्सिंग का सहारा लें। अगर आपके दरवाजे, खिड़कियां फूली हुई लगें, तो सैंडपेपर की मदद से उन्हें साफ करें। ऐसे मौसम में किसी तरह का रेनोवेशन करवाने से भी बचना चाहिए। यह चीजों को और अस्त-व्यस्त कर सकता है।

### किताबों की जगह बदलें

अगर आपके घर में सामान से ज्यादा किताबें रहती हैं, तो इस मौसम में उनका भी ख्याल रखें। अपने बुक शेल्फ को ऐसी जगहों से दूर कर दें, जहां नमी जल्दी पकड़ी हो। साथी ही उनके बीच कपूर की गोलियां डालना न भूलें। आप किताबों की आलमारी में सिलिका जेल के पाउच भी रख सकते हैं। इससे मॉइश्चर में कमी आती है और यह आसानी से बाजारों में उपलब्ध भी हो जाते हैं। इतना ही नहीं, घर की वायरिंग का भी खास ख्याल देना जरूरी है। मानसून में फ्लक्चुएशन बहुत होती है। शॉर्ट सर्किट न हो इसके लिए अपनी वायरिंग की जांच भी करवाएं।



# लुक चेंज करने के लिए पहनें माहेश्वरी साड़ी

**साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यह तभी अच्छी लगती हैं, जब आप सही कलर और डिजाइन को इवेंट के हिसाब से वियर करते हैं।**

साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए जब भी साड़ी किसी खास दिन पर पहनने की बात आती है तो हम अलग-अलग डिजाइन ऑप्शन को सर्च करते हैं, ताकि सबसे अलग नजर आ सकें। वहीं कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जो इवेंट के हिसाब से साड़ी खरीदते हैं। वहीं कुछ फैब्रिक देखकर उन्हें खरीदना और पहनना पसंद करते हैं। अगर आपको भी कुछ नए फैब्रिक को ट्राई करना है तो आप इसके लिए मध्य प्रदेश की फेमस माहेश्वरी साड़ी को वियर कर सकती हैं। यह सिल्क फैब्रिक से तैयार की जाती है। साथ ही, पहनने में कंफर्टेबल होती है।

### माहेश्वरी गोल्डन जरी वर्क साड़ी

साड़ी डिजाइन में आप गोल्डन वर्क वाली जरी वाले पैटर्न को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी सॉफ्ट कपड़े से बनाई जाती है। इसलिए, इसे पहनना आसान होता है। वहीं इसमें जो वर्क किया जाता है वो बॉर्डर और पल्लू पर किया जाता है। इससे साड़ी और अच्छी लगती है। इसे हैवी टच देने के लिए छोटी-छोटी बूटी के डिजाइन को पूरी साड़ी में डिजाइन किया जाता है। साड़ी सिंपल भी लगती है। लेकिन जब एक्सेसरीज के साथ वियर की जाती है तो हैवी लुक देती है। आप इसे किसी भी इवेंट पर वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी।

### बाटिक प्रिंट साड़ी डिजाइन

साड़ी स्टाइल करना पसंद है, तो आप बाटिक प्रिंट साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी दिखने में सुंदर लगती है। साथ ही, कॉटन साड़ी जैसा लुक देती है। आप इस तरह की साड़ी को ऑफिस या डे पार्टी में अच्छी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सबसे अलग नजर आएंगी। इसमें आपको प्रिंट और डिजाइन अलग-अलग मिल जाएंगे, जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### कॉटन सिल्क माहेश्वरी साड़ी

आप फोटो में नजर आने वाली कॉटन माहेश्वरी सिल्क साड़ी को भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन डिफरेंट होते हैं। साथ ही, स्टाइल करने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको डबल कलर के साथ बॉर्डर मिलेगा। साथ में गोल्डन जरी वर्क डिजाइन का पैटर्न मिलेगा। इससे साड़ी क्लासी नजर आएगी। आप इस साड़ी को किसी भी फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक अलग और सुंदर लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी। मार्केट जाकर इस बार सिल्क या कॉटन नहीं बल्कि माहेश्वरी साड़ी को वियर करें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने को मिलेगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# आतंकियों के मंसूबे

जम्मू कश्मीर के कठुआ में सोमवार को सेना के काफिले पर हुआ आतंकवादी हमला इस बात की नए सिरे से पुष्टि करता है कि बदले हालात में आतंकी तत्व अपनी मौजूदगी का जल्द से जल्द और अधिकाधिक तीव्रता से अहसास कराना चाहते हैं। हाल के दिनों में अंजाम दी जा रही आतंकी घटनाओं में कुछ नए पैटर्न दिख रहे हैं जो कई लिहाज से गौर करने लायक हैं। इसी साल की बात करें तो जम्मू क्षेत्र में छह बड़ी आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें रियासी क्षेत्र में बस पर हुआ हमला शामिल है, जिसमें 9 तीर्थयात्री मारे गए थे। पहली बात तो यह कि तीर्थयात्रियों को निशाना बनाना भी जम्मू कश्मीर में हिंसा की पृष्ठभूमि को देखते हुए कोई सामान्य बात नहीं है। दूसरी बात यह कि घाटी में सुरक्षा बलों की बढ़ी हुई चौकसी के मद्देनजर आतंकी तत्वों ने जम्मू के अपेक्षाकृत शांत माने जा रहे इलाकों में अपनी सक्रियता बढ़ाई है। जिस सफाई से आतंकी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है, इसके लिए उपयुक्त स्थान और समय को चुना जा रहा है, वारदात के बाद आतंकवादी मौके से सुरक्षित निकल जा रहे हैं, यह सब बगैर स्थानीय समर्थन के संभव नहीं है। जाहिर है, इस बीच आतंकियों का एक लोकल सपोर्ट नेटवर्क खड़ा हो गया है। आतंकी हरकतों में हुए इस इजाफे को खुफिया सूत्रों से मिली इस सूचना से अलग करके नहीं देखा जा सकता कि करीब दो महीने पहले ही सीमा पार से बड़ी संख्या में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई गई है। हालिया आतंकी घटनाओं पर बारीकी से गौर करें तो साफ हो जाता है कि प्लानिंग से लेकर इम्प्लीमेंटेशन तक पूरी प्रक्रिया अच्छी तरह प्रशिक्षित लोगों द्वारा अंजाम दी जा रही है। इस संदर्भ में देखें तो साफ है कि सीमा पार बैठे आकाओं का मकसद इन आतंकी वारदात के जरिए जम्मू कश्मीर में अशांति का संदेश देना और जैसे भी संभव हो जम्मू कश्मीर में आगामी चुनावों की प्रक्रिया को मुल्तवी कराना हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनावों में हुए 58.6 प्रतिशत मतदान ने निश्चित रूप से आतंकवादियों के आकाओं को परेशान किया होगा, जो पिछले 35 वर्षों का जम्मू कश्मीर का सबसे ऊंचा मत प्रतिशत है। ऐसे में इन आतंकवादी घटनाओं पर काबू पाना तो महत्वपूर्ण है।

# मुस्लिम महिलाओं को सुप्रीम कोर्ट से मिला गुजारे का हक

तलाकशुदा मुसलिम महिलाओं के लिए गुजारा भत्ता संबंधी सर्वोच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है। न्यायालय ने कहा है कि हर महिला को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है, चाहे वह किसी भी धर्म की हो। दरअसल, अभी तक मुसलिम पर्सनल कानून के तहत तलाकशुदा महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक इद्दत की अवधि तक ही तलाकशुदा महिला को गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। इद्दत यानी तीन महीने की वह अवधि, जिसमें महिला किसी दूसरे के साथ विवाह नहीं कर सकती। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की धारा 125 को सभी महिलाओं पर समान रूप से लागू करार देते हुए कहा कि इद्दत के बाद भी महिलाएं गुजारा भत्ते का दावा कर सकती हैं। हैदराबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में फैसला दिया था कि पति अपनी तलाकशुदा पत्नी को गुजारा भत्ता दे। उसी फैसले को पति ने सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। उसकी दलील थी कि मुसलिम महिला (विवाह विच्छेद पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 के चलते, तलाकशुदा मुसलिम महिला दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत गुजारा भत्ता नहीं ले सकती। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया कि धर्मनिरपेक्ष कानून पर यह धारा आरोपित नहीं की जा सकती। मुसलिम महिलाओं के गुजारा भत्ते संबंधी विवादों पर पहले भी अदालतें सहानुभूति पूर्वक विचार कर चुकी हैं। करीब दो वर्ष पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने फैसला दिया था कि तलाक के बाद महिला को पति से गुजारा भत्ता पाने का पूरा हक है। मद्रास उच्च न्यायालय ने स्पष्ट कह दिया था कि शरीअत काउंसिल कोई अदालत नहीं है और न उसे कानून बनाने का हक है, तलाकशुदा औरतों को अपने पहले शौहर से गुजारा भत्ता मिलना ही चाहिए। इसी साल बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि तलाकशुदा महिला अगर दूसरी शादी कर लेती है, तब भी वह अपने पहले पति से गुजारा भत्ता मांग सकती है। सर्वोच्च न्यायालय ने उन तमाम फैसलों पर अपनी मुहर लगा दी है।

# एआई से क्यों आशंकित है आर्टिस्टों की दुनिया

**(विराग गुप्ता)**

> *कृत्रिम के साथ सहजता एआई को शुद्ध रूप से खतरा मानने वाले लोगों का कहना है कि इससे किसी वेब सीरीज का अगला सीजन बनाना बहुत आसान हो जाएगा। न लेखक की जरूरत होगी और न अभिनेताओं की। आशंका जताई जा रही है कि अगले तीन-चार बरसों में यह असर दिखने लग जाएगा।*

अमेरिका के कई राज्यों में आवाज के अनधिकृत इस्तेमाल पर विस्तृत कानून होने के बावजूद हॉलिवुड की स्कारलेट जॉनसन जैसी हस्तियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।ढ्ढ की दुनिया में वॉयस क्लोनिंग के लिए डेटा और अल्गोरिदम का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। भारत में डेटा और एलगोरिदम से जुड़े मामलों में ऐप जैसी इंटरमीडियरी और सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही तय करने के लिए डिजिटल इंडिया बिल पर बहस हो रही है। प्रभावी कानून और नियम संसद से पारित होने के पहले इन मामलों में सेलिब्रिटीज को भारत में कानूनी सुरक्षा मिलना टेढ़ी खीर है। अनुच्छेद-19 (1) (ए) में अभिव्यक्ति की आजादी और 21 में निजता का अधिकार दिया गया है। भरोसेमंद एआई के विस्तार के लिए हामी भरते हुए भारत जीपीएआई का सदस्य बना है। सुप्रीम कोर्ट के 9 जजों की बेंच ने 2017 में पुट्टास्वामी फैसले में प्राइवेसी के संवैधानिक अधिकार को मान्यता दी थी। उस फैसले के अनुसार संसद से कानूनी व्यवस्था अभी तक नहीं बनी। नियम नहीं बनने की वजह से पिछले साल संसद से पारित डेटा सुरक्षा कानून भी अब तक किताबों में ही कैद है। वैश्विक स्तर पर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) के तहत विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के कानून मानवीय सृजनात्मकता पर आधारित हैं। भारत में कॉपीराइट कानून 1957 में बनाए गए। इनके तहत मौलिक साहित्य, थियेटर, संगीत, फिल्म, साउंड रिकॉर्डिंग और कलात्मक कार्यों पर सर्जक को कानूनी सुरक्षा मिलती है। इन कानूनों का मुख्य मकसद रचनात्मक कार्य के लेखक या सृजक को सही मान्यता और भुगतान का अधिकार दिलाना है। कानून की धारा-17-बी में व्यक्तित्व के अनधिकृत इस्तेमाल के बारे में प्रथम लेखक या मालिक को अधिकार दिए गए हैं। राहत हासिल करने के लिए दो बातों को साबित करना जरूरी है, पहला अनधिकृत इस्तेमाल और दूसरा डिसीव करना यानी छलना। लेकिन वॉयस क्लोनिंग का मसला पूरे व्यक्तित्व से जुड़ा है, जिस बारे में कॉपीराइट कानून में समुचित सुरक्षा हासिल नहीं है। आईपीआर कानूनों के तहत एआई को कॉपीराइट के अधिकार प्राप्त नहीं हो सकते, क्योंकि यह कानूनी इकाई नहीं है। ट्रेडमार्क कानून का मकसद किसी प्रॉडक्ट की गुणवत्ता और उसके स्रोत को सुनिश्चित करना है। लेकिन सभी क्षेत्रों और वर्गों में ट्रेडमार्क का रजिस्ट्रेशन कराना कानूनी तौर पर बहुत ही मुश्किल है। ट्रेडमार्क कानून की धारा-2 (एम) में मार्क को नाम और सिग्नेचर के तौर पर ही परिभाषित किया गया है। कानून के दायरे में आवाज, इमेज और व्यक्तित्व के दूसरे पहलू स्पष्ट तौर पर शामिल नहीं हैं। ट्रेडमार्क कानूनों का मुख्य मकसद व्यावसायिक प्रतिद्वंद्वियों पर रोक लगाना है, जबकि एआई के माध्यम से वॉयस क्लोनिंग आदि का व्यक्तियों के बजाए सार्वजनिक इस्तेमाल हो रहा है। इससे प्रत्यक्ष तौर पर व्यावसायिक लाभ को साबित करना मुश्किल है।एआई के सृजन में पारदर्शिता के अभाव से रचना में नकल और स्वतंत्रता का वर्गीकरण करना कठिन है। ऐसे में वॉयस क्लोनिंग जैसे पर्सनैलिटी राइट्स के मसलों का ट्रेडमार्क में रजिस्ट्रेशन कराना मुश्किल है। डीएम एंटरटेनमेंट कंपनी के केस में अदालत ने 1996 में दलेर मेंहदी के रजिस्टर्ड ट्रेडमार्क को मान्यता दी थी। 2012 में टाइटन इंडस्ट्रीज बनाम राजकुमार जूलर्स केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने सिलेब्रिटी को कानूनी तौर पर परिभाषित किया। उस फैसले के अनुसार फिल्म जगत के अनेक दिग्गजों को हाईकोर्ट से राहत मिली। वहीं, अमेरिका में 1890 में सैम्युअल वॉरेन और लुईस ब्रांडेस ने हार्वर्ड लॉ रिव्यू में प्राइवेसी के अधिकार पर पेपर का प्रकाशन किया था। इसके बाद न्यू यॉर्क में 1903 में कानून बने। साल 1953 में, अदालत के अहम फैसले में प्राइवेसी और पब्लिसिटी के कानूनी अधिकारों के फर्क को दर्शाया गया। 1988 में अमेरिकन सर्किट कोर्ट ने मिडलर बनाम फोर्ड मोटर मामले में कॉपीराइट के उल्लंघन की सीमित नजरिए से व्याख्या की। इसके आधार पर भारत की अदालतों में कई फैसले हुए हैं। वॉयस क्लोनिंग जैसे मामलों में बड़े सिलेब्रिटीज के अधिकार और मुनाफे शामिल रहते हैं, जिनका आम जनता से ज्यादा ताल्लुक नहीं है। डेटा और अल्गोरिदम को एआई की तकनीक से नया प्रॉडक्ट बनाया जाता है। डेटा का स्वामित्व किसके पास है, इस बारे में दो दशकों से टीआरएआई और डाट में अंतहीन बहस चल रही है। एआई को कानूनी पहचान नहीं मिलने की वजह से उस पर आईपीआर के कानून लागू करना मुश्किल है।ढ्ढ के इस्तेमाल से ऑडियो बुक, वीडियो गेम एनिमेटेड फिल्म, शिक्षण-सामग्री और विज्ञापन बनाए जा रहे हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। डेटा के बेजा इस्तेमाल पर सख्ती होने से फिल्म उद्योग में संगीत, स्टोरी, फैंटेसी, चित्रण आदि पर रोक लग सकती है। मर्ज के मूल कारण में गए बगैर वॉयस क्लोनिंग जैसे मामलों में कानूनी सुरक्षा और उपचार हासिल करना मुश्किल है। गाड़ी को पटरी में लाने के लिए अल्गोरिदम, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क और वर्चुअल रियल्टी जैसे शब्दों को कानून की किताबों में विस्तार से समझाना होगा। डेटा, तकनीक, निर्माता, ऐप और सोशल मीडिया प्लैटफार्म सभी के लिए सख्त कानूनी प्रावधान आने के बाद ही वॉयस क्लोनिंग जैसे मामलों पर भारत में सिलेब्रिटी को समुचित राहत मिल सकती है। एक आम धारणा सी बनती दिख रही है कि एआई रचनात्मकता और रचनात्मक लोगों के लिए खतरनाक है। यह सच है कि एआई की उपस्थिति दिखने लगी है और यह बहुआयामी है। जब ईलॉन मस्क ने कहा कि संभावनाएं हैं कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस मानवता को नुकसान पहुंचाए, तो खबर बननी ही थी। कलाओं और खासकर लेखन की दुनिया के लिए,ढ्ढ के प्रभाव बहुस्तरीय प्रतीत होते हैं। इसके असर रचनात्मक दुनिया के लिए केवल रचनात्मक या व्यावसायिक ही नहीं, नैतिक भी हैं, जिन्हें ठीक से समझने की जरूरत है। महामारी के असर से रचनात्मक दुनिया अभी उबर भी नहीं पाई थी कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस ने संकट को विकराल बना दिया। विकराल होना वास्तविकता कम और नासमझी ज्यादा हो सकती है। अगर सिनेमा की बात करें तो दो प्राथमिक असर अभिनेताओं और लेखकों पर दिख रहा है। हालांकि इसका दायरा कहीं ज्यादा बड़ा है।

# पीडीए बनाम डीपीए की सियासी जंग के मायने को ऐसे समझिए

**(कमलेश पांडे)**

भाजपा अब इस बात से वाकिफ हो चुकी है कि अल्पसंख्यक मुस्लिम व ईसाई वर्ग एक ऐसा मजबूत वोट बैंक है जो उसके खिलाफ थोक भाव में पड़ता है। जबकि बहुसंख्यक लोगों के मत जाति और क्षेत्र के नाम पर बिखर जाते हैं। उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक समीकरण यानी 'पीडीए' की अप्रत्याशित सफलता के बाद उसकी असरदार काट भी भारतीय जनता पार्टी ने ढूंढ ली है और जवाबी दलित-पिछड़ा-अगड़ा समीकरण यानी 'डीपीए' का स्वर बुलंद कर दिया है। समझा जा रहा है कि देश को सर्वाधिक पीएम देने वाले यूपी से शुरू हुई पीडीए बनाम डीपीए की गोलबंदी देर-सबेर हिंदी भाषी सभी राज्यों से होते हुए गैर हिंदी भाषी राज्यों तक पहुंच जाएगी और सियासत पर अपनी गहरी छाप छोड़ेगी। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि एक तरफ सामाजिक न्याय आंदोलन (मंडल आंदोलन) से निकली समाजवादी पार्टी ने अपनी पीडीए मुहिम के सहारे जहां अपने पुराने वोट बैंक को फिर से सहेजते हुए हासिल कर ली है, वहीं, दूसरी तरफ राष्ट्रवाद और हिंदुत्व (कमंडल आंदोलन) से मजबूत हुई भाजपा अपनी उदार राजनीति की वजह से हालिया झटका खाने के बाद फिर से संभलने के लिए अपने पुराने वोट बैंक को सहेजने के प्रयास डीपीए के मार्फ़त तेज कर चुकी है। चर्चा है कि अब तक अगड़ों व दलितों की 'सीमित उपेक्षा' करके ओबीसी को बढ़ावा देने वाली और पसमांदा अल्पसंख्यकों को जोड़ने के लिए अथक परिश्रम करने वाली भाजपा को जब आम चुनाव 2024 में यूपी समेत कई राज्यों में रणनीतिक झटका लगा तो उसका ओबीसी वाला शुरुर काफूर हो गया और अब तक का सारा सियासी गुरूर चकनाचूर हो गया। क्योंकि उत्तरप्रदेश जैसे अहम राज्य में ही उसकी स्थिति चिंताजनक समझी जाने लगी, जबकि यहां पर उसकी एक मजबूत सरकार भी है, जिसका नेतृत्व फायर ब्रांड हिन्दू नेता व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। बावजूद इसके, कड़वा सच है कि उत्तरप्रदेश में कांग्रेस के सहयोग से सपा प्रमुख व ओबीसी नेता अखिलेश यादव के अप्रत्याशित उभार से यानी एकाएक बनी तीसरी बड़ी पार्टी के मुखिया समझे जाने से ओबीसी पीएम नरेंद्र मोदी और उनकी सवर्ण-दलित विरोधी टीम के होश फाख्ता हो चुके हैं। बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में पीएम नरेंद्र मोदी और एचएम अमित शाह ने यह समझ लिया है कि अब तक जिस ओबीसी वोट बैंक को लुभाने के लिए वे लोग अथक परिश्रम करते आ रहे हैं और मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, उपराज्यपाल, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष आदि में आँख मूंद कर बढ़ावा दे रहे हैं, वह मूलतः समाजवादियों का वोट बैंक रहा है, जो यूपी आदि राज्यों में एक बार फिर समाजवादी मूल के क्षेत्रीय दलों की ओर शिफ्ट हो गया। जबकि दलित कांग्रेस व दलितवादी दलों के मूल वोट बैंक हैं, जो दलितवादी दलों की अनुपस्थिति में कांग्रेस की तरफ शिफ्ट होते दिखाई दिए। उधर, आदिवासी वोट भी भाजपा और कांग्रेस में बंट रहे हैं। वहीं, भाजपा समर्थक अगड़ों में भी नीतिगत उपेक्षा के चलते रोष दिखा और उनका एक मजबूत धड़ा भाजपा को सबक सिखाने के लिए कांग्रेस या क्षेत्रीय दलों से जुड़ गए या फिर मतदान में उदासीन बना रहा, जिससे वोटिंग का ग्राफ गिरा। वहीं, अल्पसंख्यक वोट जहां पहले स्थानीय रणनीति के मुताबिक कांग्रेस और समाजवादियों में बंटते आए हैं, लेकिन अब यह अल्पसंख्यक वोट भी संसदीय चुनाव में कांग्रेस व उसके मित्र दलों की ओर और विधानसभा चुनाव में जहां कांग्रेस मजबूत नहीं है, वहां कांग्रेस मूल के क्षेत्रीय दलों या समाजवादी आंदोलन मूल की स्थानीय पार्टियों की ओर शिफ्ट होने लगे हैं। तीन तलाक प्रथा बंद करने हेतु कानून बनाने के बाद मुस्लिम महिलाओं का जो रुझान भाजपा की ओर बताया गया, वह भी आम चुनाव 2024 में नहीं दिखा। उधर पसमांदा मुसलमानों ने भी भाजपा पर भरोसा नहीं किया।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5432

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | 6 | | 7 | | | |
| | 4 | | 3 | | 9 | 8 | | |
| 3 | 7 | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | | | | 3 | |
| 6 | 3 | | 1 | 2 | 5 | | 9 | 4 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 8 | | | | | | | 7 | 6 |
| | | 7 | 2 | | 6 | | 1 | |
| | | | 5 | | 3 | | | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5431

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 1 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 8 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 3 | 6 | 9 | 7 | 8 | 2 |

## वर्ग पहेली 5432



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. यह मुगल सम्राट जहांगीर का बचपन का नाम था, जहांगीर की पत्नी नूरजंहा की मां अस्मत बेगम ने गुलाब से इत्र निकालने की विधि खोजी थी (3)
4. यह संत तुलसीदास के बचपन का नाम है (4)
7. स्नानागार, नहाने का स्थान (3)
8. तरल पदार्थ को ठोस रूप में बदलना (3)
9. संख्या, जोड़ (3)
12. अगर, जो (2)
14. हिचक, असमंजस, लज्जा (3)
16. सैनिकों के लिए अभ्यास, परेड (4)
17. परत, स्तर (2)
19. जंघा, जांघ (2)
21. जे.ओमप्रकाश के निर्देशन में धर्मेंद्र-आशा पारेख की मुख्य भूमिकाएं वाली फिल्म (1969)(8)
24. साधु-संत के रहने का स्थान (2)

**संकेतः ऊपर से नीचे**

1. साइड हीरो (5)
2. यह पेरू देश की राजधानी है (2)
3. माता का स्नेह जो उसकी संतान पर होता है (3)
4. लालू यादव वाली राजनीतिक पार्टी (संक्षिप्त नाम)(3)
5. मेरा या मेरी (संस्कृत) (2)
6. बुआई करना, जमीन में बीज छितराना (2)
10. बेटी का पति, जंवाई, जामाता (3)
11. चिंता, फिक्र, चिंतन, पश्चाताप (2)
13. बहुत ज्यादा घाटा या हानि, ऋण चुकाने में असमर्थ (4)
14. परम धार्मिक और साधु व्यक्ति, सज्जन और महात्मा (2)
15. बहुत शोरगुल (4)
18. बलमा, प्रेमी, साजन (3)
20. ऊंट आदि के नाक के आर-पार पहनाई जाने वाली रस्सी (3)
21. विश्वास, स्थित होने की अवस्था (2)
22. मित्र, सखा, परस्पर साथ रहने वाला व्यक्ति (2)
23. असत्य कथन, मिथ्या (2)

### वर्ग पहेली 5431 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हां | ग | कां | ग | | वा | दा | |
| फ | ल | दा | न | | प | र | म |
| ना | त | | पा | र | स | म | णि |
| | फ | | व | न | | दा | |
| | ह | | ड | र | | र | वि |
| | मी | ना | र | | डो | | श्व |
| प | | जु | | प | र | ना | ना |
| रा | ज | क | पू | र | | र | थ |

# आज का राशिफल

### मेष
आज करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपके राजनीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयास में सफलता प्राप्त होगी। आपको सरकारी विभाग से काम पूरा करवाने में सफलता मिलेगी। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रात में आपको अचानक से कुछ कष्ट हो सकते हैं। संतान पक्ष से कुछ राहत मिलेगी और करियर में लाभ के संयोग बन रहे हैं।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ से भरा दिन है और आपको सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र से जुड़े किसी काम में आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य प्राप्त होगा। संतान पक्ष से करियर के मामले में आशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम के समय कोई कोई रुका काम बनने की संभावना है। रात का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा।

### मिथुन
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदम में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती है।

### तुला
आज लाभ का दिन है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात्रि तक प्रिय व्यक्तियों का दर्शन व सुसमाचार मिलेगा। शुभ खर्च में वृद्धि होगी और आपके कार्य सफल होंगे।

### वृश्चिक
आज भाग्य चमकेगा। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता से आपको सम्मान मिलेगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। विरोधियों को काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। विरोधी आपस में ही लड़कर नष्ट हो जाएंगे। आपको कोई नुकसान हो सकता है। आपके धन में वृद्धि के योग हैं।

### धनु
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आज आपको थोड़ा सा सावधान रहने की सलाह है। कोई मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में आशातीत सफलता मिलने से आपको हर्ष होगा। शाम के वक्त कोई रुका कार्य पूर्ण होने से आपको हर्ष होगा। रात्रि में उत्साहवर्धक मांगलिक कार्यों में शामिल होने से लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन परेशानियों वाला रहेगा। स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। शनि की वजह से निर्मूल विवाद और अकारण शत्रुपत्ति हो सकती है। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि और निराशा मिल सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और विवाद से बचें।

### सिंह
आज कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से आज लेन-देन न करें, वरना विवाद हो सकता है। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्य पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। कुछ मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती हैं। आपको सावधान रहने की सलाह है। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

### कन्या
आज दिन लाभ से भरा हेगा। पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर और सहयोग भी पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। शाम के वक्त किसी के साथ विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

### मकर
आज लाभ होगा और आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी और कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपको कहीं यात्रा में शामिल होना पड़ सकता है। पास और दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

### कुंभ
आज दिन काफी बिजी रहेगा और आज आपको दूसरों के काम के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ेगी। घर में अचानक से कोई बीमार पड़ सकता है और उसके इलाज में काफी खर्च हो सकता है। इस विषय में सलाह मशविरा करने में व्यतीत करें। आज आप खुद भी काफी थके रहेंगे और काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। आपका समय आमोद-प्रमोद में बीतेगा।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपको सरकारी विभाग में अपना काम निकलवाने में सफलता प्राप्त होगी। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### श्रावणी मेला से पहले ही बाबा मंदिर में उमड़ रहे श्रद्धालु,

**देवघर, एजेंसी।** श्रावणी मेले से पहले आषाढ़ माह में ही प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु बाबाधाम पहुंच रहे हैं. शनिवार को आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि पर करीब 35 हजार श्रद्धालुओं ने बाबा पर जलार्पण कर मंगलकामना की. भीड़ की वजह से 4,422 लोगों ने शीघ्रदर्शनम कूपन का लाभ लिया.श्रावणी मेला-2024 के दौरान शहर को आकर्षक रूप प्रदान करने के उद्देश्य से ऊर्जा विभाग के वर्क्स डिवीजन, धनबाद बिजली पोलों पर स्पाइरल लाइटें लगा रहा है. वर्क्स डिवीजन की टीम शहर के कांवरिया पथ, मेला क्षेत्र व बॉर्डर इलाका (दर्दमारा से आंधरीगादर), देवघर-दुमका पथ स्थित तालझारी बॉर्डर तक, जसीडीह स्टेशन चौक तक बिजली के पोल को आकर्षक रूप से सजाया जाना है.मेला क्षेत्र के सभी पोल को आकर्षक रूप प्रदान करने के लिए स्पाइरल लाइट से बाइडिंग की जा रही है. शुक्रवार की शाम सत्संग इलाके में प्राइमरी टेस्टिंग की गयी. स्पाइरल बाइंडिंग के बाद उस पर विद्युत निगम के कर्मी डबल रैपिंग करेंगे. यह जानकारी वर्क्स डिवीजन के नीरज कुमार ने दी.

### भक्तों की सेहत से खिलवाड़, देवघर में गंदगी के पास रख रहे खोवा, इसी से बनेंगे पेड़े

**देवघर, एजेंसी।** श्रावणी मेला से पहले देवघर शहर में जलसार तालाब के समीप यूरिनल व कचरे के ढेर के पास सैकड़ों क्विंटल खोवा जमीन पर घंटों पड़ा रहा. उसके बाद धीर-धीरे टोटो से खोवा को आढ़त में भेजा गया.खोवा उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से ट्रक के जरिये मंगवाये गये थे. सुबह में जलसार के पास किसी साफ-सुथरी जगह की बजाये गंदगी वाली जगह पर खोवा अनलोड कर दिया गया. बोरी में बंद खोवा कचरे के ढेर के पास घंटों पड़ा रहा, जिसमें मक्खियां लगती रही. जमीन पर पड़े खोवा के पास नगर निगम का यूरिनल भी था, जिससे बदबू भी आ रही थी. खोवा की कई बोरियां खुली थी, जिसमें खोवा दिख रहा था. करीब 12 बजे तक बारी-बारी से खोवा को टोटो के जरिये आढ़त में भेजा गया.आढ़त से ही खोवा कई दुकानों में भेजी जायेगी, जिसे पेड़ा बनाकर ग्राहकों को बेचा जाएगा. देवघर बाजार में इन दिनों बड़े पैमाने पर मिर्जापुर, बनारस, बड़हिया से मिलवाटी खोवा व पाउडर की आपूर्ति हो रही है.सावन के पहले मिलावटी खोवा व पाउडर को स्टॉक कर पेड़ा बनाकर श्रावणी मेला में खपाने की तैयारी चल रही है. यह पाउडर बगैर क्रीम के रहता है. देवघर जिले में फूड सेफ्टी की टीम खोवा व पेड़ा की जांच के नाम पर खानापूर्ति करती रही है.

### सुरक्षित रेल परिचालन को धनबाद मंडल के 7 रेल पुलों पर लगे वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम



धनबाद, एजेंसी। मॉनसून के दौरान लगभग सभी नदियों का जलस्तर बढ़ जाता है। जलस्तर बढ़ने से बहता हुआ पानी रेल लाइन तक पहुंच जाता है। लाइन के पानी में डूबने के कारण रेल परिचालन समय रहते नहीं रोके जाने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रेल पुलों के डूबने का खतरा भी बढ़ जाता है। रेल लाइन पर पानी पहुंचने से होने वाले खतरे से निपटने और नदी के जलस्तर पर नजर रखने के लिए रेलवे ने पुलों पर वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम लगाया है। धनबाद रेल मंडल में स्थित 7 रेल पुलों पर यह सिस्टम लगाया जा चुका है। इससे हर दिन नदी के जलस्तर की जानकारी मिलती रहेगी। पानी के रेल लाइन पर पहुंचने की स्थिति में रेलवे समय से सुरक्षात्मक कदम उठा सकेगा। सुरक्षित एवं संरक्षित रेल परिचालन को प्राथमिकता देते हुए जलस्तर की निगरानी को रेलवे ने तकनीक का समावेश किया है। रेल पुलों पर लगे वाटर लेवल मॉनिटरिंग सिस्टम में सोलर पैनल से जुड़े सेंसर में एक चिप भी रहती है। यह सेंसर ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है, जो ऑटोमेटेड दिए मोबाइल नंबरों पर एसएमएस भेजता है। इस एसएमएस से प्रतिदिन नियमित अंतराल पर नदियों के जलस्तर की जानकारी संबंधित अधिकारियों कोमिलेगी। समय पर नदी के बढ़े जलस्तर की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रेल लाइन को संरक्षित करना आसान हो जाएगा।

# झारखंड के ज्यादातर हिस्सों में झमाझम बारिश के आसार



**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मानसून की गतिविधि सामान्य बताई जा रही है। रविवार को भी राजधानी में रिमझिम फुहारों ने उमस भरी गर्मी से राहत दी है और किसानी को बल मिल रहा है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के पूर्वानुमान की बात करें तो 15 जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में अच्छी वर्षा होने के संकेत हैं, जबकि राजधानी में 19 जुलाई तक आसमान में काले बादल छाए रहने और हल्की व सामान्य वर्षा होने की संभावना है।

बताया गया कि 17 जुलाई को निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी के अलावे दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में अच्छी वर्षा होगी। अब तक हुए वर्षापात की बात करें तो पूरे राज्य में सामान्य से काफी कम वर्षा रिकार्ड की गई है।

अब तक सामान्य वर्षापात 326 मिमी के मुकाबले 173.7 मिमी वर्षा ही रिकार्ड की गई है। वहीं राजधानी में 336.3 मिमी के मुकाबले 177.3 मिमी वर्षा हुई है जो कि सामान्य से काफी कम है।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद बताते हैं कि बंगाल की खाड़ी में क्लाउड सर्कुलेशन में हो रहे बदलाव का ही परिणाम है कि इस बार राज्य के उत्तर पूर्वी क्षेत्र देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और साहिबगंज में अच्छी वर्षा हुई है।

कयास भी लगाए जा रहे हैं कि आगामी दिनों अच्छी वर्षा होगी, जबकि उत्तर पश्चिमी व कोल्हान क्षेत्र में कम वर्षापात हुए, जबकि पिछले वर्ष इसके विपरित स्थिति बनी थी।

बताया कि यह बदलाव बंगाल की खाड़ी में रूक-रूककर बन रहे क्लाउड सर्कुलेशन के कारण हो रहा है। मौसम विज्ञानी की माने तो 19-20 जुलाई के बाद सर्कुलेशन का असर देखने को मिलेगा। कहा कि यह सिलसिला अगस्त और सितंबर माह तक देखने को मिलेगा।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य के सभी स्थानों पर हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई। जबकि कहीं कहीं भारी वर्षापात हुआ। राज्य में मानसून की गतिविधि सामान्य नजर आई। सबसे अधिक वर्षा 92.6 मिमी वर्षा साहिबगंज के बोरियो में रिकार्ड की गई।

सबसे अधिक अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री सरायकेला का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस रांची का रिकार्ड किया गया। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## खतरे में हजारीबाग का दुधी नाला, नाले में हैं भारतीय प्रायद्वीप के अंतिम महान हिम युग के प्रमाण



**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग चरही दुधी नाला भू-वैज्ञानिक स्थल का अस्तित्व खतरे में है. इस नाला को भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया है. दुधी नाला के आसपास कई ईंट भट्ठे और स्पंज फैक्टरी संचालित हो रहे हैं. जबकि इस नाला के एक किलोमीटर के दायरे में किसी भी तरह की गतिविधि पर रोक लगी हुई है.

दो साल पहले इस भू-वैज्ञानिक स्थल को संरक्षित करने के लिए विनोबा भावे विश्वविद्यालय और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयास से 500 मीटर के दायरे में तार के बाड़ लगाये गये, जो अब टूटने लगे हैं. नाला के आसपास फल फूल रहे ईंट भट्ठे और चितपूर्णी स्पंज फैक्टरी अपने अनुपयोगी चीजें इस नाला में बहा रहे हैं. जिससे नाला भरने की संभावना बढ़ गयी है.

दुधी नाला में पृथ्वी की उत्पति और उसके विकास के पुराने साक्ष्य उपलब्ध हैं. हजारीबाग जिले में स्थित इस नाले के पत्थरों पर हिम युग के ड्रॉप स्टोन के आगे बढ़ने, पीछे हटने और स्थिर ग्लेशियरों और हिम नदी के पिघलने और जमा होने के प्रमाण मिले हैं. जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, इस नाले का पत्थर 30 लाख वर्ष पुराना है.दुधी नाला के पत्थरों पर देश-विदेश के शोधार्थी अध्ययन करने आते हैं. इस नाला में भारतीय प्रायद्वीप के अंतिम महान हिम युग के प्रमाण हैं. नाला के पत्थरों पर समुद्र तरंग जनित संरचनाएं, समूह में मुखित कंकड़ सहित कई प्रमाण मिले हैं. इस नाले को संरक्षित नहीं किया गया तो भावी पीढ़ी इस ऐतिहासिक धरोहर से वंचित हो जायेगी.विनोबा भावे विश्वविद्यालय के जियोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉ एचएन सिन्हा ने बताया कि दो साल पहले इस साइट को संरक्षित करने के लिए राज्य और विनोबा भावे विश्वविद्यालय ने तार की फेंसिंग की थी. यह साइट जियोलॉजिक डिपार्टमेंट के लिए काफी महत्वपूर्ण है. इसे संरक्षित करना जरूरी है.

## टीम खुशी ने 2000 पौधो का किया वितरण

**हजारीबाग , एजेंसी।** टीम खुशी ने पर्यावरण को बचाने के अभियान व एक पेड़ मां के नाम मुहिम को लेकर अपने युवा साथियो के सहयोग से 2000 से अधिक पौधो का वितरण रविवार किया। कार्यक्रम की शुरूआत 12 बजे हुई जो शाम 4 बजे संपन्न हुई। इस अवसर पर टीम के सदस्यो ने कहा कि हम विभिन्न आपदा व ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचा सकते है अगर पेड़ लगाने की मुहिम को जारी रखे । हजारीबाग मे पेड़ लगाने का माहौल बन रहा है। आज टीम द्वारा वितरित किए गए। पौधो में नींबू, सागवान,बनारसी बेर, अमरूद, आंवला, कढ़ी पत्ता, गुलमोहर, शीशम , शमी, अमरूद , शरीफा आदि के पौधे थे। कार्यक्रम के बीच मे समाजसेवी प्रदीप प्रसाद पहुंचे और टीम के सदस्यो की हौसला अफजाई की । उन्होंने टीम खुशी के पौधा वितरण कार्यक्रम को सराहनीय बताया। भविष्य के कार्यक्रमों में टीम द्वारा किए जाने वाले पहल में भरसक समर्थन करने व इस तरीके के सामाजिक कार्य शहर में और ज्यादा वृहद स्तर पर करने हेतु जोर दिया। आपको बता दे कि टीम खुशी आए दिन हजारीबाग में विभिन्न तरीके के सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन करते रहती है जिनका खर्च टीम के सदस्य खुद वहन करते है। यह टीम हजारीबाग के युवाओं द्वारा संचालित की जा रही है जिसमे आप भी व्हाट्सएप 8092423874 के माध्यम से पहल में जुड़ सकते हैं। इस अवसर पे आलोक पाण्डेय, आनंद किशोर ,अंकित सिंह, सिद्धार्थ जैन, दीपशिखा ,शिवराज शेखर, फ़ज़ल, संदीप वर्मा,साधना कुमारी, सौरव विशाल, अनुराग कुमार, शुभम कुमार, रूपेश कुमार, निश्चल कुमार , अचल मिश्रा, शशिकांत , मानस महाजन, अरुण केरकेट्टा, अनुज कुमार, सौरव मधेशिया आदि मौजूद थे।

## मुहर्रम से पहले रांची जिले में जगह-जगह शांति समिति की बैठक, मुहर्रम कमेटी ने की ये मांग

**रांची, एजेंसी।** रांची जिले में मुहर्रम से पहले अलग-अलग थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में मुहर्रम कमेटी ने पुलिस को बताया कि उनके इलाके में किस तरह की सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए. साथ ही पुलिस ने भी अपनी तरफ से उन्हें कुछ गाइडलाइंस का पालन करने को कहा है.

मुहर्रम कमेटी के सदस्यों ने कहीं महिला पुलिस बल को तैनात करने की अपील की, तो कहीं मंदिर के पास बैरिकेडिंग करने का आग्रह पुलिस प्रशासन से किया. वहीं, पुलिस ने कहा है कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दरूण्ण वातावरण में मुहर्रम संपन्न हो, पुलिस की यही कोशिश है. साथ ही कहा कि मुहर्रम कमेटी के लोग अफवाहों पर ध्यान न दें. विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की मदद करें.



बुढ़मू में मुहर्रम शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो, इससे पहले थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में बुढ़मू में 18 जुलाई को भइलमारा मैदान में मुहर्रम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन का निर्णय लिया गया. प्रशासन से उस दिन महिला पुलिस बल को तैनात करने की अपील की गई.

बेड़ो और नरकोपी थाना में भी शांति समिति की बैठक हुई. बेड़ो में थाना प्रभारी नकुल साह व नरकोपी थाना में प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बैठक की अध्यक्षता की. बैठक में बेड़ो प्रखंड के करांजी, हांटू, केशा, घाघरा व चचकपी समेत अन्य गांवों में मुहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की बात कही गयी.

पिस्कानगड़ी के नगड़ी थाना में शांति समिति की बैठक में मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक-2 अरविंद कुमार, सब-इंस्पेक्टर देवानंद यादव, सब-इंस्पेक्टर रितेश कुमार महतो, सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे. बैठक में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मनाने पर चर्चा की गयी.

रातू में मुहर्रम का जुलूस 18 जुलाई को निकाला जायेगा. 17 जुलाई को घुरती रथयात्रा के कारण विधि व्यवस्था में परेशानी के कारण एक दिन के लिए इसे टाल दिया गया है. इस संबंध में रातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. भोडा टंगरा मुहर्रम कमेटी एवं सेंट्रल मुहर्रम कमेटी काठीटांड़ ने भी 18 जुलाई को जुलूस निकालने पर सहमति जतायी. जुलूस के दौरान सदस्यों की ओर से महादेव टंगरा मंदिर की बैरिकेडिंग करने की भी मांग की गयी.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची, एजेंसी।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है. दोनों की मुलाकात नई दिल्ली में हुई. मुलाकात के दौरान हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया. यह मुलाकात प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई.हेमंत सोरेन ने सोमवार (15 जुलाई) को सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर ट्वीट कर यह जानकारी दी. झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है. उन्होंने 'एक्स' पर लिखा- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात हुई.

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों दिल्ली की यात्रा पर हैं. एक दिन पहले ही उन्होंने कांग्रेस की सर्वोच्च नेता सोनिया गांधी से मुलाकात की थी. उन्होंने मीडिया को बताया था कि जेल से बाहर आने के बाद वह सोनिया गांधी से मिलने आए थे. इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं.

फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री का पदभार संभालने के बाद हेमंत सोरेन की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह पहली मुलाकात है. प्रधानमंत्री कार्यालय में दोनों नेताओं ने झारखंड की बेहतरी और विकास के लिए नीतियों और रणनीतिक कदमों पर चर्चा की.मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से भी 'एक्स' पर एक पोस्ट किया गया. इसमें कहा गया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की.

## बहुविषयक अनुसंधान व अभ्यास चुनौतीपूर्ण : प्रो. पोद्दार

**बलियापुर, एजेंसी।** बीबीएम कॉलेज में रविवार को बहुविषयक अनुसंधान व अभ्यास में मुद्दे व चुनौतियां विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार शुरू हुआ। बीबीएमकेयू के प्रो. डॉ. पवन पोद्दार, संस्थापक सचिव पूर्व विधायक आनंद महतो, सचिव राहुल महतो, विधायक पत्नी तारा देवी, सिदो-कान्हू-बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि डॉ. अपूर्व साहा व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. लीलावती कुमारी ने दीप जला कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।प्रो. पोद्दार ने कहा कि वर्तमान समय में बहुविषयक अनुसंधान व अभ्यास व अधिक चुनौतिपूर्ण हो गया है। कहा कि किसी भी सृजनात्मक कार्य अनुसंधान व अभ्यास जरूरी है। संस्थापक सचिव पूर्व विधायक महतो ने कहा कि इस महाविद्यालय की स्थापना झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो के चिंतन व प्रयास का ही परिणाम है। सेमिनार को विधायक पत्नी तारा देवी, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. एसएन टंडन, विवि प्रतिनिधि डॉ. लीलावती कुमारी, डॉ. केतन मिश्रा आदि ने संबोधित किया। प्राचार्य डॉ. पीसी मंडल ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुस्कान मालाकार के स्वागत गीत से हुआ। अध्यक्षता सचिव राहुल महतो व संचालन प्रो. एपी भंडारी ने किया। पूर्व प्राचार्य डॉ. सरोज सिन्हा, प्रो. सबीना खातून, एनसीसी की एएनओ प्रो. शिखारानी महतो, प्रो. परिमल महतो, प्रो. विद्याधर महतो, डॉ. वीके यादव, प्रो. सर्फुद्दीन, प्रो. निमाइचंद्र महतो, प्रो. सुकुमार मोहंती, प्रो. बीके राय, मौसमी सरकार, निर्मल महतो आदि थे।

## श्रावणी मेला से पहले देवघर में बढ़ा संक्रमण का खतरा, जमा हुआ 550 टन कचरा



**रांची, एजेंसी।** श्रावणी मेला से पहले बाबा नगरी देवघर में संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है. नगर निगम क्षेत्र में 5 दिनों से कचरे का उठाव नहीं होने की वजह से 550 टन कचरा सार्वजनिक जगहों पर जमा हो गया है. सड़कों, गलियों व घरों में जहां-तहां कूड़ा-कचरा पड़ा है. यह कचरा अब सड़ने लगा है, इसकी बदबू से लोग परेशान हैं.

देवघर नगर निगम के सफाईकर्मी के 10 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं. इसकी वजह से कचरे का उठाव बंद पड़ा है. देवघर शहर में औसतन हर रोज 110 टन से ज्यादा कूड़ा-कचरा निकलता है. पिछले 5 दिनों से सब्जी मंडी, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, स्मार्ट बाजार, वीआइपी चौक, शिवगंगा, बाबा मंदिर के आसपास में कचरे का अंबार लगा हुआ है.

लोगों के घर, आंगन में रखा कचरा रखने वाला डस्टबिन भी भर गया है. घरों में कचरा का ओवरफ्लो हो गया है. सड़कों और गलियों में कचरे का अंबार लगा है. इससे लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है. इससे संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है. पूजा के लिए बाबा बैद्यनाथ मंदिर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को भी सड़ांध के बीच से जाना पड़ता है.

सदर अस्पताल परिसर में भी गंदगी का ढेर लगा हुआ है. यह गंदगी अब बहकर रास्ते पर पहुंचने लगी है. इससे अस्पताल आने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है. इतना ही नहीं, गंदगी और दुर्गंध के कारण अस्पताल आने वाले लोगों के अलावा कर्मियों तथा सामने स्थित बैद्यनाथधाम ओपी के पुलिसकर्मियों को भी परेशानी हो रही है. इस कचरे में कुछ मेडिकल कचरा भी शामिल है, जिससे दुर्गंध फैल रहा है.

## मोहनपुर-हंसडीहा रेल लाइन पर बनेगा त्रिकुट हॉल्ट, रेल मंत्रालय ने दी स्वीकृति

**रांची, एजेंसी।** श्रावणी मेला से पहले देवघर और दुमका जिले के रेल यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे की ओर से अच्छी खबर आई है. रेल मंत्रालय ने मोहनपुर-हंसडीहा व हंसडीहा-दुमका रेल लाइन पर एक सप्ताह के अंदर तीसरे हॉल्ट की स्वीकृति दे दी है.

गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे की अनुशंसा पर रेल मंत्रालय ने सर्वाधाम व बढ़ैत के बाद त्रिकुट हॉल्ट की स्वीकृति प्रदान की है. मोहनपुर-हंसडीहा रेल लाइन पर मोहनपुर जंक्शन व खड़ियाडीह हॉल्ट के बीच त्रिकुट हॉल्ट बनेगा. देवघर-गोड्डा पैसेंजर ट्रेन के उद्घाटन के मौके पर ट्रेन से गोड्डा जाने के दौरान सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने त्रिकुट की खूबसूरती देखकर कहा था कि वह रेल मंत्रालय से आग्रह करेंगे कि त्रिकुट हॉल्ट बनाया जाए.



इसके बाद सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर पर्यटन के दृष्टिकोण से त्रिकुट हॉल्ट की मंजूरी देने का आग्रह किया. अब जाकर रेलवे ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए हॉल्ट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. रेलवे बोर्ड के ट्रैफिक व कॉमर्शियल विंग के डिप्टी डायरेक्टर अमित कुमार मुखर्जी ने 10 जुलाई को पूर्वी जोन के जीएम को पत्र भेजकर त्रिकुट हॉल्ट की स्वीकृति की सूचना भेजी है.

त्रिकुट पर्वत नया रेलवे हॉल्ट बनेगा, बाद में स्टेशन के रूप में विकसित किया जायेगा. देवघर से गोड्डा जाने के समय त्रिकुट पहाड़ का बहुत ही सुंदर नजारा दिखता है. त्रिकुट पहाड़ देवघर व बासुकिनाथ में पूजा-अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं के लिए मनोरम स्थान है. इस हॉल्ट में सभी ट्रेनों का ठहराव होगा. पर्यटक के साथ-साथ मोहनपुर के रेल यात्रियों को भी सुविधा होगी.

सांसद डॉ दुबे ने कहा है कि शुरुआत में त्रिकुट हॉल्ट बनेगा. बाद में इसे स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा. इस स्टेशन पर किसी बड़े स्टेशन की तरह यात्रियों की सारी सुविधाओं का इंतजाम होगा. उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए वह लगातार काम करते रहेंगे. इस हॉल्ट के बनने से देवघर में बाबा बैद्यनाथ और दुमका जिले में बासुकिनाथ की पूजा करने आने वालों को सहूलियत होगी.

## एक सफल व्यक्ति से पूरा समाज होता है गौरवान्वित : रूपा

**देवघर, एजेंसी।** झारखंड प्रदेश केसरवानी सभा द्वारा रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान देवघर निवासी रिया केसरी के सीए बनने की खुशी में झारखंड प्रदेश केसरवानी अध्यक्ष रूपा केसरी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

मौके पर उन्होंने कहा कि समाज में किसी एक की कामयाबी से पूरा समाज गौरवान्वित महसूस करता है। सफलता को सम्मानित करने से हर क्षेत्र में प्रयास करने वाले लोगों को प्रोत्साहन मिलता है। इस दौरान रिया केसरी की मां संजू केशरी ने बताया कि पूर्व में सपरिवार बिहार के खड़कपुर गांव में रहते थे। गांव में पढ़ाई की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए देवघर में निवास करने का निर्णय लिया, और आज बच्चों की कामयाबी को देख हमारा निर्णय सही साबित हुआ। कहा कि रिया केसरी की प्रारंभिक परीक्षा स्थानीय रेड रोज विद्यालय में हुई। इंटरमीडिएट की पढ़ाई स्थानीय देव संघ विद्यालय से पूरी हुई। उसके बाद कोलकाता से सीए की डिग्री हासिल की। मौके पर समाज सेवी रवि केसरी ने भी रिया केसरी को सम्मानित करते हुए कहा कि समाज की बच्ची ने समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने रिया केसरी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए समाज के लिए प्रेरणा बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में समाजसेवी नीतू केसरी, प्रदेश की उपाध्यक्ष श्वेता केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार



### अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार, 16 दिन में 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

**जम्मू , एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार है। बीते 16 दिनों में तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। वहीं 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को घाटी के लिए रवाना हुआ। दोनों यात्रा मार्गों पर रुक-रुक कर हो रही बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने के बावजूद रविवार को 15 हजार से ज्यादा उत्साही तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए।

अधिकारियों ने बताया कि 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3:05 बजे 68 वाहनों में 1,918 यात्रियों को लेकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। जबकि दूसरा सुरक्षा काफिला सुबह 3:50 बजे 94 वाहनों में 2,957 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

दोनों सुरक्षा काफिले दोपहर तक घाटी में पहुंच जाते हैं। यह पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन त्योहार के साथ संपन्न होगी।

### इंडी गठबंधन और कांग्रेस भारत में अमेरिका की तरह ही हिंसात्मक नैरेटिव चला रही है : भाजपा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले के लिए सामने आ रहे कारणों का जिक्र करते हुए भाजपा ने आरोप लगाया है कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस भारत में पीएम मोदी और भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अमेरिका की तरह ही हिंसात्मक नैरेटिव चला रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोलियां चलाई गई, वह बाल-बाल बचे और सुरक्षित हैं लेकिन सवाल यह पैदा होता है कि अमेरिका जैसे लोकतंत्र में आखिर किन परिस्थितियों में यह राजनीतिक हिंसा हुई और इस तरह का घृणात्मक और हिंसात्मक माहौल कैसे बन गया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के इसी स्क्रिप्ट को भारत में भी दोहराने का प्रयास किया जा रहा है। अमेरिका की तरह ही भारत में भी पीएम मोदी के खिलाफ घृणात्मक और हिंसात्मक माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए शहजाद पूनावाला ने आगे कहा कि भारत में तो पूरा इंडी गठबंधन,खासकर कांग्रेस पार्टी और उसकी जमात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा कार्यकर्ताओं और भाजपा समर्थकों के खिलाफ अमेरिका की तरह ही हिंसात्मक भरा नैरेटिव चला रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आगे कहा कि विपक्षी दलों ने यह भ्रम फैलाया कि अगर भाजपा की सरकार आती है तो संविधान खत्म कर दिया जाएगा।

# राज्यसभा में घटी भाजपा की ताकत, पर एक साथ मिलेंगी 8 सीटें ?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा से 4 मनोनीत सदस्य शनिवार को रिटायर हो गए। ये सभी सदस्य भाजपा के कोटे से थे और इनके सदन से विदा होने के साथ ही उसकी संख्या 86 ही रह गई है। एनडीए को मिलाकर देखें तो यह संख्या 101 है। हालांकि भाजपा को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में उसकी संख्या में इजाफा होगा। फिलहाल राज्यसभा में 19 सीटें खाली हैं और मौजूदा सदस्यों की संख्या 226 है। 19 सीटों में से 4 सीटें जम्मू-कश्मीर की हैं, जहां विधानसभा चुनाव होने के बाद ही राज्यसभा के इलेक्शन होंगे। इसके अलावा 4 सीटें नामित सदस्यों की खाली हैं। वहीं 11 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है, जो महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा और असम जैसे राज्यों की हैं।

मौजूदा समीकरणों के अनुसार इन 11 सीटों में से 8 पर एनडीए आसानी से जीत हासिल कर सकता है। इस तरह कुल संख्या 86 तक पहुंच जाएगी। इन 11 में से 10 राज्यसभा सीटें पिछले महीने ही खाली हुई हैं क्योंकि कई सदस्यों ने लोकसभा का चुनाव लड़ा था और जीतने के बाद उच्च सदन से इस्तीफा दे दिया था। इनमें पीयूष गोयल और भूपेंद्र यादव जैसे नेता भी शामिल हैं। इसके अलावा एक सीट बीआरएस के राज्यसभा सांसद रहे के. केशव राव के इस्तीफे से खाली हुई है। वह अब कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। इस तरह आने वाले महीनों में एनडीए को 8 सीटों पर जीत मिलने के आसार हैं।

वहीं तीन सीटें विपक्षी INDIA गठबंधन को मिल सकती हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि उसकी संख्या भी तेलंगाना में जीत के चलते 27 तक पहुंच जाएगी। यह आंकड़ा विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए जरूरी 25 से 2 सीट अधिक होगा। गौरतलब है कि एनडीए के पास भले ही अपने दम पर बहुमत नहीं है, लेकिन राज्यसभा में वाईएसआर कांग्रेस, बीजेडी, एआईएडीएमके जैसे दलों के समर्थन से वह जरूरी बिल पारित कराती रही है। शनिवार को मनोनीत सांसद राकेश सिन्हा, राम शकल, सोनल मानसिंह और महेश जेठमलानी का कार्यकाल समाप्त हो गया। इन लोगों ने संसद सदस्य बनने के बाद भाजपा की सदस्यता ले ली थी।

### मनोनीत सांसदों में 7 किसी भी दल के नहीं, पर देते हैं भाजपा का साथ

राष्ट्रपति की ओर से कुल 12 सांसदों को मनोनीत किया जा सकता है। इन सांसदों में से 5 भाजपा के मेंबर हो गए थे, जबकि 7 सांसद किसी भी दल के सदस्य नहीं हैं। हालांकि ये सांसद बिल पारित होने के मौके पर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का ही समर्थन करते रहे हैं। भाजपा से जुड़े एक और मनोनीत सदस्य गुलाम अली हैं। वह सितंबर 2028 में रिटायर होने वाले हैं।

## हुड्डा के कार्यकाल में था अपराध का बोलबाला, जनता को बताएं अपनी उपलब्धियां: सीएम सैनी



**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के पद ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। मोहनलाल बडोली के पद ग्रहण को लेकर सीएम सैनी ने कहा कि उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी और मजबूत होगी। मोहनलाल बडोली पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता हैं और उन्हें बहुत अहम जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश में जिस तरह के काम भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने किया है, उसके आधार पर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि सूबे में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कांग्रेस के हरियाणा मांगे जवाब कार्यक्रम पर कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों से पूछने की बजाय जनता को यह बताए कि उन्होंने अपने दस साल के कार्यकाल में प्रदेश के लिए क्या काम किया? भूपेंद्र हुड्डा ने अपने घोषणापत्र में 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था, जो वह अपने दस साल के कार्यकाल में पूरा नहीं कर पाए। भाजपा सरकार ने तो अपने दस साल के कार्यकाल में प्रदेश के हर वर्ग के लिए काम किया है। बदमाश काला खैरमपुर के थाईलैंड से प्रत्यर्पण पर नायब सैनी ने हरियाणा पुलिस को मुबारकबाद देते हुए कहा कि पुलिस अपराध रोकने के लिए हर बड़े कदम उठा रही है। उन्होंने बदमाशों को भी चेतावनी दी और कहा कि या तो वे बदमाशी छोड़ दें या फिर प्रदेश। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दस साल के कार्यकाल के दौरान अपराध इतना बढ़ा हुआ था कि लोगों की एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी। इसलिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा बेवजह के आरोप न लगाएं। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर जाकर बता रही है कि मौजूदा सरकार अपने दस साल के कार्यकाल में पूरी तरह विफल रही है।

## हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत भाजपा सरकार का पर्दाफाश करेगी कांग्रेसः भूपेंद्र हुड्डा



**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नायब सिंह सैनी सरकार को घेरने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर बात की। उन्होंने कहा हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम इसी सोच के साथ तैयार किया गया है। दावा किया कि इसके जरिए जनता की राय एकत्रित की जाएगी। कांग्रेस दिग्गज ने प्रदेश सरकार पर रोजगार के अवसर मुहैया न करा पाने, युवाओं का शोषण करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने गए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हुड्डा ने ये बातें अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

इस दौरान उन्होंने हरियाणा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, हमने युवाओं को खेल की तरफ ले जाने का काम किया था, ताकि युवा नशे से बच सके। लेकिन मौजूदा सरकार युवाओं को खिलाड़ी नहीं नशेड़ी बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान बनी खेल नीति की वजह से प्रदेश के खिलाड़ियों को बड़े पैमाने पर लाभ मिला। मौजूदा सरकार ने उस खेल नीति में बदलाव कर खिलाड़ियों का कैश अवॉर्ड तक रोक दिया है। सरकार को चाहिए कि जिस भी खिलाड़ी का जो अवॉर्ड बनता है उसे वह दे दिया जाए। इसके साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम का भी जिक्र किया। कहा, कांग्रेस पार्टी हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर मौजूदा सरकार की 10 साल की विफलताओं को जनता के सामने रखेगी और कांग्रेस पार्टी के लिए गए संकल्प को जनता के पास लेकर जाएगी। इस दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र के लिए जनता से राय ली जाएगी कि वह सरकार से क्या चाहते हैं। जल्द ही हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम का ब्लूप्रिंट तैयार किया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तंज कसते हुए कहा कि 10 साल बाद उनको याद आया है कि हरियाणा में अपराध बढ़ रहा है, अब तक नायब सैनी या भाजपा की सरकार क्या कर रही थी? हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी का किसी दल के साथ गठबंधन के सवाल पर कहा कि इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर था लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए फिलहाल किसी भी गठबंधन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। हरियाणा प्रदेश में सीधा मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। हम आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने जा रहे है।

### अनंतनाग में 34 साल बाद खोला गया उमा भगवती का प्राचीन मंदिर, राजस्थान से मंगाई देवी की मूर्ति

**अनंतनाग, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में रविवार को देवी उमा भारती का प्राचीन मंदिर भक्तों के लिए खोला गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के ब्रेरियनगन में देवी उमा भगवती को समर्पित यह मंदिर लगभग 34 साल बाद खोला गया है। मंदिर में स्थापित की गई देवी की मूर्ति राजस्थान से मंगाई गई थी, जिसे गर्भगृह में स्थापित किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि मंदिर को लगभग 34 वर्षों के अंतराल के बाद फिर से खोला गया है। पुन: उद्घाटन समारोह के दौरान, राजस्थान से लाई गई देवी उमान की मूर्ति को गर्भगृह में रखा गया था। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार विकसित जम्मू-कश्मीर के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, केंद्रशासित प्रदेश की अपनी समन्वित संस्कृति जम्मू-कश्मीर को एक समृद्ध और शांतिपूर्ण क्षेत्र के रूप में विकसित करने में काफी मदद करेगी।



## गाय को बचाने के दौरान बारातियों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत और 30 घायल



**धौलपुर, एजेंसी।** राजस्थान में शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। धौलपुर सैपऊ थाना क्षेत्र के गांव राजोरा खुर्द के पास रविवार रात 11 बजे बारातियों से भरी मैक्स पलट गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दो-तीन एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचवाया। हादसे की जानकारी होने पर घायलों के परिजन और परिचित अस्पताल पहुंचे।

रिपोर्ट के अनुसार, एक गाय रोड पर बैठी थी और एक साइड में बाइक सवार खड़ा था। दोनों को बचाने के चक्कर में यह हादसा हो गया। हादसे के बाद रोड पर लंबा जाम लग गया। पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव ने टीम के साथ मिलकर एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया।

बताया जा रहा है कि कुछ घायलों को उनके परिजन निजी वाहन से आगरा ले गए हैं। हादसे में बाइक पर बैठे तीन लोग भी मैक्स की चपेट में आने से घायल हुए हैं। अस्पताल प्रभारी डॉक्टर दिनेश नरुका ने बताया कि सभी घायलों को गंभीर चोट आई है। एक घायल की अस्पताल में मौत हो गई। मृतक का नाम चंद्रसेन (पुत्र हरि सिंह, निवासी बरिगमा खुर्द) बताया गया है। मैक्स पिकअप में 40 लोग सवार थे। बरिगमा खुर्द से सैपऊ इलाके के गांव फूलपुरा में भरत सिंह कुशवाह के बेटे प्रमोद और पुनीत की बारात मैक्स पिकअप से आई थी। बारात खाना खाकर गांव को लौट रही थी। तभी नेशनल हाईवे-123 पर रजोरा खुर्द के पास हादसा हुआ।

इस हादसे में मनोज कुशवाह, नेमीचंद, नरेश, कन्हैया, मुकेश, सौराज, जगबीर, श्री कृष्णा, लोकेश अभय, कन्हैया, दुर्गा, मनोज, सनी कुमार, चंद्रवीर, मुनेंद्र, जयकेश, मुकेश, हीरा सिंह, अचल सिंह, दुर्गा सिंह, कुशलवीर आदि घायल हो गए। वहीं बाइक सवार बैजो और रामदीन बुरी तरह घायल हुए हैं। एक घायल चंद्रसेन पुत्र हरि सिंह की मौत हो गई।

## जोधपुर में एमबीबीएस स्टूडेंट्स ने लूटी मिल्क वैन, 3 मेडिकल स्टूडेंट्स को किया डिटेन



**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जोधपुर में मथुरादास माथुर अस्पताल के नजदीक सरस दूध की मिल्क वैन को लूटने के मामले में पुलिस ने मेडिकल कॉलेज के तीन छात्रों को शांति भंग के आरोप में डिटेन किया है। तीनों एमबीबीएस के छात्र हैं, जबकि दो जनों की अभी और तलाश है। थानाधिकारी देवेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि सुखदेव विश्नोई ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी गाड़ियां सरस डेयरी में दूध सप्लाई में लगी हुई है। रविवार सुबह 4:00 बजे मथुरादास माथुर अस्पताल के गेट नंबर 1 पर दूध सप्लाई के लिए मिल्क वैन लेकर गया तो वहां 5-6 लोग आए। जिनमें से दो लोगों ने उसे पकड़कर उसके साथ बदतमीजी की। तीन जने उसकी गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गए।

थानाधिकारी ने बताया कि इस घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में नाकाबंदी करवाई गई। कुछ देर बाद पाल रोड पर गाड़ी लावारिस हालत में बरामद हुई। सुखदेव ने अपने गाड़ी से 24 लीटर दूध के दो कैरेट गायब होने और 4600 रुपए जो कलेक्शन के थे उनके भी लूटने का मामला दर्ज करावाया है।

पुलिस में रिपोर्ट पर लूट का मामला दर्ज किया और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो उसमें मेडिकल कॉलेज के छात्रों की मौजूदगी सामने आई। इस पर पुलिस ने देर शाम को डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस फाइनल ईयर के धोरीमन्ना गांव लूखु 22 वर्षीय विकास विश्नोई , थर्ड ईयर के छात्र सेड़वा थाना क्षेत्र के ओगाला निवासी 23 वर्षीय ओमप्रकाश जाट, गुड़ा मालानी के गांव डाबड़ निवासी थर्ड ईयर के छात्र 22 वर्षीय महेश विश्नोई को हिरासत में लिया। इनके साथ दो और लोग थे जिनमें एक एम्स मेडिकल कॉलेज का भी छात्र है।

# अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में बिन बुलाए बाराती भी, पुलिस ने 2 को धरा



**मुंबई, एजेंसी।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में दो अनजान लोगों के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। कहा जा रहा है कि आरोपी शादी समारोह देखने के लिए यहां पहुंचे थे। खास बात है कि अंबानी परिवार के इस हाईप्रोफाइल कार्यक्रम में एंट्री के लिए क्यूआर कोड, रिस्टबैंड जैसी कई व्यवस्थाएं की गईं थीं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने बताया है कि बगैर निमंत्रण कार्यक्रम में घुसने की कोशिश करने वालों के नाम वेंकटेश नरासिया और एलएम शफी शेख हैं। एक ओर जहां 26 वर्षीय नरासिया यूट्यूबर है। वहीं, 28 साल का शेख खुद के बिजनेसमैन बता रहा है। सुरक्षा अधिकारियों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस ने नोटिस थमाकर और कानूनी कार्रवाई कर दोनों को जाने दिया।

क्यूआर कोड, कोड वाले रिस्टबैंड, आपातकालीन चिकित्सा

व्यक्तिगत मोबाइल फोन पर भेजे गए क्यूआर कोड के आधार पर प्रवेश की व्यवस्था, विभिन्न क्षेत्रों में प्रवेश के लिए रंग आधारित कोड वाले पेपर रिस्टबैंड (कलाई पर बांधा जाने वाला), और राष्ट्राध्यक्षों के लिए आरक्षित आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था ने एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की शादी के आयोजन को सफल बनाने में मदद की। मुंबई के बीकेसी में अंबानी परिवार के स्वामित्व वाले जियो वर्ल्ड सेंटर में शुक्रवार को हुई शादी में वैश्विक हस्तियां, व्यवसायी, क्रिकेटर, फिल्मस्टार और सभी तरह के राजनेता शामिल हुए। इसके अगले दिन दोस्तों और परिवार के सदस्यों के लिए शुभ आशीर्वाद नाम से आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। रविवार को इसी स्थान पर मंगल उत्सव नामक एक अन्य रिसेप्शन के लिए कर्मचारियों से लेकर व्यावसायिक सहयोगियों तक कई तरह के मेहमानों को आमंत्रित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को जोड़े को आशीर्वाद देने के लिए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। शादी और रिसेप्शन के लिए तीन अलग-अलग निमंत्रण भेजे गए थे। बेहद खास मेहमानों को एक बड़ा लाल बॉक्स भेजा गया था, जिसमें एक संदूक में भगवान गणेश, राधा-कृष्ण और देवी दुर्गा सहित विभिन्न हिंदू देवताओं की सोने की मूर्तियों वाला एक छोटा चांदी का मंदिर था। आमंत्रण में प्रत्येक विवाह समारोह के लिए अलग-अलग कार्ड दिखाए गए थे, जिसमें से एक चांदी से बना था और एक प्राचीन मंदिर के मुख्य द्वार जैसा दिखता था। इसमें कई यादगार चीजें शामिल थीं, जैसे एक नीला शॉल और उपहारों से भरा एक चांदी का बॉक्स। सबसे सरल निमंत्रण लैपटॉप के आकार के बॉक्स में था, जिसमें तीन देवताओं की चांदी की मूर्तियां और निमंत्रण कार्ड थे। मेहमानों से ईमेल या गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी उपस्थिति की पुष्टि करने के लिए कहा गया था। आने की पुष्टि करने वालों को क्यूआर कोड कार्यक्रम से छह घंटे पहले साझा किए गए। मोबाइल फोन पर भेजे गए क्यूआर कोड और ईमेल को स्कैन करके कार्यक्रम स्थल में प्रवेश की अनुमति दी गई। यहां सभी मेहमानों की कलाई पर अलग-अलग रंग के कागज के रिस्टबैंड बांधे गए।

विंबलडन

# अल्काराज ने लगातार दूसरी बार जीता विंबलडन का खिताब

**लंदन,एजेंसी।** 21 साल के स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच को रविवार को खेले गए विंबलडन फाइनल में मात देकर दूसरी बार खिताब जीत लिया। विंबलडन में पिछले साल फाइनल में भी नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज आमने-सामने थे।

लगभग 5 घंटे तक चले रोमांचक मुकाबले में आखिरकार बाजी अल्कराज के हाथ लगी थी। इस बार भी अल्कराज ने पिछले विंबलडन के फाइनल का नतीजा दोहराते हुए जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से मात दी। यह अल्कराज के करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले कार्लोस अल्कराज ने 2022 में यूएस ओपन जीता था। पिछले साल उन्होंने विंबलडन जीता था और इस साल फ्रेंच ओपन का खिताब जीता। इसके साथ ही 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के लिए साल 2024 में खिताब का सूखा जारी है। गेम की शुरुआत से ही अल्कराज जोकोविच पर हावी दिखे और इस दौरान जोकोविच अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे। यही स्थिति दूसरे सेट में भी जारी रही। हालांकि, जोकोविच ने तीसरे सेट में वापसी की कोशिश की और 4-5 से पिछड़ने के बाद अगला गेम जीतकर साबित कर दिया कि वे आसानी से हार नहीं मानने जा रहे हैं।

उ न्होंने तीसरे सेट का छठा गेम भी अपने नाम कर लिया, जिसके बाद तीसरा सेट टाई-ब्रेकर में चला गया। जोकोविच ने टाई-ब्रेकर में भी 3-3 से गेम को बराबर करके युवा अल्कराज को बहुत आसान जीत हासिल नहीं करने दी। हालांकि, तीनों सेट में अल्कराज की निरंतरता देखने लायक थी और उन्होंने टाई-ब्रेकर को 7-4 से जीतकर विंबलडन का दूसरा खिताब अपने नाम किया।

इस मैच में अल्कराज ने बैकहैंड का भी शानदार इस्तेमाल करते हुए पेस जेनरेट की और जोकोविच को लगातार बैकफुट पर रखा। नोवाक जोकोविच ने सात बार विंबलडन खिताब जीते हैं। लेकिन, आठवां खिताब जीतकर रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से चूक गए। अगर जोकोविच यह खिताब जीत जाते तो विंबलडन के इतिहास में ऐसा करने वाले सबसे ज्यादा उम्र के खिलाड़ी भी बन जाते।



## सचिन तेंदुलकर ने दी अल्काराज को खिताब जीतने पर बधाई, कहा- अब टेनिस पर एक ही राज करेगा..

टेनिस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट विंबलडन 2024 के पुरुष एकल मुकाबले में अल्काराज ने जोकोविच को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। अल्काराज की ऐतिहासिक जीत पर क्रिकेट के भगवान ने भी उन्हें बधाई दी।



### अल्काराज को मिली कामयाबी

इस मुकाबले में अल्काराज ने सर्बियाई स्टार को सीधे सेटों में हरा दिया। उन्होंने अपने करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इसके अलावा अपने पिछले ग्रैंड स्लैम खिताब का बचाव किया। 36 वर्षीय सर्बियाई स्टार के पास अपनी पिछली हार का बदला लेने का सुनहरा मौका था। हालांकि, वह इसे भुना नहीं पाए और अल्काराज ग्रैंड स्लैम खिताब का बचाव करने में कायमाब रहे।

### भारत के महान बल्लेबाज ने दी बधाई

अल्काराज को उनको ऐतिहासिक जीत के लिए सचिन तेंदुलकर ने बधाई दी। उन्होंने कहा, अबसे टेनिस पर एक ही राज करेगा, वो है अल्काराज।

विश्व स्तरीय प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सीधे सेटों में विंबलडन का फाइनल जीतना कोई मजाक नहीं है। उस तरह की गति, शक्ति, प्लेसमेंट और ऊर्जा के साथ, ऐसा लगता है कि आने वाले वर्षों में यह कार्लोस अल्काराज के लिए फायदेमंद होने वाला है।



# स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया और चौथी बार जीता यूरो खिताब

**बर्लिन, एजेंसी।** सब्स्टीट्यूट मिकेल ओयारज़ाबल ने समय से चार मिनट पहले गोल करके स्पेन को रविवार को इंग्लैंड पर 2-1 की यूरो 2024 की जीत और रिकॉर्ड चौथी बार यूरोपीय खिताब दिलाया, जबकि गैरेथ साउथगेट की टीम लगातार दूसरे फाइनल में हार गई। ओयारज़ाबल ने मार्क कुकुरेला के साथ मिलकर विजयी गोल के लिए तेजी से जवाबी हमला किया, जिससे स्पेन को चैंपियन का ताज पहनाया गया, जिसने टूर्नामेंट में खेले गए सभी सात मैच जीते थे। पहला हाफ दोनों टीमों के प्रयासों के बावजूद गोलरहित रहा। मैच के तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए।

बेहद सतर्क पहले हाफ के बाद जहां स्पेन के पास अधिक कब्ज़ा था और उनके विरोधियों को लक्ष्य पर एकमात्र शॉट मिला। दूसरे हाफ में खेल फिर से शुरू होने के बाद स्पेनियों को गतिरोध तोड़ने में केवल दो मिनट लगे। किशोर लेमिन यामल को दाहिनी ओर जगह मिली और साथी विंगर निको विलियम्स को क्रॉस दिया जिन्होंने गोल दागने में कोई गलती नहीं की जिससे इंग्लैंड लगातार चौथे मैच में पिछड़ गया।

इसके बाद स्पेन ने कई हमलों के साथ इंग्लैंड की पहले से ही मजबूत रक्षा पंक्ति को तोड़ दिया। इंग्लैंड के बॉस गैरेथ साउथगेट ने एक घंटे के बाद अप्रभावी हैरी केन के स्थान पर सेमीफाइनल के गोलस्कोरिंग स्थानापन्न नायक ओली वॉटकिंस को भेजकर प्रतिक्रिया व्यक्त की, पिछले महीने के उनके सबसे रचनात्मक खिलाड़ी कोल पामर 10 मिनट बाद उनके साथ शामिल हो गए।

इसका फ़ायदा लगभग तुरंत ही मिला जब जूड बेलिंगहैम ने गेंद को वापस पामर के रास्ते में डाल दिया और स्थानापन्न खिलाड़ी ने 73वें मिनट में 20 मीटर का एक सटीक शॉट लगाकर बराबरी का गोल दाग दिया। इंग्लैंड के प्रशंसकों की भीड़, जिनकी संख्या उनके प्रतिद्वंद्वियों से काफी अधिक थी, में विस्फोट हो गया और रात का पूरा माहौल बदल गया। हालाँकि, स्पेन ने तूफ़ान का सामना किया और 68वें मिनट में आए ओयारज़ाबल ने हमला कर दिया।

दूसरे छोर पर अभी भी अधिक नाटक का समय था क्योंकि स्पेन के गोलकीपर उनाई साइमन ने एक कोने से डेक्लान राइस के हेडर को रोक दिया और दानी ओल्मो ने मार्क गुही के फॉलो-अप को लाइन पर रोक दिया। इंग्लैंड को बराबरी से मिली राहत ज्यादा देर तक टिकी नहीं रह सकी। स्थानापन्न मिकेल ओयारज़ाबल ने निर्धारित समय से चार मिनट पहले स्पेन के लिए विजयी गोल दाग कर इंग्लैंड की उम्मीदों को फिर तोड़ दिया।

# इंग्लैंड और स्कॉटलैंड दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान



**मेलबर्न (एजेंसी)।** विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस कार्यभार प्रबंधन के तहत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के आगामी इंग्लैंड दौरे पर नहीं जाएंगे जबकि मिचेल स्टार्क टी20 श्रृंखला नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया को सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन टी20 और इंग्लैंड के खिलाफ पांच वनडे मैच खेलने हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि यह पहले से तय था कि अगले साल होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी के मद्देनजर कार्यभार प्रबंधन के तहत कमिंस नहीं खेलेंगे। मिचेल मार्श टीम के कप्तान होंगे। युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगर्क को वनडे और टी20 दोनों टीमों में जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया 50 ओवरों के प्रारूप में विश्व कप चैम्पियन है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप खिताब भी जीता है लेकिन टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंचा।

### टी20 टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्लेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जैक फ्रेसर मैकगर्क, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

### वनडे टीम

मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबोट, एलेक्स कारी, नाथन एलिस, जैक फ्रेसर मैकगर्क, आरोन हार्डी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, एडम जम्पा।

शतरंज

# सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज करूआना रहे शीर्ष पर




**जागरेब , क्रोसिया, एजेंसी।** सुपर यूनाइटेड रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के तीनों दिन के खेल के बाद यूएसए के विश्व नंबर 3, फबियानों करूआना, ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए कुल 15 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया।

इससे पहले रोमानिया क्लासिक का खिताब अपने नाम करने वाले करूआना इस समय जोरदार लय में नजर आ रहे हैं। तीसरे दिन करूआना ने अपने तीनों मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए किसी को कोई मौका नहीं दिया और रैपिड में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने दिन की शुरुआत भारत के डी गुकेश को मात देकर की और उसके बाद नीदरलैंड के अनीश गिरि और फ्रांस के मकसीम लागरेव को पराजित किया। अब देखना यह होगा कि क्या ब्लिट्ज शतरंज में भी वह अपना यह प्रदर्शन बरकरार रखते हुए एक और खिताब अपने नाम करेंगे। भारत के डी गुकेश ने रैपिड में 9 अंक बनाकर सातवां और विदित ने 4 अंक बनाकर नौवां स्थान प्राप्त किया।

इस शानदार प्रदर्शन के बाद, फबियानों करूआना अब ब्लिट्ज शतरंज में भी अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या वह एक और खिताब अपने नाम करेंगे।

# आईएचफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल में भारत दोनों वर्गों में चैंपियन

● बांग्लादेश दोनों वर्ग में उपविजेता रही




**जयपुर, एजेंसी।** मेजबान भारत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में रविवार को संपन्न आईएचफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ व जूनियर वर्ग का ख़िताब अपने नाम किया। यूथ वर्ग के खिताबी मुक़ाबले में भारत ने बांग्लादेश को 56-36 से हराया। मध्यांतर तक भारत ने 31-14 से बढ़त बना रखी थी। मालदीव को हरा नेपाल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

जूनियर वर्ग के फाइनल ने भारत ने बांग्लादेश को 55-25 से हराया। हाफ टाइम तक भारत 31-16 से आगे था। नेपाल को हराकर मालदीव तीसरे स्थान पर रहा। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता व राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र राठौड़ थे। समारोह की अध्यक्षता हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने की। जबकि विशिष्ठ अतिथि दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पांडे, पीएचएल के ओनर अभिनव बांठिया, विज्ञान लोढ़ा, आईएचएफ़ के लेक्चरर ट्यूनीशिया से समीर मैक्लॉफ़ व कुवैत से डॉ. ख़ालिद अल्सारजी व टेबिल्टन इंडिया के निदेशक डॉ. सौरभ जैन थे। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह ने बताया कि आईएचफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल में यूथ व जूनियर वर्ग में चार देशों मेजबान भारत, नेपाल, मालदीव व बांग्लादेश की टीमों ने भाग लिया। जबकि निर्णायक कतर व कुवैत से आये थे। जबकि आईएचएफ़ के लेक्चरर ट्यूनीशिया से समीर मैक्लॉफ़ व कुवैत से डॉ. ख़ालिद अल्सारजी आये। सभी देशों के खिलाड़ी व ऑफिशियल्स ने इस पाँच दिवसीय टूर्नामेंट आयोजन की बहुत बहुत प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि यह जयपुर में चौथी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी। इससे पहले 1996 में पहली दक्षिण एशियाई हैंडबॉल चैंपियनशिप (पुरुष व महिला), 2011 में आईएचएफ़ इंटर कांटीनेंटल ट्रॉफी व 2019 में एशियन यूथ महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें दस देशों की टीमों ने भाग लिया था।

यूथ वर्ग में मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के नवदीप को अतिरिक्त कमिश्नर इनकम टैक्स राजेंद्र शेखावत पुरस्कार दिया। जूनियर वर्ग के मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर भारत के अनूप को हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला व पीएचएल के ओनर अभिनव बाँठिया ने पुरस्कार दिया।

57वां बील इंटरनेशनल शतरंज

# प्रज्ञानन्दा और वैशाली करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**बील, स्विट्जरलैंड, एजेंसी।** बील शतरंज महोत्सव का 57वां संस्करण इस शनिवार से शुरू हो रहा है, जो दुनिया भर के शतरंज प्रेमियों को आकर्षित करेगा।

इस बार दो राउंड रॉबिन ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट होंगे- जीएमटी-मास्टर्स और जीएमटी-चैलेंजर्स, जिनमें प्रत्येक में छह खिलाड़ी भाग लेंगे जो क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में मुकाबला करेंगे । इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी और विश्व नंबर 8, प्रग्गनानंधा देश का नेत्तृत्व करेंगे साथ ही 2762 रेटिंग वाले प्रज्ञानन्दा टूर्नामेंट के टॉप सीड होंगे , इस टूर्नामेंट में प्रज्ञानन्दा के अलावा - विन्सेंट केमर (जर्मनी), लियम क्वांग ले (वियतनाम), जावोखिर सिंदारोव (उजबेकिस्तान), हाइक मार्टिरोस्यान (आर्मेनिया) और अभिमन्यु मिश्रा (यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका) भाग लेंगे ।

वहीं प्रज्ञानन्दा की बहन और भारत की नंबर 3 महिला खिलाड़ी आर वैशाली चैलेंजर्स वर्ग में भाग लेंगी चैलेंजर्स वर्ग में जोनास ब्जेरे (डेनमार्क), अलेक्जेंडर डोंचेंको (जर्मनी), सलेम सालेह (यूएई), मार्क एंड्रिया मौरिजी (फ्रांस) ,इहोर सामुनेन्कोव (यूक्रेन) भी भाग लेंगे ।

इंडिया वर्सेस जिम्बाब्वे टी-20

# टीम इंडिया ने जिम्बावे से 4-1 से जीती टी-20 सीरीज



**हरारे, एजेंसी।** भारतीय टीम ने रविवार को हरारे के मैदान में खेले गए 5वें टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को अच्छी गेंदबाजी और बल्लेबाजी से हरा दिया। इस जीत से इंडिया ने 5 मैचों की सीरीज को 4-1 से जीत लिया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी के लिए बुलाया, जहां संजू सैमसन और रियान पराग ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 65 रन की साझेदारी की। शिवम दुबे ने डेथ ओवर्स में बल्लेबाजी की और टीम का स्कोर 167 रन तक पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को 168 रन का लक्ष्य देकर मुकेश कुमार और शिवम दुबे की शानदार गेंदबाजी से उन्हें 18.3 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट कर दिया।

भारतीय टीम के पावरप्ले के 6 ओवर में 40 रन पर 3 विकेट गिर गए थे, लेकिन संजू और रियान ने फिर टीम को संभाला।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### नशे में झूम रहे तीन शराबी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद) ( नि.सं.)।** रफीगंज पुलिस ने खरांटी गांव के मुकेश कुमार, राकेश कुमार एवं पिंटू कुमार को नशे की हालत में इसी के गांव से हिरासत में लेकर थाना लाया। ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किया। जांच में शराब सेवन की पुष्टि के बाद औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि नशे की हालत में गांव में यह लोग हंगामा कर रहे थे।ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई और इन्हें हिरासत मे लेकर जांचोपरांत न्यायालय भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में प्राथमिकी, तीन नामजद

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के सोनबरसा गांव के विमलेश पासवान ने काजी चक गांव के पचुआ, मोना खान, आदिल एवं 6 अज्ञात को आरोपी बनाया। उल्लेख किया है कि नोनिया टील्हा हैदर के दुकान में बाईक बना रहे थे। इसी बीच पचुआ गाली देते हुए बोला कि नेता बनता है और मोनो खान मारते हुए गले से सोने का चैन छीन लिया। मार से सिर में गहरा चोट हो गया। पचुआ काला प्लास्टिक से पिस्तौल निकाला तब तक लोग समझतेकि तीनों बाईक से भाग गये।चार दिन पूर्व में मिस्टर मियां मेरा पीछा भी किया था।ब्लॉक में शांति समिति के बैठक में मैं बोला था कि मोहर्रम शुरू होते ही रात में डीजे बजना शुरू हो जाता है। शांति समिति की बैठक समाप्त होने के बाद मैं बाहर निकला तो सोनवर्षा के जुबैर मियां बोला कि नेता बनते हो डीजे पर रोक लगाते हो इसका बुरा परिणाम होगा। अज्ञात लोगों से मिलकर लात मुक्का से मारने लगा। चिल्लाने पर वहां उपस्थित लोगों ने छुड़ाया। सुजीत साव के दुकान में छुप गया और पुलिस को फोन किया। तब पुलिस वहां पहुंची तथा घटना स्थल पर ले जाकर जानकारी लिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की तहकीकात की जा रही है।

### डिग्री के साथ कौशल का होना रोजगार की गारंटी : ऋतुराज

**पटना (नि.सं.)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने देश के सभी युवाओं को शुभकामनाएं दी हैं। सोमवार को जारी बयान में भाजपा नेता ने कहा कि किसी भी देश का विकास उसके युवाओं के विकास के बिना संभव नहीं है। अब युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास के ज्ञान से प्रकाशित होना जरूरी है। इसी उद्देश्य से साल 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया था। सोमवार को उन्होंने कहा कि 2014 से अब तक हुए प्रयास के बावजूद भारत की कुल आबादी में मात्र 2.5 फीसदी औपचारिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त है, जबकि अमेरिका में यह आंकड़ा 52 फीसदी, जापान में 80 फीसदी और दक्षिण कोरिया में 96 फीसदी है। विकसित देशों के विकास में युवाओं के कौशल विकास की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया था।

ईंट भट्ठा पर जेसीबी में लगाई थी आग, संचालक के बेटे और चालक से की थी मारपीट

# एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार द्वारा ईनाम घोषणा के 48 घंटे के अंदर औरंगाबाद पुलिस ने एक लाख के ईनामी नक्सली एरिया कमांडर को सलाखों में धकेल दिया है। गिरफ्तार एरिया कमांडर बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहारी चंद्रवंशी गोह थाना के जुझारपुर गांव का निवासी है। पुलिस ने उसे रफीगंज थाना क्षेत्र में चंदौल गांव के पास से गिरफ्तार किया है। उस पर बिहार-झारखंड के विभिन्न थानों में कुल 17 मामले दर्ज है। पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि पिछले माह 4 जून की रात को करीब 01:00 बजे बिहारी रवानी ने ने 9 नक्सलियों के हथियारबंद दस्तें के साथ रफीगंज थाना क्षेत्र के पोगर स्थित एक ईंट भट्ठे पर लेवी की मांग को लेकर हमला बोला था। इस दौरान भट्ठा मालिक के पुत्र, कर्मियों एवं जेसीबी चालक की लाठी-डंडे से बेरहमी से पिटाई की थी और जेसीबी को फूंक दिया था। जाते-जाते धमकी दी थी कि पांच वर्षों से संगठन को लेवी नहीं पहुंचाया है। शीघ्र लेवी पहुंचा दो नही तो सभी को जान से मार देंगे। इस मामले में ईंट भट्ठा मालिक की शिकायत पर रफीगंज थाना में भादंवि की धारा धारा-341, 323, 386, 387, 435, 504, 506/34 एवं 13, 16, 17, 18 राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के तहत प्राथमिकी संख्या-216/24 दर्ज किया गया था। मामले में कुल 07 को नामजद एवं 02 अज्ञात नक्सलियों को आरोपी बनाया गया था। इसे लेकर उन्होंने औरंगाबाद सदर के अनुमंडल पुलिस पुदाधिकारी-2, के नेतृत्व में रफीगंज थानाध्यक्ष सहित पुलिस पदाधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं एसटीएफ के साथ एक एसआईटी टीम गठित की थी। गठित टीम वारदात को अंजाम देने वाले नक्सलियों के पीछे हाथ धोकर पड़ी थी और पुलिस से बचनें के लिए वें लगातार ठिकाना बदल रहे थे।

गिरफ्तार एरिया कमांडर ने पुलिस के समक्ष सहयोगियों के साथ मिलकर पोगर में ईंट भट्ठा पर जेसीबी फूंकने समेत अन्य मामलों में संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही उसने संगठन में सक्रिय अपने साथियों के भी नाम बताएं है। बिहारी नक्सली संगठन के लिए लंबे समय से काम कर रहा था और संगठन में उसे गोह के एरिया कमांडर की जिम्मेंवारी थी। वह संगठन के लिए फंड की व्यवस्था करने, अपने क्षेत्र में स्थित ईंट भट्ठों, सड़क निर्माण कंपनी एवं अन्य निर्माण कंपनियों से लेवी वसूली करता था। बिहारी और उसके दस्तें द्वारा पोगर स्थित ईंट भट्ठें के मालिक से लेवी की मांग की जा रही थी परंतु भट्ठा मालिक द्वारा लेवी नही दिया जा रहा था। इसी कारण बिहारी ने क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए ईंट भट्ठें के मालिक सत्येंद्र यादव एवं मैनेजर को उठाने की योजना बनाई थी ताकि लोग उसे आसानी से लेवी देने लगें। योजना के अनुसार ही बिहारी ने 06 सहयोगियों के साथ ईंट भट्ठे पर धावा बोला था, जहां भट्ठा मालिक एवं मैनेजर के नहीं मिलने पर कर्मियों की पिटाई जेसीबी मशीन को जला दिया था। बिहारी ने यह भी स्वीकार किया कि संगठन का का सारा हथियार, कट्टा, बुलेट, एसएलआर आदि एक लाख के दूसरे ईनामी नक्सली सुभाष यादव के पास जमा रहता है। किसी कारवाई को अंजाम देने के पहले हथियार का वितरण किया जाता हैं।



#### बिहार-झारखंड के विभिन्न थानों में दर्ज है 17 मामले

गिरफ्तार एरिया कमांडर पर मदनपुर, गोह, रफीगंज, पौथू, गया मुफ्फसिल एवं झारखंड के कोडरमा थाना में कुल मिलाकर 17 मामले दर्ज हैं। पुलिस को नक्सली एरिया कमांडर बिहारी रवानी की गोह थाना कांड सं-13/07, 61/12, 01/13, सलैया थाना कांड संख्या-31/13, 38/13, 13/14, रफीगंज थाना कांड संख्या-50/14, 216/24, झारखंड के कोडरमा जिले के सिरदल्ला थाना कांड संख्या-264/16, गया मुफ्फसिल थाना कांड संख्या-412/16, पौथू थाना कांड संख्या-18/24, एवं अन्य मामलों में अरसे से तलाश थी।

#### सरकार ने घोषित किया था एक लाख का ईनाम

13 जुलाई को राज्य सरकार के गृह विभाग के संकल्प के तहत औरंगाबाद के तीन मोस्ट वांटेड कुख्यात नक्सलियों के खिलाफ एक-एक लाख का ईनाम घोषित किया गया। ईनामी नक्सलियों में गोह थाना के जुझारपुर निवासी बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहारी जी उर्फ बिहारी चंद्रवंशी, काजी बिगहा निवासी सुभाष यादव एवं पहरपुरा निवासी बिंदेश्वरी पासवान उर्फ दुबे शामिल है। इन्ही में से एक और एक लाख के ईनामी नक्सली एरिया कमांडर और रफीगंज के पोगर में ईंट भट्ठे पर जेसीबी फूंकने के मामले में संलिप्त बिहारी रवानी उर्फ श्याम बिहारी चंद्रवंशी को एसआइटी टीम ने चंदौल के पास से धर दबोंचा।

#### पुलिस की छापेमारी टीम में ये रहे शामिल

नक्सली एरिया कमांडर को गिरफ्तार करने वाली पुलिस की टीम में औरंगाबाद के सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 अमित कुमार, रफीगंज थाना के पुलिस अवर निरीक्षक गुफरान अली, औरंगाबाद-गया की एसटीएफ टीम, औरंगाबाद की एआरजी टीम, सिपाही अमरजीत कुमार, अजीत कुमार एवं चालक गृहरक्षक पंकज पाल शामिल रहे।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



निज संवाददाता

**हसपुरा ( औरंगाबाद )।** मुहर्रम के त्योहार को सौहार्द के वातावरण में मनाने को लेकर हसपुरा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम, दाउदनगर के एसडीओ मनोज कुमार एवं एसडीपीओ कुमार ऋषिराज, ने जनप्रतिनिधियों और ताजिया कमेटी के खलीफाओं से मुहर्रम जुलूस और रुट की जानकारी ली। बैठक में एसपी ने कहा कि ताजिया जुलूस के लिए लाइसेंस अनिवार्य है। जूलूस में डीजे का इस्तेमाल नही होगा। हर गतिविधि पर पुलिस की पैनी नजर है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर है। जूलूस की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी। जुलूस के दौरान सभी खलीफा को अपना लाइसेंस साथ में रखना अनिवार्य होगा। ताजिया कमिटी के वॉलंटियर्स जुलूस की विशेष निगरानी करेंगे। कमेटी को वॉलंटियर चयनित कर थाने में उनका नाम भी देना है। वॉलंटियर को थाने से परिचय पत्र निर्गत किया जाएगा। डीजे पर पूर्णरूप से प्रतिबंध रहेगा। अब तक जुलूस के लिए 38 आवेदन प्राप्त हुए है। साथ ही चौड़ी जगह देखकर ही कोई भी करतब और खेल दिखाएंगे। ट्रैफिक जाम न हो, इसका वॉलंटियर्स को ख्याल रखना है। जुलूस में नुकीला हथियार नही रखना है। मोहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीकें से संपन्न हो इसके लिए चयनित स्थानों पर पुलिस प्रतिनियुक्त किए गए है। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रहेगी। बैठक में हसपुरा की अंचलाधिकारी कौशल्या कुमारी, थानाध्यक्ष नरोत्तम, उप प्रमुख सत्येंद्र चौधरी, अमझर शरीफ पैक्स अध्यक्ष राकेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि ओम प्रकाश चौधरी, मुखिया संतोष कुमार, सत्येंद्र पासवान, कोईलवा ताजिया कमेटी के खलीफा अब्दुल अजीज, बिजली विभाग के जेई प्रकाशचंद्र, राजू कुमार सहित प्रखंड ताजिया कमेटी के खलीफा मौजूद रहे।

# आहर के पास युवक से छिनतई, प्राथमिकी दर्ज

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में बद्दोपुर खनुआ आहर के पास पैसा छिनतई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। गया जिला के आंती थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव निवासी सूचित यादव ने औरवां गांव के रामजीवन पासवान को नामजद एवं दो अज्ञात को आरोपी बनाया। प्राथमिकी में उल्लेख किया कि मैं रेलवे लाइन में ठेकेदारी का काम करता हूं। अनुग्रह नारायण रोड से काम करके 13 दिन का हाजिरी का पैसा 5200 रुपए लेकर पैसेजर ट्रेन से रफीगंज 6 बजे शाम को उतरे। घर का सामान खरीद कर ऑटो से बद्दोपुर स्कूल के पास गये।वहां से पैदल अपने गांव जा रहा था।कि बदोपुर से लगभग एक किलोमीटर उत्तर खनुआ आहर मोड़ पर तीन आदमी बैठा था। जब मैं वहां पहुंचा तो मुझे बोला रुक जाओ और दौड़ कर मुझे पकड़ लिया। उसमें से एक आदमी चाकु और दो आदमी बांस का डंडा लिए हुए था। सभी लोग मुंह पर गमछा बांधे थे। एक आदमी मुझे पीछे से डंडा से सर पर मार दिया। और एक आदमी मेरा पॉकेट से पैसा निकाल लिया। उसने मेरा शरीर टटोला, जिसमें एक व्यक्ति औरवां गांव के रामजीवन पासवान को मैं पहचान लिया। दो व्यक्ति को नहीं पहचान सका। पैसा छीनने के बाद मुझे ताड़ के पेड़ के पास धक्का दे दिया। धमकी देते हुए कहा कि किसी को कुछ नहीं बताना। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी को पकड़ने के लिए छापामारी अभियान जा रहा है।

# दो सड़क हादसों में तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में रविवार रात दो जगह पर अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना नगर थाना क्षेत्र के कामा बीघा मोड़ के समीप की है। बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों युवकों को घायल अवस्था में राहगीरों ने औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। राहगीरों ने बताया कि कामाबिगहा के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। घायलों की पहचान अंजनिया गांव निवासी राकेश कुमार और दूसरा घायल राकेश का परिजन है। बेहोशी अवस्था में रहने के कारण नाम नहीं पता चला।

दूसरी घटना बारुण थाना क्षेत्र की जोगिया मोड़ के समीप की है जहां दो बाइक की टक्कर में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने डायल 112 नंबर पर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भर्ती करवाया। घायल की पहचान शिवनाथ पर निवासी छोटू कुमार के रूप में की गई है।

मत्स्य पालन के क्षेत्र मे युवाओं का प्रेरणास्रोत बने मदन चौधरी

# रफीगंज में मछली बिचड़ा का उत्पादन किया आरंभ

निज संवाददाता



**रफीगंज(औरंगाबाद)।** मछली बच्चा उत्पादन के लिए हैचरी का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। वार्ड पार्षद 16 के मदन चौधरी ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजना का राज्य से बाहर प्रशिक्षण प्राप्त कर आये लोगों के सहयोग से विभाग के पदाधिकारी अजय कुमार चौधरी के देखरेख में निजी लागत से आरबीआर उच्च विद्यालय के पीछे मछली हैचरी का निर्माण किया।उत्पादन कर्ता मदन चौधरी ने बताया कि मछली बिचडा उत्पादन के लिए औरंगाबाद से दर्जनों लोग उडीसा के भुवनेश्वर प्रशिक्षण लेने गये थे। उनके सहयोग से बिना कोई आर्थिक सहायता लिये का मछली का बच्चा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपना रोजगार है ही। लेकिन अब मत्स्य पालकों को मछली बच्चा के लिए बाहर नही जाना पडेगा। कम कीमत में ही रफीगंज में मिलेगा।

# छत से गिरा ईंट, युवक घायल, रेफर

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद में घर के बहार खड़े छात्र के ऊपर से ईंट गिरने से रविवार की दोपहर 2 बजे के आसपास छात्र घायल हो गया। घायल के परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। घायल की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के प्रितपुर गांव निवासी प्रमोद राम के बेटे शनि कुमार( 17 ) के रूप में की गई है। घायल सनी कुमार के चाचा शाम 4 के आसपास सदर अस्पताल में इलाज के दौरान बताया कि सनी कुमार घर के बाहर दरवाजा पर खड़ा था। तभी एक ईंट घर के ऊपर से गिर गया जिससे वह जख्मी हो गया। घायल की मां ने बताया कि घर में कपड़ा सुखाने के लिए कपड़ा उड़ न जाए इसलिए ईंट से जाप कर कपड़ा रखते थे। अचानक शनि के सिर ईंट गिर गया। इससे सनी घायल हो गया। आनन-फानन में हमलोगों ने वरुण के एक निजी अस्पताल में लेकर गए। जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज कर रहे हैं। डॉक्टर ने बताया कि घायल के सिर में चोट है, इलाज अभी जारी है। घायल के पिता प्रमोद राम बाहर रखकर मजदूरी का काम करते हैं। घायल सनी टेंगरा उच्च विद्यालय में कक्षा नवमी का छात्र है।

# छात्राओं के साथ छेड़खानी करने वाले शिक्षक को अभिभावक एवं ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

निज संवाददाता



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** एक कलियुगी गुरू द्वारा गुरू-शिष्य के रिश्तों को शर्मसार और तार-तार करने वाला सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना औरंगाबाद के नबीनगर प्रखंड के टंडवा थाना क्षेत्र में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पश्चिमी की है। छात्राओं का आरोप है कि टीचर उनके साथ बैड टच और अश्लील हरकत करता है। छात्रओं के इस गंभीर आरोप की जानकारी होते ही सोमवार को अभिभावक और स्थानीय नागरिक आक्रोशित हो गए। आक्रोशितों ने विद्यालय में जमकर हंगामा किया। छात्राओं ने भी नारेबाजी की। आक्रोशितों के हंगामें से मौके अफरा तफरी मच गई। मामले की जानकारी मिलते ही आनन-फानन में टंडवा थाना की पुलिस आनन-फानन में मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। आरोपी शिक्षक मनोज कुमार प्रजापति टंडवा थाना क्षेत्र के ही शेखपुरा गांव का निवासी है। इसी शिक्षक पर विद्यालय की वाली चार छात्राओं ने अश्लील हरकत और बैड टच करने का आरोप लगाया हैं।छात्राओं द्वारा अभिभावकों को इसकी जानकारी दिए जाने के बाद ही यह हंगामा हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी स्कूल में जमा हो गए और जमकर हंगामा किया। हंगामें की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को बीच-बचाव कर मामले को शांत कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आक्रोशितों को शांत कराने के बाद पुलिस आरोपी टीचर को हिरासत में लेकर टंडवा थाना ले गई। मामले में टंडवा थानाध्यक्ष रामजी प्रसाद ने बताया कि स्कूल के एक टीचर द्वारा छात्राओं के साथ बैड टच की शिकायत मिली है। इसे लेकर लोगों के हंगामें के बाद आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अभिभावकों से शिकायत आवेदन मिलने के पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वही ग्रामीण पूनम दीक्षित, सत्येंद्र भगत, मनोज तिवारी एवं सीता राम तिवारी आदि ने बताया कि विद्यालय में पढने वाली चार छात्राओं के साथ विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार प्रजापति द्वारा अश्लील हरकत किया जाता था। जब हमलोगों ने इस बारे में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सीताराम पासवान से शिकायत की तो उन्होने मामले को दबाने के लिए कहा कि छात्रा का मन होगा तभी न ऐसा हुआ है। ग्रामीणो ने कहा कि प्रधानाध्यापक ने . मामले को दबाने का भरपुर प्रयास किया। यहां तक कहा कि यह बात लोगों के सामने जाएगी तो आप लोगों की भी शिकायत होगी। मामले को यही रफा दफा कर दीजिए। उन्होने कहा कि दो माह पूर्व में भी विद्यालय में यह मामला घटित हुआ था। इसके बाद समझा-बुझाकर मामला को शांत कराया गया था।इसके बाद पुनः यह घटना हुई है।ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षक का इस तरह का कृत अशोभनीय है। सभ्य समाज के लिए यह घटना कलंकित करने वाली है।

### हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में याचिकाकर्ता ने एसपी को दिया आवेदन



**कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** पटना उच्च न्यायालय ने गड़बडी के आरोप में औरंगाबाद के कुटुम्बा प्रखंड के परता पंचायत के मुखिया श्याम बिहारी राय के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गैरकानूनी तरीके से अर्जित चल-अचल संपत्ति की जांच करने के आदेश के आलोक में याचिका दायर करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता आलोक कुमार ने मामले में एसपी से त्वरित कार्रवाई की गुहार लगाई है। इसे लेकर आलोक ने एसपी को एक इमेल भेजा है। कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार मुझे आगे की कार्रवाई के लिए आपके पास आवेदन देना है। इसी के तहत मैं यह आवेदन दे रहा हूं। आवेदन में मुखिया के कृत्यों की विस्तार से जानकारी दी गई हैं। साथ ही मामले की त्वरित जांच कराने की मांग की है।

# पीएम उषा अभियान के तहत बिहार को 600 करोड़ रुपए देगी मोदी सरकार

निज संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री उच्च शिक्षा अभियान (पीएम उषा) को बिहार में लागू करने के प्रस्ताव को नीतीश कुमार कैबिनेट की मंजूरी के साथ ही राज्य को उच्च शिक्षा के विकास में केंद्र से अगले दो सालों में 600 करोड़ रुपए मिलने का रास्ता साफ हो गया है। पीएम उषा को राष्ट्रीय स्तर पर जून, 2023 में ही शुरू किया गया था लेकिन इसे बिहार में अब स्वीकृति मिली है। पीएम उषा के तहत राज्य के विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों में आधारभूत संरचना, शिक्षण व्यवस्था, शोध, प्रशिक्षण आदि के विकास के लिए आर्थिक मदद मिलेगी। इसके तहत खर्च की राशि में केंद्र और राज्य का हिस्सा 60 और 40 फीसदी के अनुपात में होगा। पीएम उषा के तहत राज्य सरकार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों को लागू करना है। उच्च शिक्षा के संस्थानों में आधारभूत संरचना के विकास, परीक्षा प्रणाली में सुधार आदि पीएम उषा के मुख्य उद्देश्य हैं। राज्यों में रोजगार क्षमता बढ़ाना भी इस अभियान का मकसद है।

उच्च शिक्षा के विकास के लिए राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) को नये रूप में जून, 2023 में पीएम उषा के नाम से लागू किया गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत रूसा की जगह पीएम उषा लागू हुआ है। अभियान के लिए राज्यों में राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद का गठन किया गया है। परिषद के माध्यम से रूसा के तहत राज्यों को आर्थिक मदद मिल रही थी। रूसा का दूसरा चरण 2018 में लागू हुआ। इन दोनों चरणों में मिलने वाली राशि में बिहार का 62 करोड़ का हिस्सा बकाया है। उषा कार्यक्रम लागू नहीं होने के कारण यह बकाया राशि केंद्र से नहीं मिल रही थी।

बिहार सरकार अब बकाया राशि की मांग राज्य उच्च शिक्षा परिषद के माध्यम से करेगी। पीएम उषा विभिन्न राज्यों में वित्तीय वर्ष 2023-24 में ही लागू हो गया था। बिहार में यह देरी से इस साल लागू हो रहा है। योजना के तहत बिहार के 19 जिलों के कॉलेजों को विशेष मदद मिलेगी। पीएम उषा के तहत बिहार के 19 जिलों के कॉलेजों को मदद का प्रस्ताव है। इन जिलों में मधेपुरा, गया, किशनगंज, पूर्णियां, जमुई, औरंगाबाद, मुंगेर, लखीसराय, खगड़िया, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, सुपौल और अररिया शामिल हैं।

### औद्योगिक व व्यवसायी संगठनों ने राज्य के लिए मांगा विशेष दर्जा

**पटना(नि.सं.)।** राज्य के तेज विकास के लिए आगामी बजट में औद्योगिक और व्यवसायी संगठनों ने विशेष आर्थिक पैकेज और विशेष राज्य के दर्जे की मांग की है। इस संबंध में बिहार औद्योगिक संघ (बीआईए) और बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (बीसीसीआई) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर संगठन के बजट पूर्व मांग से अवगत कराया है। बीआईए ने अपने पत्र में राज्य के विकास के लिए 50 हजार करोड़ रुपये का विशेष आर्थिक वार्षिक सहायता, अगले दस सालों के लिए मांगा है। पत्र में राज्य के विकास के लिए लंबी अवधि के लिए ब्याज मुक्त कर्ज की मांग भी की गई है। औद्योगिक निवेश और औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए पिछड़े जिलों में आयकर इन्सेंटिव प्रदान करने, अमृतसर-दिल्ली-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर में औद्योगिक क्षेत्र में जमीन अधिग्रहण के लिए फंड की व्यवस्था करने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि बिहार में पांच से छह औद्योगिक टाउनशिप की आवश्यकता है। यहां पांच स्मार्ट सिटी के अलावा अन्य शहरों को भी स्मार्ट सिटी में शामिल किया जाए। शहर के विकास के लिए तीन सौ करोड़ रुपये प्रति वर्ष दी जाए।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक
प्रकाशन के गौरवपूर्ण 25 वर्ष रजत जयंती
आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगें.
प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433